RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 8102020599 0
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 170 | ग्वालियर शुक्रवार 31 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर घायल श्रद्धालुओं से मिलने एसआरएन अस्पताल पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी

**एक-एक घायल से मिलकर जाना उनका हाल, डॉक्टर्स को समुचित चिकित्सा उपलब्ध कराने के निर्देश**

### मुख्य सचिव ने कहा - अस्पताल में घायल तीर्थयात्रियों का रखा जा रहा पूरा ध्यान, इलाज में नहीं होगी कोई कमी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव





**महाकुम्भ नगर, 30 जनवरी।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार गुरुवार को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल भी पहुंचे, जहां बुधवार को मौनी अमावस्या अमृत स्नान के दौरान संगम नोज पर घटी घटना के घायलों को भर्ती कराया गया है। यहां मुख्य सचिव और डीजीपी ने घायलों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। प्रदेश के दोनों शीर्ष अधिकारी एक-एक घायल के पास गए और उन्हें मिल रहे उपचार के विषय में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने डॉक्टर्स को इलाज में किसी तरह की कमी नहीं रखने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप अस्पताल में घायल तीर्थयात्रियों का समुचित इलाज किया जा रहा है और पूरा प्रशासन उनकी देखरेख में जुटा हुआ है।

**कोई भी मरीज गंभीर नहीं :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती सभी श्रद्धालुओं को समुचित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। अस्पताल प्रशासन पूरी तत्परता से सभी मरीजों की देखभाल कर रहा है। मरीजों के साथ आए परिजनों और श्रद्धालुओं के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। सभी मरीजों के परिवारजनों को सूचना दे दी गई है और अधिकांश परिजन अस्पताल पहुंच चुके हैं। राहत की बात यह है कि कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। हालांकि, कुछ मरीजों को फ्रैक्चर जैसी चोटें आई हैं, जिनके पूर्ण रूप से स्वस्थ होने में 3 से 4 सप्ताह तक का समय लग सकता है। सरकार एवं अस्पताल प्रशासन मरीजों की देखभाल के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल पहुंचे बया और सोनाखान में स्कूली बच्चों के पास

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** जिले में 35वां सडक सुरक्षा माह अभियान कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में 30 जनवरी को यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बया एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा स्कूल के बच्चों उपस्थित ग्रामीणों एवं शिक्षकों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं स्कूल के बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है इस बारे में उनके द्वारा विस्तार पूर्वक समझाया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्रों को बताया गया कि यदि वाहन को नियंत्रित गति से चलाएं और यातायात नियमों का पूरी मजबूती के साथ पालन करें तो सड़क हादसों पर काफी हद तक अंकुश पाया जा सकता है। युवाओं की जिम्मेदारी है कि सडक हादसों पर रोक लाने के लिए न सिर्फ स्वयं जागरूक हो बल्कि दूसरों को भी जागरूक करें। वाहन चलाते समय तनिक सी लापरवाही सड़क हादसे को न्यौता देती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप सभी यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाने वाले व्यक्ति हेलमेट लगाएं और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाए। यातायात नियमों के पालन से दुर्घटना की संभावना लगभग न के बराबर होती है। यातायात के नियमों के पालन से वाहन चालक खुद के साथ दूसरों की भी जिदगियां बचा सकते हैं। सुरक्षा के लिहाज से यातायात के नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।

## नगर पंचायत की जमीन से किया अबैध खनन

**चैयरमैन श्याम विहारी भोजवाल ने खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई की बात कही**

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो
पीलीभीत



पीलीभीत-बरखेड़ा। राजकीय आई टी आई बरखेड़ा में हो रहे आवासीय भवन के निर्माण से सैकड़ो नगर वासियों का रास्ता बंद होने पर विरोध प्रदर्शन किया गया।मौके पर पहुचे नगर पँचायत अध्यक्ष एवं राजस्व विभाग के अधिकारी सीमांकन होने तक निर्माण कार्य कार्य को रुकबा दिया।

प्रधानाचार्य ब ठेकेदार एक दूसरे पर काम करबाने को जिम्मेदार बताया । कस्बा के वार्ड नं 2 में राजकीय आई टी आई कालेज के आवासीय भवनों का निर्माण कार्य चल रहा हैं जिसमे ठेकेदार पर आरोप लगाया हैं कि निर्माण कार्य नियम के विरुद्ध हो रहा हैं ,आवासीय कमरों के पीछे नगर के लोगो के खेत एवं नगर पंचायत की जमीन हैं जिसमे से ठेकेदार के लोगों ने नगर पंचायत की जमीन से अबैध खनन कर मिट्टी को कैंपस के अंदर डाल लिया आरोप यह भी हैं कि जिससे इन लोगों का रास्ता बंद कर दिया गया हैं ,सूचना पर पहुचे नगर पंचायत अध्यक्ष श्यामविहारी भोजवाल ने काम को तत्काल रुकबा कर ठेकेदार एवं प्रिंसिपल पर आरोप लगाया कि विना अनुमति के ठेकेदार ने नगर पंचायत की जमीन से मिट्टी का अबैध खनन कर बाउंड्री बाल के अंदर मिट्टी को डाल दिया हैं जिस कारण राजस्व विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर पैमाइश कराने की सिफारिश कर जांच कराने की मांग की हैं। अबैध तरीके से मिट्टी खनन की शिकायत ठेकेदार के खिलाफ की जा रही हैं।

राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार वीरपाल ने बताया कि नगर वासियों एवं नगर पंचायत चैयरमैन द्वारा शिकायत पर मौके का निरीक्षण किया गया काम को रुकबा दिया गया हैं कल टीम द्वारा सीमांकन किया जाएगा जो स्थिति आएगी उसी के अनुसार कार्यबाही की जायेगी। आई टी आई कालेज के प्रधानचार्य गुंजन गुप्ता ने बताया कि सारा निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा हैं ,मुझसे कोई मतलब नही है। पूछे जाने पर ठेकेदार ने बताया कि सारा काम प्रिंसिपल द्वारा बताने पर करबाया जा रहा हैं।मुझे लिखित में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के अधिशासी अभियंता द्वारा दिया गया हैं।

विरोध करने बालो में पूर्व सभासद आनन्द कश्यप ,सतीश कश्यप, रामचरन कश्यप, रामाशंकर, पप्पू कश्यप तिलकराम, सेवाराम,वीर सिंह मौर्य , रमेश मौर्य,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## अज्ञात कारण वश लड़की ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सूरज जायसवाल

महंगई/विकासखंड प्रेम नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत महंगई में एक 18 वर्षीय लड़की ने अज्ञात कारण वश फांसी लगाकर की खुदकुशी जिसकी पहचान रंगेली सिंह पिता बेगू सिंह निवासी ग्राम पंचायत महंगई की है मौके पर पहुंचे पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

## पुलिस ने बाइक चालकों को किया हेलमेट वितरण

### 150 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
सूरज जायसवाल

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतों व एसडीओपी नरेंद्र पुजारी के मार्गदर्शन में प्रेमनगर थाना प्रभारी जेएस कवर व तारा चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी के उपस्थिति में शिवनगर में 36 वा सड़क सुरक्षा माह के तहत बाइक चालकों को 40 नग हेलमेट वितरण व 150 राहगीरों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा के सहयोग से राहगीरों का नेत्र बीपी, शुगर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसी दौरान नेत्र परीक्षण कर बाइक चालकों को चश्मा एवं दवाई भी उपलब्ध कराई गई। इस विशेष अभियान में हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया।

इस अभियान में यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए हेलमेट एवं पंपलेट वितरण किया। जेएस कवर एवं अन्य पुलिसकर्मियों के द्वारा चालकों को हेलमेट पहना, पंपलेट के जरिए यातायात नियमों का पालन करने की समझाइए दी गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने यातायात नियमों के संदेश को लेकर पंपलेट के जरिए सड़क हादसों से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी। चालको को यातायात के नियमों का विशेष रूप से पालन करने का संदेश दिया। इससे अपने साथ-साथ सामने वाले व्यक्ति को भी दुर्घटना से बचा सकते हैं। उन्होंने लोगों को पंपलेट देकर कहा कि दो पहिया वाहन चालक व सहयात्री हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाए, तेज हॉर्न का प्रयोग बिल्कुल न करें। शराब वह अन्य नशा कर गाड़ी न चलाये। सड़क पर चलते समय एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाड़ी व इमरजेंसी गाड़ियों को रास्ता दें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करे। वाहनों का रजिस्ट्रेशन, बिमा, लायसेंस होना आवश्यक है। वाहन चलाते समय अपने दिशा पर चलना चाहिए। बच्चों को वाहन नही देना चाहिए। इस दौरान प्रेम नगर थाना प्रभारी जेएस कंवर, उप निरीक्षक मनोज सिंह चौकी प्रभारी तारा संजय गोस्वामी लालचंद कुजूर, आर.यादव उपस्थित रहे।

## औरंगाबाद थाना क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
विक्रम बाली

**बुलन्दशहर** --- बुलंदशहर में औरंगाबाद थाना क्षेत्र में वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास नाकाम हो गया। खाजपुर गांव में सैकड़ो बीघा जमीन पर जंगल है जहां कुछ भूमाफिया जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। यह सरकारी जमीन वन विभाग के अंतर्गत आती है। इस जमीन पर अवैध कब्जे की सूचना मिलते ही वन विभाग के रेंजर अंकित अरोड़ा और दरोगा राजकुमार लखावटी ब्लॉक की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम को देखते ही भूमाफिया मौके से फरार हो गए।

टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। रेंजर अंकित अरोड़ा ने बताया कि आरोपियों को सख्त चेतावनी दी गई है रेंजर अंकित अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि यदि भूमाफियाओं के द्वारा फिर से ऐसा प्रयास किया गया, तो भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की जमीन की सुरक्षा के लिए नियमित निगरानी की जा रही है।

**कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 76 गणतंत्र दिवस समारोह :** कमासिन मुख्यालय में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक ने अपने सहायक अध्यापक दिनेश तिवारी और अनुदेशकों के सहयोग पर 76 गणतंत्र दिवस कार्यक्रम किया यही नहीं छात्राओं छात्र कांपी पेंशन जैसे महत्वपूर्ण सामग्री साथ मिष्ठान वितरण किया इस कार्यक्रम के दौरान राजेश कुमार खंड शिक्षा अधिकारी बच्चीलाल यादव ए आर पी सभी शिक्षिकायें स्टाप मौजूद रहे, जब से खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्य करना प्रारंभ किया क्षेत्र विद्यालयों का भ्रमण करते रहते हैं

## जिलाधिकारी जे.रीभा ने विकास भवन में विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से
राधेश्याम गुप्ता



बांदा- जिलाधिकारी जे0 रीभा ने विकास भवन में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया निरीक्षण में उन्होंने दिव्यांगजन विभाग कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कार्यालय के बाहर कम रोशनी एवं गन्दगी पाये जाने पर लाइट की समुचित व्यवस्था करने एवं सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला दिव्यांगजन अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय में आने वाले किसी भी दिव्यांग की समस्या को सुनते हुए उसका तत्काल निस्तारण किया जाए, उसे एक ही समस्या के लिए पुनः कार्यालय नही आना पडे। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, मनरेगा, आरईएस, डीसी मनरेगा कक्ष, एआर कॉपरेटिव, सहायक निदेशक रेशम एवं मत्स्य, जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय तथा अन्य कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनके द्वारा किये जा रहे विभागीय कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रातः 10 बजे से कार्यलय में समय से उपस्थित रहे अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक रेशम, सहायक निदेशक मत्स्य, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के एई, जेई सहित दुग्ध विकास अधिकारी, एक्सियन जलनिगम, युवा कल्याण अधिकारी सहित अधिकारी अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं उनके विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि विकास भवन में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सभी जगह रखी जाए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को विकास भवन के शौचालयों की प्रतिदिन समुचित साफ सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने निर्देशित किया कि पुनः कार्यालय का निरीक्षण किया जायेगा, तब तक सभी व्यवस्थायें ठीक कर लें, अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने महिलाओं हेतु एक अलग महिला शौचालय बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने कार्यालय परिसर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई के साथ अभिलेखों का व्यवस्थित रख रखाव रखें। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन विभागों द्वारा आवश्यकता से अधिक कमरे ले रखे हैं, उन्हें खाली कराकर अन्य जरूरतमंद विभाग को उपलब्ध करायें।

निरीक्षण के दौरान डीएसओ, डीपीआरओ, डीसी मनरेगा, एआर कॉपरेटिव, डीसी एनआरएलएम व जिला समाज कल्याण एवं दिव्यांग कल्याण अधिकारी उपस्थित पाये गये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में 10 से 12 उपस्थित रहकर जन समस्याओं का निस्तारण अवश्य करें, जिससे कि लोगों को अनावश्यक परेशान न होना पडे। उन्होंने विकास भवन में बन्द पडी दुकानों में एनआरएलएम समूह के द्वारा संचालित किये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारीरामशंकर व पीडी डीआरडीए सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चौथे दिन भी दिखा सरपंच व पंच पद हेतु नामांकन फार्म खरीदने-जमा करने में उम्मीदवारों का रुचि



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
सूरज जायसवाल

महंगई/ भैयाथान विकासखण्ड के जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले बतरा, खोपा व अन्य सेक्टरों में पंचायत चुनाव में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों ने खरीदना एवं जमा करना प्रारंभ कर दिया है। बता दे की बीते चार दिनों में बतरा सेक्टर में 179 सरपंच-पंच का नामांकन फार्म एवं खोपा सेक्टर में 72 पंच एवं 17 सरपंच उम्मीदवारों ने फार्म खरीदा है। पंचायत चुनाव फॉर्म लेने की प्रक्रिया और जमा करने की तिथि 3 फरवरी को निर्धारित की गई है। वापस लेने की तिथि 6 फरवरी तक की गई है। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी ज्ञानेश मिश्रा ने बताया कि भैयाथान जनपद के अंतर्गत आने वाले बतरा सेक्टर के ग्राम पंचायत राई, बतरा, चुनगड़ी, लक्ष्मीपुर, तेलगाव, करसु, सोनपुर के लिए सरपंच-पंच पद के लिए फॉर्म बिकना एवं जमा भी होना प्रारंभ हो गया है। पहले दिन से सरपंच-पंच का फॉर्म बिक चुके हैं वहीं और भी पंच और सरपंच के फॉर्म बिकना है। उम्मीदवारों के द्वारा फॉर्म जमा करने का भी सिलसिला चल रहा है। नामांकन फॉर्म में बतरा सेक्टर में हल्का पटवारी राजीव लोचन, सचिव हुकुम साय, रामवृक्ष सोनी, रघुवीर जायसवाल, मोहन शर्मा, धनेश्वर सिंह व अन्य रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाई गई है।

**करंजी पुलिस ने संभाली सुरक्षा की कमान :** करंजी चौकी क्षेत्र के बतरा और खोपा में नामांकन कक्ष से लेकर बाहर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकी प्रभारी संतोष सिंह में नेतृत्व में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस के द्वारा नामांकन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की है। नामांकन कक्ष एवं बाहर में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नामांकन से जुड़े लोगों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। किसी को भी अंदर प्रवेश से पहले पूछताछ के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को किला विद्यालय के रासेयो छात्र-छात्राओं ने नशा निषेध संकल्प दिवस के रूप में मनाया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**अम्बाह।** दिनांक 30 जनवरी 2025 को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह की रासेयो इकाइयों द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को नशा निषेध संकल्प दिवस के रूप में मनाया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर विद्यालय में एक नशा निषेध संगोष्ठी आयोजित की गई कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य नरेंद्र अवस्थी एवं विद्यालय के वरिष्ठ गणक विनोद शर्मा जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की ततपश्चात रासेयो के एक



सैकड़ा छात्र-छात्राओं ने बैनर व तखती लेकर एक वृहद रैली के माध्यम से नशा निषेध जागरूकता रैली निकाली जिसे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह के प्राचार्य एवं रासेयो संरक्षक श्री नरेंद्र अवस्थी जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रैली कार्यक्रम अधिकारी शिवदत्त शर्मा के नेतृत्व में नशा नाश की जड़ है नशा न करियो भाई नारों के माध्यम से जन जागरण का अलख जगाते हुए किला बस्ती तालाब रोड प्राचीन हनुमान मंदिर से होती हुई विद्यालय में संपन्न हुई सभी छात्र-छात्राओं ने तखती व बैनर के माध्यम से नशा के दुष्परिणाम बताकर जनता को नशा न करने का संकल्प दिलाया कार्यक्रम में द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी रवि शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज युवा पीढ़ी अत्यधिक नशे का शिकार होती जा रही है नशा की प्रवृत्ति दिन प्रतिदिन बढ़ने से परिवार के परिवार तबाह होते जा रहे हैं अतः हम सब का यह परमदायित्व है कि हम अपने समाज को और युवाओं को नशा के दुष्परिणाम बताकर उन्हें नशा से दूर रहने का प्रयास करें शारीरिक स्वस्थता व निरोगिता के लिए सभी प्रकार के नशा से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है

कार्यक्रम के अंत में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी शिवदत्त शर्मा ने सभी विद्यलयीन छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ गणक विनोद शर्मा जी शिक्षक करण सिंह जैन मदन मोहन शर्मा शिवराम शर्मा ओपी शर्मा प्रभात पाठक संजय शर्मा राजीव तोमर शिक्षिका अनुराधा शर्मा संगीता कुशवाहा सहयोगी अभिषेक माहौर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय श्री मोहर सिंह सेंगर की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र मुनेश सिंह सेंगर, दिनेश सिंह सेंगर ने काव्य गोष्ठी का आयोजन किया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अम्बाह।** आदरणीय स्वर्गीय श्री मोहर सिंह सेंगर जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर परउनके सपुत्र मुनेश सिंह सेंगर,दिनेश सिंह सेंगर के निवास स्थल पे काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कवि राम निवास शर्मा द्वारा की गई वहीं काव्य गोष्ठी में संचालन का दायित्व निभा रहे कवि डॉ.शशि बल्लभ शर्मा ने मां शारदे की वंदना मां शारदे सुन आज मेरी मैं खड़ा हूं द्वारा पे गाकर काव्य गोष्ठी की शुरुआत की। इसी क्रम में नवांकुर कवियित्री सुश्री प्रिया सेंगर ने नुपुर बजत स्वामिनी के करत है झंकार गाकर सभी श्रोताओं की वाह वाही लूटी। काव्य गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए डॉ.आकाश शर्मा ने श्री हनुमान वंदना पढ़ते हुए कहा। मुष्टिका मार संघारों दानव मानव के तुम प्राण उबारो,आन पड़े व्यवधान जो कोउ तो जाय के वो व्यवधान निवारो। ताप हरो हनुमान महा प्रभु संकट में आज दास तुम्हारो, दास की आस कपिश्वर एक ही दास की आस विनय स्वीकारो।। इन पंक्तियों को सभी श्रोताओं ने खूब सराहा और तालियां बजाई इसी क्रम में कवि अंजनी वशिष्ट ने कहा नही अब स्वर्ग से गंगा गिरेगी फिर जटाओं में,नही पत्थर ही तैरेंगे पुनः सागर की राहों में जिसकी सभी श्रोताओं ने जमकर तारीफ की और इसी बीच स्व श्री मोहर सिंह सेंगर के सपुत्र कवि दिनेश सिंह सेंगर ने अपने पिता को याद करते हुए मुक्तक पढ़ा - न आदर हो बुजुर्गों का वो घर श्मशान होता है, इन्हीं के पास जीवन का वो सारा ज्ञान होता है। किसी मंड़प में जो इनकी चरण रज ही पहुंच जाए, वहीं तीर्थ हैं दुनिया के वहीं भगवान् होता है पढ़कर पिताजी को काव्यंजलि दी काव्य गोष्ठी को अपने शिखर तक ले जाते हुए काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि राम निवास शर्मा ने अपनी कविता के माध्यम से समाज को एकता और सद्भावना का संदेश दिया श्रोताओं के रूप में काव्यांजलि में मुनेश सिंह सेंगर ,अनिल सिंह तोमर, राघवेंद्र शर्मा ,श्यामवीर सिंह चौहान,दीपक सिंह आदि समेत दर्जनों साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

## भाजपा ने गांधीजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी महानगर ग्वालियर ने आज गुरुवार को महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर फूलबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री विनय जैन, विनोद शर्मा, राजू पलैया, धर्मेंद्र राणा, राजेंद्र जैन, गौरव वाजपेई, महेश उमरैया, राहुल भदोरिया, रोहित भाटिया, अमित जैन ज्ञानेंद्र भदोरिया गौरव मिश्रा शैलू चौहान, विनोद अष्टैया, गब्बर जाटव, डालचंद वर्मा, भारत शाक्य, मुलायम सिंह यादव, बचौला गुर्जर, राजा खटीक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित गौ रक्षा संगठन प्रमुख सन्तोष चौहान ने गौशाला का किया निरीक्षण

## गौशाला के लिए नहीं मिला अनुदान स्वयं के खर्चे से संचालित कर रहे सामाजसेवी

### अनुदान न मिलने के कारण गौशाला में नहीं हो पा रहा चारे भुसे का पर्याप्त इंतजाम

**लहार।** विधानसभा के ग्राम वघावली पंचायत में स्थित शासकीय गौशाला को विगत तीन महा से समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह जादौन स्वयं के खर्चे से संचालित कर रहे हैं कुछ उन्हें जन सहयोग भी मिल जाता है वाघावली पंचायत ने विधीवत रुप से रामसाहय सिंह लोक कल्याण शिक्षा प्रसार समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह जादौन,को गौशाला हेनडऔवर की है उक्त गौशाला में लगभग 80 गौवंश आश्रय ले रहे हैं लेकिन शाशन द्वारा गौशाला को अभी तक कोई वजट स्वीकृत नहीं किया गया जिसके



चलते गो शाला में चारे भुसे के पर्याप्त इंतजाम नहीं है स्थानीय लोगों से मिली जानकारी अनुसार गौशाला में गायों की मौत भी हो रही है गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे मां गायत्री गौ रक्षा संगठन संस्थापक संतोष चौहान ने गौशाला संचालक धर्मेंद्र जादौन से गौशाला की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि हम गायों के चारे पानी रखरखाव की अच्छी व्यवस्था के लिए पूरी तरह से प्रयासरत हैं हर संभव कोशिश कर रहे हैं लेकिन सरकारी बजट न मिलने के कारण हम पर्याप्त इंतजाम नहीं कर पा रहे हैं दुसरी ओर स्थानीय निवासी, अनिल यादव,का दावा है की गौशाला में आय दिन गायों की मौत होती रहती है और गौशाला के वहार डले गायों के शवों को शिकरी कुत्ते शिकार वनाते रहते हैं।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शासकीय महाविद्याल में दी श्रद्धांजलि

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

महात्मा गांधी जी की 77 भी पुण्यतिथि पर शासकीय महाविद्यालय लहार में स्थित गांधी स्मारक पर पहुंचकर यूवाओ ने श्रद्धांजलि अर्पित की 2 मिनट का मौन धारण कर बापू को याद किया कार्यक्रम के दौरान सौरभ सिंह राजावत, अजय जादौन, भूपेंद्र सिंह राजावत, सत्येंद्र वर्मा, प्रियांशु गोस्वामी, जितेंद्र कुशवाह,पवन राठौर, अंकित दोहरे, नौशाद अली एवं शासकीय महाविद्यालय का



समस्त स्टाफ उपस्थित रहा महात्मा गाँधी ने कहा था की अहिंसा सबसे बड़ी शक्ति है, यह किसी भी हथियार से अधिक प्रभावी है. कमजोर कभी क्षमा नहीं कर सकते, क्षमा करना बलवान की निशानी है. खुद को पाने का सबसे अच्छा तरीका है, खुद को दूसरों की सेवा में खो देना. धैर्य और सत्य के साथ चलें, जीत आपकी ही होगी।

# परिवार कल्याण केंद्र के द्वारा आयोजित किया गया पत्रकार सम्मान समारोह

अशोक सोनी, देनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** परिवार कल्याण केंद्र कंपू स्वास्थ्य के द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह एवं नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कपिल शर्मा डॉक्टर सुजाता बापट एवं समाजसेवी ओमप्रकाश सिकरवार उपस्थित रहे मंच से बोलते हुए पार्षद कपिल शर्मा के द्वारा समाजसेवी एवं डॉक्टर सुजाता बापट एवं गीता सूर्यवंशी जी के बारे में बतलाया कि उनके द्वारा समय-समय पर गरीबों को उचित उपचार निशुल्क दिया जाता है उनके उपचार के द्वारा कई मरीज स्वस्थ जीवन जी रहे हैं आज




हम उनके बीच उपस्थित हुआ हूं यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है वहीं मंच से डॉक्टर सुजाता बापट के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया एवं पत्रकारों गणों का सम्मान कर उनको नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की सम्मान समारोह में सम्मान प्राप्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार श्याम श्रीवास्तव दीपक शर्मा अशोक सोनी के सी रायपुरिया बृजेश चतुर्वेदी जितेंद्र पांडे गीता पांडे सागर शर्मा दिव्यानंद अर्गल बेताल कैन व अन्य पत्रकार साथियों का भी सम्मान किया गया इस कार्यक्रम में परिवार कल्याण केंद्र के सदस्यों के रूप में रूप से गीता सूर्यवंशी अनीता नागोरी कुसुम लता शाक्य मोनू बाथम सबलू खान रेखा संगीता विश्वकर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

## कै. राजमाता जी की जयंती पर कार्यकर्ताओं एवं संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविर सच्ची श्रद्धांजलि - पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल एवं भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़ के संयोजन में आज कै. राजमाता माधवीराजे जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों ने कै. माधवीराजे सिंधिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. आर.के.शर्मा, आरएमओ डॉ. आलोक पुरोहित, सहायक अस्पताल प्रबंधक डॉ. राजेश बिरथरिया एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अर्चना छारी ने विधिवत रूप से रक्तदान शिविर प्रारंभ




कराया। इस रक्तदान शिविर में 15 युनिट रक्तदान किया गया । इस मौके पर पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने कै. राजमाता जी की जयंती पर अपनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं रक्तदान के प्रति समाज में पहले की अपेक्षा लोगों में जागरूकता आई है, लेकिन हमें अभी और जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, हमारी रक्त एक-एक बूंद मरीज की जिंदगी बचाने के काम आ सकती है हमारा रक्तदान पीडित मरीज के लिए सबसे बडा पुनीत कार्य है।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जो न केवल दूसरों की जान बचाता है बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। अंत में सभी रक्तदाताओं को पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीश प्रताप सिंह राठौड़ एवं जिला हॉस्पीटल प्रबंधन के अधिकारियों ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर पार्षद बलवीर तोमर, बृजेश श्रीवास, जेपी मुद्गल, जितेंद्र कुशवाह, प्रवीण गुर्जर, राजकुमार दुबे, डॉ. सीबी शर्मा, अजीत तोमर, धर्मेंद्र राणा, भूपेंद्र बघेल, डी.के शर्मा, प्रशांत पाठक, नंदू चैहान, आनंद गुप्ता, मोहन सिंह, कल्लू भदौरिया, एचडी ओझा, नरेंद्र खत्री, सूरज लक्षकार, नीतेश भदौरिया आदि उपस्थित थे।

## शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट में दो मिनिट का मौन धारण किया गया

**मुरैना।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में गुरूवार को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद की उपस्थिति में 2 मिनिट का मौन रखा गया। शहीदों की स्मृति के सम्मान में सभी कार्य और गतिविधियां रोककर 2 मिनिट का मौन रखा गया। दो मिनिट का मौन शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर दी गई। जहाँ सायरन उपलब्ध नहीं था वहाँ कार्य विधि अपनाई गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री शुभम शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, अतिरिक्त जिला सीईओ श्री आरके गोस्वामी, आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर, अतिरिक्त जिला कोषालय अधिकारी श्री सूर्यवंशी सहित मत्स्य, भू-अभिलेख के अधिकारी तथा कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याण की भावना के साथ कार्य करें- श्री वर्मा

## हर सप्ताह अलग-अलग विभागों की होगी समीक्षा

**श्योपुर।** नवागत कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्टेउ्ट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक में अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि हम लोक सेवक है, शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याण की भावना के साथ कार्य करें तथा कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ प्रदान करें। उन्होने कहा कि मन में सेवा की भावना हो जो हमें बेहतर से बेहतर करने के लिए हमेशा ऊर्जा देती रहेगी। विभागीय योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जीवन को आसान बनाने में हमारी उत्कृष्ट भूमिका एवं दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगों के कल्याण के लिए सदैव कार्य करते रहे। उन्होने कहा कि आदिवासी विकासखण्ड कराहल में पीएम जनमन एवं धरती आबा अभियान के माध्यम से विशेष फोकस किया गया है। इसके अंतर्गत लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं एवं




सेवाएं प्रदान करने का कार्य किया जायें।

बैठक में डीएफओ कूनो श्री आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, प्रभारी एसडीएम श्योपुर श्री संजय जैन, कराहल श्री बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री वायएस तोमर एवं श्री विजय शाक्य सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। नवागत कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि वे आशा करते है कि श्योपुर जिले में सभी बेहतर कार्य कर रहे है, उनकी अपेक्षा है कि हम बेहतर से बढकर करेंगे, लोगों की संतुष्टि ही हमारे कार्य का मूल्यांकन है। आम आदमी के लिए ही हमारी उपयोगिता है और अच्छा होने की कसौंटी भी यही है कि हम अच्छा करने के बारे में कितना सोचते है। इसी क्रम में उन्होने कहा कि सभी विभाग अपनी कसौटी पर खरा उतरते हुए रैकिंग में टॉप पर स्थान बनायें। इसके साथ ही उन्होने बताया कि सप्ताह में अलग-अलग विभागों की बैठके आयोजित कर कार्यो की नियमित रूप से समीक्षा की जायेंगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रजेंटेशन तैयार करेंगें।

# महात्मा गांधी बापू जी की पुण्यतिथि अंबाह विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा सखवार धर्मशाला मनाई गई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर

**पोरसा।** शहर के बरगद चौराहे पर स्थित सखवार धर्मशाला मे कांग्रेस पार्टी से अंबाह विधानसभा विधायक देवेंद्र सखवार सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई, अंबाह विधानसभा के विधायक देवेंद्र सखवार के द्वारा बताया गया कि हमारे राष्टपिता महात्मा गांधी जी को बापू भी कहा जाता है,आज उनकी पुण्य तिथि है। आज हम सब पुन्य तिथि मना रहे है। ओर बापू के सिद्धांतों पर चलने को हम सब लोग प्रयास भी कर रहे है और चल रहे है। और आगे भी करेंगे, महात्मा गांधी बापू जी ने देश के लिए जो किया है जो शायद कोई नहीं कर सकता है। कई दिनों तक अनशन पर भूखे रह कर देश को आजादी दिलाई, और अग्रेजों से लड़ाई लड़ी और देश को आजादी दिलाई थी,आज हम सभी कॉग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा




सखवार धर्मशाला में महात्मा गांधी बापू जी की पुण्यतिथि मनाई गई, जिसमें हमारे कांग्रेस कार्यकर्ता पुण्य तिथि में शामिल हुए,काग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री मोनू सिंह तोमर ,राजू सिंह तोमर पूर्व सरपंच, किशोर तिवारी, कुलदीप सिंह तोमर, यूनिश खान पठान, माता दिन सखवार, विजय सिंह, बेनी राम जनपद सदस्य, बबलू रावत, राम लक्षिन,जबर सिंह ,हाकिम सिंह इकबाल खान, ज्ञानेंद्र ओझा, केदार सिंह, आदि शामिल हुए।

# राजस्थान सरकार ने 134 पीटीआई को बर्खास्त किया

## शिक्षा मंत्री बोले- दोषियों से वसूली होगी, सख्त कार्रवाई की जाएगी

**जयपुर।** भजनलाल सरकार ने PTI भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले 134 शारीरिक शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। गुरुवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया- पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुई क्क्षद्ध भर्ती में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इसमें जांच के बाद 134 पीटीआई को बर्खास्त कर दिया है। दोषियों से वसूली के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मदन दिलावर ने गुरुवार को जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- स्पेशल ऑपरेशन टीम ने हमें 243 शारीरिक शिक्षकों के खिलाफ रिपोर्ट दी थी। उन्होंने बताया था कि कांग्रेस सरकार के वक्त हुई पीटीआई भर्ती में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है। शिक्षा विभाग की ओर से की गई शुरुआती जांच के बाद हमने 134 शारीरिक शिक्षक,



जिन्हें नियुक्ति दे दी गई थी। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया है।

**33 अभ्यर्थी कोर्ट से स्टे लेकर आ चुके :** इसके साथ ही 243 में 19 ऐसे अभ्यर्थी थे, जिन्हें अपॉइंट ही नहीं किया गया था। 10 ने जॉइन नहीं किया था। जबकि 33 अभ्यर्थी कोर्ट से स्टे लेकर आ चुके हैं। इनके खिलाफ शिक्षा विभाग कोर्ट में लड़ाई लड़ेगा।

**शिक्षा विभाग के 5 कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया :** शिक्षा मंत्री ने बताया- शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक में शामिल ओम प्रकाश बिश्नोई को भी शिक्षा विभाग ने बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के पांच कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है, जबकि 30 को निलंबित किया गया है। जिनकी आगामी जांच की जा रही है। इसके साथ ही 47 पर नियम अनुसार कार्रवाई जारी है। दिलावर ने कहा- आने वाले समय में शिक्षा विभाग के अन्य शिक्षकों के खिलाफ भी जांच की जाएगी। इसमें पता किया जाएगा कि उन्होंने भी किसी तरह की फर्जी डिग्री या डिप्लोमा के आधार पर तो नौकरी हासिल नहीं की है। अगर उन्होंने ऐसा किया है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**243 अभ्यर्थियों ने फर्जी डिग्री और डॉक्युमेंट से नौकरी हासिल की थी:** साल 2022 में 5546 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इसमें 12वीं तक की पढ़ाई, शारीरिक शिक्षा में प्रमाण पत्र या डिप्लोमा की जरूरत थी। पीटीआई भर्ती में सफल अभ्यर्थियों की डिग्री और अन्य डॉक्युमेंट्स का वेरिफिकेशन किया गया। इसमें कई दस्तावेज फर्जी या मिस मैच पाए गए। चयनित 321 अभ्यर्थियों के दस्तावेज में विसंगतियां पाई गईं। जांच में यह भी पता चला कि कई ऐसे लोगों ने भी नौकरी हासिल कर ली थी, जिन्होंने केवल 8वीं तक की पढ़ाई की थी। 243 अभ्यर्थियों ने फर्जी डिग्री और दस्तावेजों के जरिए नियुक्ति हासिल की थी। इनकी लिस्ट शिक्षा विभाग को भेजी गई थी। इसके बाद अब शिक्षा विभाग ने 134 के खिलाफ कार्रवाई की है।



# शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रख दी गई श्रद्धांजलि



**सीधी।** अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को ठीक प्रातः 11 बजे से दो मिनट का मौन रखा गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सायरन बजते ही प्रातः 11 बजे से अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। इसके अलावा संपूर्ण जिले में दो मिनट के लिए गतिविधियां रोक कर जो व्यक्ति जहां भी रहे, उन्होंने वहां शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों का स्मरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीएम ने बापू को दी स्वरांजलि, बोले- उनके जीवन से मिलता विश्व शांति का मार्ग

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम हजरतगंज चौराहे पर स्थापित बापू की प्रतिमा पर पहुंचे थे। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। सीएम योगी भी बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिया। इसी के साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी को याद करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा स्वाधीनता आंदोलन के महानायक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन! श्रद्धेय बापू की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आइए, बापू के दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी नए भारत-विकसित भारत के निर्माण हेतु संकल्पित हों। सीएम योगी ने बच्चों के साथ स्वारांजलि में हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों 'रघुपति राघव राजाराम...', वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे...' जैसे गीतों को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया।

# यूपी बॉर्डर पर 22 घंटे के बाद शुरू हुआ परिचालन, सीएम मोहन यादव ने की कमिश्नर से बात

**रीवा।** प्रशासन ने अब धीरे-धीरे वाहनों को आगे बढ़ाने की अनुमति देनी शुरू कर दी है। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अब भी यातायात नियंत्रित किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस और यातायात विभाग पूरी तरह सतर्क है, ताकि स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य किया जा सके। माघ मेले और तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने रीवा-प्रयागराज सीमा को अस्थायी रूप से सील कर दिया था। 22 घंटे तक बंद रही सीमा को अब धीरे-धीरे खोला जा रहा है और गाड़ियों को नियंत्रित तरीके से आगे बढ़ने की अनुमति दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, माघ मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और प्रयागराज की ओर जाने वाले वाहनों की लंबी कतारों के कारण



रीवा-प्रयागराज बॉर्डर पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया था। स्थिति बिगड़ने से पहले प्रशासन ने एहतियातन सीमा को सील करने का निर्णय लिया, जिससे हजारों लोग फंसे रह गए। बॉर्डर पर फंसे यात्रियों ने खाने-पीने और ठहरने की असुविधाओं की शिकायत की। कई श्रद्धालु वाहन न चलने के कारण पैदल ही आगे बढ़ते नजर आए। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की ओर से लोगों को संयम बनाए रखने की अपील की गई। रीवा कमिश्नर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुधारने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण के लिए बेहतर प्रबंधन किया जाए, ताकि किसी को असुविधा न हो। प्रशासन ने अब धीरे-धीरे वाहनों को आगे बढ़ाने की अनुमति देनी शुरू कर दी है। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अब भी यातायात नियंत्रित किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस और यातायात विभाग पूरी तरह सतर्क है, ताकि स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य किया जा सके। साथ ही श्रद्धालुओं से भी अपील की गई है कि वे धैर्य बनाए रखें और प्रशासन द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करें, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं श्रद्धालुओं की मदद के लिए आसपास के गांव के लोग आगे आए और ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए पानी तथा खाने का भी इंतजाम किया था। इसके अलावा लोगों को सुरक्षित स्थान देने के लिए अस्थाई टेंट भी बनाकर आसपास के गांव और प्रशासन की टीम के सहयोग से यह किया।

### सहायक आयुक्त प्रेरणा उत्सव के नोडल अधिकारी होंगे

**सीधी।** स्वाधीनता संग्राम की अप्रतिम गोण्ड नायिका वीरांगना रानी दुर्गावती के 500वें जन्मवर्ष को ''प्रेरणा उत्सव'' के रूप में मनाये जाने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया था। जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स भोपाल के पत्र दिनांक 26.12.2024 के द्वारा प्रेरणा उत्सव सीधी जिले के कुसमी विकासखण्ड में दिनांक 01 फरवरी 2024 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। गतिविधि सायं 6 बजे से प्रारंभ होगी नृत्य-नाटिका की अवधि 1.30 मिनट की है। अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर उक्त उत्सव के सुचारू सम्पादन के लिये समन्वय एवं संवाद हेतु जिला प्रशासन की ओर से एस.एन. द्विवेदी प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जिला सीधी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पैरामेडिकल कॉलेजों में संचालित पाठ्यक्रमों की जांच दल में नीलेश कुमार शर्मा कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में नामांकित



**सीधी।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर पूर्व जारी आदेश दिनांक 27.11.2024 को निरस्त करते हुये जिले में संचालित पैरामेडिकल कॉलेजों में संचालित पाठ्यक्रमों/गतिविधियों की जांच हेतु जांच दल में नीलेश कुमार शर्मा, संयुक्त कलेक्टर जिला सीधी को कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया गया है। जांच दल में शामिल अन्य सदस्य यथावत रहेंगे। जांच दल द्वारा म.प्र. राजपत्र (असाधारण) चिकित्सा शिक्षा विभाग दिनांक 08 अक्टूबर 2021 में प्रकाशित म.प्र. राज्य में सह-चिकित्सीय शिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए विहत मानक तथा दिशा निर्देशानुसार पैरामेडिकल कॉलेजों का संचालन हो रहा या नही, के संबंध में संस्था का निरीक्षण कर नियत प्रारूप में निरीक्षण प्रतिवेदन सहपत्रों सहित आगामी 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# चेतन जादव केश शिल्पी बोर्ड के प्रतिनिधि बने

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक**

बड़ावदा। मध्य प्रदेश राज्य केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री नंदकिशोर वर्मा जी द्वारा एवं आलोट विधानसभा के विधायक श्री डाँ चिन्तामणि मालवीय के अनुशंसा पर नगर परिषद बडावदा मे केश शिल्पी बोर्ड के प्रतिनिधि चेतन जादव (सेन) को नियुक्त किए जाने पर ईत्र मित्रों ने बधाई दी



इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सोहनलाल सेन ,युवा मोर्चा बडावदा मण्डल अध्यक्ष सोरभ हिगड, प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के जिलाध्यक्ष ईश्वरलाल सेन न.प. विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र काकाणी, न.प.पुर्व उपाध्यक्ष संजय चावडा, महेश सोडाणी ,सुरेश चोधरी,मनोहर राठौड़ ,मनोहर तोषनीवाल, कृष्ण कुमार तोषनीवाल आदि ने जादव को बधाई दी एवं श्री नंदकिशोर वर्मा व विधायक श्री चिंतामणि मालवीय का आभार व्यक्त किया

# खेरापति मंदिर से निकलेगी विशाल चुनरी यात्रा

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा कलयुग में मां नर्मदा के पूजन अर्चन एवं धर्म के प्रति आस्था तेजी के साथ बढ़ती देखी जा रही है।दूर दूर से श्रद्धालु पैदल या सरें भरते हुए या फिर अपने अपने निजी साधनों से मां नर्मदा के पावन तटों पर पहुंचा करतें हैं। कलयुग में मां नर्मदा के दर्शन मात्र से जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। इस कारण वर्तमान समय में मां की कृपा और आस्था के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती जा रही है।इसी तारतम्य में नर्मदा जयंती के पावन पर्व पर समीपी ग्राम इमझिरा के प्रतिष्ठित खेरापति दरबार से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1100 सौ मीटर की चुनरी श्री रेवा सेवा समिति द्वारा विशाल चुनरी यात्रा निकाली जावेगी। जो ग्राम में भ्रमण करते हुए नर्मदा के पावन तट झिरी घाट के लिए प्रस्थान करेगी। मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर जन्मोत्सव में सभी श्रद्धालु शामिल होंगे। अभिषेक पूजन अर्चन के साथ चुनरी अर्पण करेंगे। साथ में दीपदान महाआरती एवं विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष शिवनारायण श्रीवास्तव ने सभी धार्मिक श्रद्धालुओं से इस यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है।

# 120 दिव्यांगजनों सहित वृद्धजनों का हुआ पंजीयन

**धनंजय वडसमुद्रकरजोशी छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान**

दिव्यांगों की सेवा में समर्पित सामाजिक संस्था आधार फाउंडेशन एवं सक्षम ने वृद्धजनों सहित दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकार वितरण हेतु पंजीयन शिविर लगाया जिसमे 120 जरूरतमंदों का पंजीयन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष डॉक्टर शेषराव यादव, विशेष अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर उपस्थित रही, वहीं सफल आयोजन की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने की।

जिनका आधार फाउंडेशन की संचालिका श्रीमती सरिता पांडे के साथ दिव्यांग बच्चों ने अभिनंदन कर उनका स्वागत किया। कार्यकम का संचालन सक्षम के जिला सह संयोजक इंजीनियर महेश किन्थ द्वारा किया गया। इस अवसर जबलपुर से भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एवं सामाजिक संस्था वृद्ध केयर दिल्ली की टीम भी विशेष रूप से उपस्थित रही और सभी का विधिवत पंजीयन किया।

सभी दिव्यांग एवं वृद्धजन जिनका पंजीयन हुआ उन्हें शीघ्र ही शिविर लगाकर



उपकरण वितरित किए जाएंगे। सभा के अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक राज जैन, सक्षम के महेश किंथ एवं आधार से सरिता पांडे द्वारा सभी वृद्धजनों सहित दिव्यांगजनों को मिष्ठान वितरित कर शुभकामनाएं दी।

*इनका मिला सहयोग : शिविर को सफल बनाने में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर के नरेंद्र कुमार, सुंदरम तिवारी, मोहितकुमार, अरविंद पाल सहित आधार फाउंडेशन की विशेष शिक्षक बिंदु यादव, सुमित्रा पवार, रश्मि विश्वकर्मा, अनीता भलावी, अर्पणा भारत, ममता सोनी, शकुंतला वर्मा, मीना सरेआम, सोनाली पवार, ज्योति चौकसे, सोनू ओकते, गोलू कुमार मेहरा, गोलू डहरिया, संध्या शर्मा, लक्ष्मी भालेराव, अनिल सोनी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

**ये उपकरण होंगे नि:शुल्क वितरण :** श्री जैन ने बताया कि आधार फाउंडेशन में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को नि.शुल्क सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु परीक्षण शिविर संपन्न हुआ जिसमें आधार एवं सक्षम ने वृद्ध केयर नई दिल्ली एवं एलमिको जबलपुर के साथ मिलकर एडिप एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए जीवन सहायक उपकरण निशुल्क प्रदाय करने हेतु परीक्षण शिविर आयोजित किया जिसमें पंजीकृत हुए पात्र व्यक्तियों को निशुल्क ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, कमोड चेयर, बैसाखी, एडीएल किट, श्रवण यंत्र, मोटर ट्राई साइकिल, मोबाइल आदि प्रदान किए जाएंगे।



# सहकारी बैंक किसानो की बैंक है यहाँ के कर्मचारी स्थानीय होने से हमें घर जैसे माहौल में मिलती है बैंकिग सुविधाएं- विधायक श्री सचिन बिरला

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**सनावद**-जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन का ग्राहक जागरूकता अभियान अंतर्गत बेड़िया में आयोजन संपन्न हुआ। बैंक की शाखा कानापुर, बैड़िया, सनावद, बडवाह, मंडी बडवाह, काटकूट एवं इन शाखाओ से सम्बंधित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओ के किसान एवं ग्राहक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बडवाह विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सचिन बिरला द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि सहकारी बैंक किसानो की बैंक है। यहाँ के कर्मचारी स्थानीय होने से हमें घर जैसे माहौल में बैंकिग की सुविधाए उपलब्ध कराते है। अन्य बैंको में ऐसा व्यवहार देखने को नहीं मिलता है। विधायक श्री बिरला द्वारा कहा गया कि मेरे परिवार में, मै तीसरी पीढ़ी का सदस्य हूं। जो सहकारी बैंक से जुडा हुआ हूं और हमेशा अपना लेन देन बैंक के साथ साफ सुथरा रखता हूं। इस कारण मुझे कभी भी बैंक से लेन देन में कोई असुविधा नहीं हुई। आप सभी लोगों से भी अनुरोध करूँगा कि बैंक एवं संस्थाए हमें समय पर ऋण उपलब्ध कराती है तो हमारा भी दायित्व है कि हम अपने ऋण को समय पर पटाए जिससे हमारी और बैंक दोनों की साख बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता से समृद्धि की योजना के अंतर्गत बैड़िया समिति को बिजनेस डेवप्लेमेंट प्लान के अंतर्गत चयनित किया गया है। जिसमें समिति में मिर्ची का पाउडर बनाने का प्लांट लगाया जाएगा। जिससे क्षेत्र में लगभग 20 हज़ार हम्माल व मजदूरो को रोजगार प्राप्त होगा।सहकारी बैंक द्वारा जो ग्राहक जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जन प्रतिनिधियों को भी स्वयं सहकारी बैंक से जुड़े तथा अपने क्षेत्र के अधिकाधिक किसानो एवं लोगो को जुड़ने हेतु प्रेरित करे। क्योकि सहकारी बैंक आपका अपना बैंक है। किसानो का बैंक है, यदि बैंक आर्थिक रूप से समर्थ होगी तो उसका लाभ जिले के किसानो को मिलेगा। इस वर्ष जिले के किसानो को भरपूर मात्रा में रासायनिक खाद मिल सका उसकी वजह बैंक का आर्थिक रूप से मजबूत होना ही है।




कार्यक्रम को अपने स्वागत भाषण के दौरान संबोधित करते हुए बैंक प्रबंध संचालक पीएस धनवाल द्वारा ग्राहक जागरूकता अभियान के संबंध में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा गया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन प्रदेश की अग्रणी जिला सहकारी बैंक है। किन्तु हम चाहते है हम सब बैंक के कर्मचारी, सम्बद्ध संस्थाओ के कर्मचारी तथा जिले के किसान एवं ग्राहक मिल कर बैंक को देश का अग्रणी बैंक बनाए। इसी ध्येय को सामने रखते हुए हमारे द्वारा बैंक की अमानत योजनाओ को तथा ऋण योजनाओं को वर्तमान की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आकर्षक बनाई गई है तथा उनका ग्राहक जागरूकता अभियान के तहत जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे है। ताकि अधिकाधिक लोग उनका लाभ उठा सके। प्रबंध संचालक द्वारा यह भी बताया गया कि बैंक वर्तमान में अमानतों पर सर्वाधिक 8.60 प्रतिशत ब्याज दे रहा है, जो अन्य कोई भी बैंक नहीं दे रही है। उन्होंने बैंक की एक अन्य रूफटॉप सोलर ऋण योजना की जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने भी आग्रह किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त सहकारिता काशीराम अवासे द्वारा जिले में सहकारिता विभाग की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि सहकारिता विभाग हमेशा बैंक एवं सहकारी संस्थाओ एवं उनसे जुड़े सदस्यों एवं किसानो की बेहतरी के लिए काम करता है। इसी का नतीजा है कि आज जिला सहकारी बैंक प्रदेश में सिरमौर बनी हुई है। यहाँ के कर्मचारी एवं किसानों की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत जिला खरगोन, सहकारिता विभाग में सर्वाधिक प्राप्त आवेदनो का 100 प्रतिशत निराकरण कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके लिए बैंक एवं संस्था के कर्मचारीयो की प्रशंसा की गई कार्यक्रम में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के नियमित ऋण अदा करने वाले विशिष्ट ऋण जमाकर्ता तथा बैंक शाखाओं के विशिष्ट अमानतदारों को विधायक सचिन बिरला एवं उपस्थित अतिथियों के कर कमलो से शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राहक जागरूकता रथ को विधायक श्री सचिन बिरला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में जिला सहकारी बैंक की शाखा कानापुर, बैड़िया, सनावद, बडवाह, मंडी बडवाह, काटकूट तथा इनसे संबंधित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं द्वारा भाग लिया गया।वाहन रैली कृषि उपज मण्डी से प्रारम्भ होकर, मुख्य बाजार, होकर पुल के पास से बाय पास से होते हुये कृषि उपज मंडी में जाकर रैली समाप्त की गई। रैली के दौरान व्यापारियों को बैंक की अमानत एवं ऋण योजनाओं के पम्पलेट वितरित किये जाकर उनसे आग्रह किया गया कि बैंक की योजनाओं का वह लाभ उठावें। कार्यक्रम में बलिराम पटेल पूर्व उपाध्यक्ष बैंक, रजनीश कानूनगो, रामेश्वर सिनगुने, दिलीप पटेल, भगवान सिंह सोलंकी बिजगुन, अनिल कानुनगों बैंक प्रबंधक, शाखा प्रबंधक अरुण जोशी, त्रिलोकचन्द्र बिरला, लक्ष्मीनारायण भटोरे, हीरालाल पटेल, दीपक श्रीवास, जगदीश यादव, सुरेश यादव, देवेन्द्र बिरला संस्था प्रबंधक, मंच संचालक द्वय श्रेया राजवेद्य बैंकिग सहायक बडवाह एवं पुनित तारे सहित बडी संख्या में क्षेत्र के कृषक एवं अमानतदार तथा सम्भावित ग्राहक उपस्थित रहे।

# सुश्री भव्या मित्तल ने कलेक्टर खरगोन का कार्यभार संभाला

**दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**



**खरगोन।** बुरहानपुर से स्थानांतरित होकर आयी सुश्री भव्या मित्तल ने 30 जनवरी को कलेक्टर खरगोन का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सुश्री मित्तल वर्ष 2014 बेच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी है। इससे पहले वे बुरहानपुर में कलेक्टर के पद पर कार्यरत थी। सुश्री मित्तल नीमच में जिला पंचायत सीईओ, इंदौर नगर निगम में आयुक्त, इंदौर एवं राजगढ़ में अपर कलेक्टर, धार-पीथमपुर एवं सतना जिले के नागौद में एसडीएम के पद पर अपनी सेवाएं दे चुकी है।

**नवग्रह मेले का किया निरीक्षण:** कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कार्यभार ग्रहण करने से पहले नवग्रह की नगरी खरगोन के नवग्रह मंदिर में पूजा अर्चना की तथा नवग्रह मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवग्रह मंदिर में बनाएं जा रहे नवग्रह लोक के बारे में जानकारी ली। नवग्रह मेला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेले की व्यवस्था, दुकानों के आबंटन की व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

**शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का होगा प्रभावी क्रियान्वयन:** कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि जिले में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा। खरगोन जिले में कपास एवं मिर्च की खेती बहुतायत में होती है। अतः कपास एवं मिर्च की खेती करने वाले किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत खरगोन जिले में मिर्च का चयन किया गया है। अतः मिर्च उत्पादन एवं उससे तैयार होने वाले प्रोडक्ट की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर काम किया जाएगा और प्रोजेक्ट संकल्प के अंतर्गत मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए कारगर प्रयास किये जाएंगे।

कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कलेक्ट्रेट भवन में लगने वाले कार्यालयों एवं विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय की निर्वाचन शाखा, नाजरात शाखा, खाद्य एवं आपूर्ति, खनिज शाखा, ई-गवर्नेंस, भू-अभिलेख, जिला कोषालय, जिला जनसंपर्क कार्यालय, महिला एवं बाल विकास, एनआईसी, लोक सेवा प्रबंधन, राहत शाखा, जनसुनवाई कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्री सत्यानारयण दर्रो, श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मंडलोई श्री लोकेश छापरे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर अधिकारियों ने किया स्वागतः नवागत कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचने पर अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्री सत्यनारायण दर्रो, श्रीमती हेमलता सोलंकी एवं अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**



**महिदपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि नवीन बस स्टैंड पर महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी महिदपुर के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस की अध्यक्षता में मनाई गई।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण बुरड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के प्रारम्भ में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक दिनेश जैन बोस ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट पिता महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन देश पर न्यौछावर कर सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर देश को आजाद कराया। हमे गांधी जी के सिद्धांतो को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है तथा एकजुट रह कर कांग्रेस को मजबूत बनाने का कार्य करना है।कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने किया। इस दौरान प्रमुख रुप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गजराजसिंह पंवार, मुजाहिद नागोरी, पार्षदगण कैलाश बगाना, जाकिर मंसूरी, इकबाल नागोरी, बाबा नागोरी, रईस कुरेशी, पीयूष सकलेचा, शहर सेवादल अध्यक्ष साबिर हुसैन फरूट वाले, जनपद प्रतिनिधि गिरधारीलाल चौहान, मंडलम अध्यक्ष राधेश्याम गोलवी, अशोक बुरड़, सोनू जाट, राहुल सोलंकी, अकरम अहिंगर, मोहन परमार, शकील पाकीजा, आत्माराम परमार, जसवंतसिंह डोडिया आदि उपस्थित थे। अन्त में आभार पार्षद प्रतिनिधि इमरान अली ने माना। अन्त में सभी कांग्रेसजनों ने दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# हमारी जीत दिल्ली प्रदेश के लोगों की जीत होगी, यह भारत माता की जीत होगी

## नर्मदा जयंती पर घाटों पर समुचित सुविधाओं की जरूरत

## निकाली जाएंगी जगह-जगह से चुनरी यात्रायें होगी विशेष भीड़

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा आने वाली 4 फरवरी को नर्मदा प्रकटोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के सभी पुण्य सलिला मां नर्मदा के तटों पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रहेगी। जगह जगह से चुनरी यात्रायें निकाली जायेगी दीपदान करने भंडारे पूजन अर्चन करने के लिए नर्मदा घाटों पर विशेष भीड़ रहेगी।पुण्य सलिला मां नर्मदा का पावन नर्मदा तट ककरा घाट पर गाडरवारा तेंदूखेड़ा क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए जन आस्था का केंद्र बन गया है। यहां पर नरसिंहपुर जिले के साथ साथ रायसेन और सागर जिले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रत्येक अमावस्या पूर्णिमा और त्यौहार पर्व विशेष पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचा करते हैं। लेकिन उक्त घाट पर उत्तर तट पर समुचित सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। जिससे श्रद्धालु परेशान देखे जाते हैं।

यहां पर सबसे बड़ी समस्या मुख्य सड़क मार्ग से घाट तक पहुंचने के लिए सड़क का कटाव हो जाने के कारण आवागमन में असुविधा हुआ करती है।तथा दोनों तरफ से भी कटाव हो गया है। जिससे पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी हुआ करती है। मुख्य सड़क से घाट तक सड़क की समुचित व्यवस्था की जरूरत है। चूंकि यह व्यवस्था दोनों तरफ से बनीं हुई है पुल के बाजू से भी बड़ी संख्या में कटाव हो जाने से आवागमन में परेशानी होने लगी है।

**घाटों पर नहीं हैं प्रकाश की व्यवस्था :** इस घाट पर अक्सर कर श्रद्धालु पहुंचते रहते हैं। लेकिन यहां पर रात्रि के समय प्रकाश की व्यवस्था ना होने के कारण अंधेरे में ही आना जाना करना पड़ता है विशेष रूप से पुल से ही दोनों तरफ बड़े बड़े हाईमास्क लगने से घाट पर पर्याप्त प्रकाश हो सकता है। महिला वर्ग जो सोने चांदी के जेबर पहनकर आती है उनके लिए तथा उठाई गीरों से सावधानी की दिशा में यह व्यवस्था नितांत जरूरी है।साथ ही साथ अस्थाई सुलभ शौचालय की भी जरूरत है घाट पर स्वच्छता और गंदगी के मान से यहां पर्व विशेष पर अस्थाई तौर पर चलित शौचालयों की व्यवस्था की जाये। ककरा घाट के अलावा बिल्थारी करोंदी शोकलपुर हीरापुर थरेरी बारह सिमरिया छत्तरपुर घाटों पर भी क्षेत्रीय एवं स्थानीय श्रद्धालु पहुंचते हैं।

**मुख्य सड़क पर लगता है जाम :** पर्व विशेष को लेकर श्रद्धालु जन एक दिन पूर्व से ही पैदल यात्रा करके पुण्य सलिला के तटों पर चुनरी यात्रायें लेकर पहुंचा करतें हैं। गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर अक्सर कर भारी बाहनों का आवागमन जारी रहता है। इस दिन इनकी आवा-जाही प्रतिबंध लगे। दोनों तरफ से बड़ी संख्या में वाहनों के आवागमन के चलते घंटों जाम की स्थिति बनतीं है यहां पर उचित पार्किंग व्यवस्था भी नहीं लोग अपने दो पहिया और चार पहिया वाहन घाट तक लेकर पहुंचते हैं।

# भाजपा ने जलाया कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला,हिंदुओं से माफी मांगें खरगे

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**



**घट्टिया** - बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल घट्टिया के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रयागराज महाकुंभ पर दिए बयान का विरोध किया।

घट्टिया में भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह जलवा के नेतृत्व में नेशनल हाईवे मेन चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुवे खड़गे का पुतला फूंकते हुए सनातन धर्म के प्रति उनकी टिप्पणी पर नाराजगी जताई। अपना आक्रोश व्यक्त किया और हर सनातनी हिंदू से माफी मांगने की बात कही।

जिला मीडिया प्रभारी गोविन्द शर्मा ने खरगे का विरोध करते हुवे कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र महाकुंभ पर दिए आपत्तिजनक बयान के लिए देश के सभी सनातनी हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए महाकुंभ सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक है। यहां आने वाला श्रद्धालु अपने धर्म के प्रति गहरी आस्था रखता है।

आज पूरा देश इस महाकुंभ में स्नान करने जा रहा है। शर्मा ने कांग्रेस पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का काम कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता केवल चुनाव के समय हिंदुत्व की बात करते हैं। बाकी समय हिंदू विरोधी बयानबाजी करते रहते हैं। इसी कारण भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप खड़गे का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र संह जलवा, बालूसिंह पंवार, सरपंच यशवंत मालवीय, गोविन्द शर्मा, जनपद सदस्य प्रकाश चौधरी, कालूराम मालवीय, भंवरलाल परमार, महिपाल सिंह ,संदीप भभूतिया, दीपक भाट,दुर्गेश मालवीय, नवीन कुशवाह, जीतू बैरागी, मनीष पाटीदार, दयाराम प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# 5 फरवरी को भाजपा के पक्ष मे मतदान कर 8 फरवरी के दिन दिल्ली को केजरीवाल से करें फ्री..

## दिल्ली के मतदाताओं से अपील नरेश धाकड़.. पहले मतदान फिर जलपान...



**श्योपुर,** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेश धाकड़ ने अपील करते हुए प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मतदान आपका लोकतांत्रिक अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है, मताधिकार के प्रति जागरूक बनें और अपने मत का प्रयोग करें...

श्री धाकड़ ने बताया दिल्ली की जनता से बीजेपी के पक्ष में मतदान के लिए अपील करते हुए कहा कि प्यारे देशवासियों दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में 5 फरवरी को भाजपा के पक्ष मे मतदान कर 8 फरवरी के दिन दिल्ली को केजरीवाल से करें फ्री इस घोषणापत्र को धरातल पर उतारने और अमल में लाने के लिए गारंटी पर मोदी जी की गारंटी है हम अपने सभी देशवासियों से, दिल्ली विधानसभा के लिए होने वाले इन चुनावों में भाजपा को वोट देकर सत्ता तक पहुंचाने की अपील करते हैं। वह समय आ गया है जबकि आपका एक सही फैसला देश और दिल्ली प्रदेश का इतिहास बदल सकता है। यह वह समय है जब आपको भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच किसी एक को चुनना होगा। भाजपा और अवसरवादी पार्टियों (जैसे आप और कांग्रेस पार्टी जिनकी कोई वैचारिक प्रतिबद्धता नहीं है) में से एक को चुनना होगा। आपको भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टियों (जिनका हर महत्वपूर्ण मौके पर देश को धोखा देने का छिपा हुआ इतिहास रहा है) में से किसी एक को चुनना होगा।

आने वाले चुनाव में- आपको स्थिरता और मध्यवाधि चुनाव के बीच एक को चुनना होगा। आपके समक्ष विकल्प है कि आप एक भाजपा की सक्षम सरकार या फर्जीवॉल जैसी दिखावा करने वाली सरकार में से किसी को।

आपके समक्ष विकल्प है एक ऐसी सरकार चुनने का जो प्रत्येक भारतीयो की जिंदगी में उनकी बेहतरी के लिए बदलाव लाएगी या फिर आप एक ऐसी सरकार चुन सकते हैं जो मौजूदा बुरी स्थिति को और भी बदतर कर दे।

आपके समक्ष विकल्प है आप या तो राष्ट्रवाद को चुनें या फिर देश और दिल्ली प्रदेश को विदेशी हाथों में जाने दें।

भाजपा सत्यनिष्ठ होकर लोगों को यह विश्वास दिलाती है कि 卐हम अपने घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को गंभीरता पूर्वक निभाने का संपूर्ण प्रयास करेंगे। अगर भाजपा सत्ता में आई तो जो भारत इक्कीसवीं सदी या अगली सहस्त्राब्दी में प्रवेश करेगा वह भारत एक सक्षम भारत होगा। उसका सिर ऊंचा होगा देश और दिल्ली प्रदेश के नागरिक सु-राज (गुड गवर्नेंस) के लिए प्रतिबद्ध एक सरकार द्वारा संभव हो सके विकास के फलों का स्वाद चख रहे होंगे। अगले 11 वर्षों का दृष्टिकोण लेकर चलने वाली केंद्र सरकार के नेतृत्व में हमारी सरकार वह सफलता अर्जित करने की कोशिश करेगी जो पिछले पचास सालों में नहीं की जा सकी है।

# संत से मारपीट, आश्रम संचालन को लेकर विवाद, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**



**सिलवानी ।** सिलवानी तहसील के महगवां श्री रामजानकी मंदिर में कल वहां निवास कर रहे सन्त सियारामदास उर्फ संजय दुबे ओर अन्य सन्तो के साथ गाव के दबंगो ने मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी साथ 1 लाख रुपये ओर चेन अंगूठी सहित मंदिर में लगे कैमरे घर ले गए और किसी दूसरे सन्त को वहां महंत बना दिया गया आज सिलवानी एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया जिसमें माग की गई दोषियो पर कार्यवाही की जाए ।

मामला दरअसल मंदिर की सम्प्पति का श्री रामजानकी मंदिर महगवां में लगभग 170 एकड़ जमीन लगी हुई जो कि श्री रामजानकी मंदिर कुटी बोरास के नाम पर है बोरास कुटी के महंत वृजकिशोर दास जी दोनों मंदिरों का संचालन करते है चुकी ब्रजकिशोरदास जी इस कुम्भ में है इसी फायदा उठाकर महगवां गाव के दबंगो ने दूसरे महंत को बना दिया बीते माह महगवां रामजानकी मंदिर महंत विजयराम दास ने पुलिस अभिरक्षा जहर पीकर आत्महत्या तब से ही यह विवाद चला रहा इस मामले में कल ही सिलवानी थाने में आवेदन भी दिया गया लेकिन पुलिस ने अभी तक दबंगो पर कोई कार्यवाही नही की ।

इस संबंध में एसडीएम पीसी शाक्य ने बताया कि महगवां में आश्रम संचालन को लेकर विवाद है, इस संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है जिसकी जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# सीहोर जिले के अहमदपुर में दो फर्जी डॉक्टर बंगालियों का खेल बवासीर जैसी बीमारी का करते हैं इलाज दलालों के बीच चल रहा है बंगालियों का खेल

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तक पहुंचती है मोटी रकम इसलिए 30 साल से जमे हुए बंगाली बाला

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854




**सीहोर।** सीहोर जिले के सटे अहमदपुर में के .के. विश्वास इमली वाला एवं सुजीत विश्वास बंगाली दो डॉक्टरो का एम बी बी एस की तरह बड़ा क्लीनिक खोलकर घातक बीमारियों का इलाज कर रहे हैं जैसे बवासीर दमा टाइडफाइड पीलिया गंजेपन शुगर बिना जांच किए कई प्रकार की बड़ी बीमारियों का इलाज चल रहा है जेक्शन से लेकर बोटल लगकर बीमारियों का कर रहे हैं मरीज के साथ जोखिम भरा इलाज बिना जांच करें ही सभी रोगो का चल रहा है इलाज बताया जा रहा है कि यह दोनों डॉक्टर बंगाली कोलकाता से हैं अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो इनको ढूंढना होगा मुश्किल बिना नेम बोड के पर्दे के पीछे चल रहा है मौत का खेल अपनी दुकानदारी का गोरखधंधा फल फूल रहा है सीहोर जिले के अहमदपुर में चल रहा है राशन की दुकान की तरह दुकान में कई प्रकार की दवाईयां इंजेक्शन रखें हुए हैं चंद रुपए के लालच में मरीजों के साथ चल रहा है जान जोखिम वाला इलाज कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना जब हमने क्लीनिक संचालक से बात की गई यहां पर क्या-क्या इलाज करते हैं उन्होंने कहा यहां पर सभी प्रकार का इलाज़ किया जाता है यह क्लीनिक संचालक एमबीबीएस की तरह कर रहे हैं मरीजों का इलाज आपको बता दे की यह झोलाछा डॉक्टर मरीज के साथ जान से खिलवाड़ कर रहे हैं ऐसे में कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में बैठे हैं ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है इन डॉक्टरों की जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे

# गोचर भूमि पर अवैध कब्जा, मवेशियों की चराई में समस्या

## आलोट के आक्या मे 16 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण, ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



आलोट, आलोट तहसील के ग्राम आक्या में शासकीय गोचर भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने एसडीएम को तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने लगभग 16 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है और वहां फसल की बुआई कर रहे हैं। इस अतिक्रमण के कारण गांव के मवेशियों के लिए चारागाह की समस्या गंभीर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार अतिक्रमणकारियों से कब्जा हटाने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया।

ग्राम में मवेशियों के लिए चराई का यह एकमात्र स्थान है और यदि इस भूमि को अतिक्रमण से मुक्त नहीं कराया गया तो भविष्य में मवेशियों के चरने की जगह पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। ज्ञापन देने वालों में शिवराज सिंह, तोफालासिंह, नरेंद्र सिंह, मान सिंह, मागु सिंह, पूर सिंह, शम्भू सिंह, कालू सिंह, विक्रमलाल, दिग्विजय सिंह, भारत सिंह, श्याम सिंह, बाबू सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# नत नयन होकर कार्यरत होने के कारण ही भाजपा पर जनता का विश्वास है प्रगाढ़ : कृष्ण बिहारी जायसवाल

## हमारे कार्य ही हैं जीत के दावे के आधार,, विष्णु देव सरकार का निर्णय फरवरी के पहले पखवाड़े ही होगा उपज के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान

### हम दीनदयाल जी के अंत्योदय के सिद्धांत अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे - विष्णुदेव साय

देबाशीष गांगुली (संवाददाता। दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

**कोरिया।** कोरिया जिले के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी एवं निवर्तमान कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए पहले 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पर हस्ताक्षर किए फिर अपने निवास गए। अब हितग्राहियों के मकान बनने प्रारंभ हो गए हैं व 180000 पूर्ण भी हो चुके हैं। अगर यह मकान 5 वर्ष पहले बन जाते तो हमें ज्यादा खुशी होती। उन्होंने कहा के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जनमन के तहत विशेष संरक्षित जनजातियो के पूरे देश के लक्ष्य में से 51त्न सड़के सिर्फ छत्तीसगढ़ को मिली है।देश में 4781 किलोमीटर की लंबाई के विपरीत सिर्फ छत्तीसगढ़ राज्य में 2449 किलोमीटर लंबाई की सड़क स्वीकृत की गई। कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पहलु, चाहे वह खेती की, किसानी की बात हो, उद्यानिकी की बात हो, सड़क, गाय, ग्राम



पंचायत या ग्रामीण जनजीवन हो भाजपा ने जनहित में उसे प्रभावित किया है। उन्होंने कहा हमने आदिवासी बंधुओ के जीवन स्तर ऊपर उठने के लिए 5500 सौ रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी की इससे 12 लाख परिवार को 240 करोड़ की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई व चरण पादुका का वितरण पुनः प्रारंभ करने का कैबिनेट ने निर्णय लिया। उन्होंने सिलसिले वार बताया कि अनेक योजनाएं जिनमे पिछले 1 वर्ष में 989 लाख मानव दिवस जिसमें 23 लाख से अधिक परिवार के 40 लाख व्यक्तियों को काम दिया गया। कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा कि जनता का भाजपा के प्रति पूर्ण विश्वास है और केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार पंचायत व नगरीय निकाय में चार इंजन की सरकार होकर जनता के कल्याण और विकास के कार्य करेगी और इस हेतु प्रदेश के सभी 33 जिला पंचायत 146 जनपद और 11672 ग्राम पंचायत क्षेत्र में नत नयन होकर कार्यरत होने के कारण ही भाजपा पर जनता का विश्वास प्रगाढ़ है।

# नागेश्वर तीर्थ दादावाड़ी परिसर में प्रखर व्याख्यात्री चंदनबाला श्री जी के 50 वे संयम दिवस पर पांच दिवसीय होंगे कार्यक्रम

### 4 फरवरी को निकलेगी रथ यात्रा

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

**आलोट** परम पूज्य विचक्षण ज्योति प्रवर्तनी चंद्रप्रभा श्रीजी म .सा की सुशिष्या चंदनबाला श्री जी म.सा के 50वें संयम दिवस पर नागेश्वर तीर्थ स्थित दादावाड़ी परिसर में 1 फरवरी से 5 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे श्री जिन कुशल श्री दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक कोठारी सचिव बसंत सिंह श्रीमाल , कोषाध्यक्ष सुरेश बाठिया ने बताया कि 1 फरवरी को स्नात्र महोत्सव 2 फरवरी को गुरुअभिवंदना समारोह , श्री गौतम लब्धि महापूजन और रात्रि में भक्ति संध्या रवि कटारिया एवं श्रेयांश नाहर पाली द्वारा, 3 फरवरी को भक्तांबर अभिषेक पूजन, गांव सांझी मेहंदी वितरण भक्ति संध्या लवेश हिमांशु बुरड इंदौर , 4 फरवरी को भव्य रथ यात्रा एवं संयम संवेदना भावात्मक प्रस्तुति दादा गुरुदेव पूजन तथा रात्रि में भक्ति संध्या श्री शांतिनाथ



सेवा संस्थान पाली द्वारा 5 फरवरी को लाभार्थी परिवारों का बहुमान का कार्यक्रम आयोजित होंगे साथी प्रतिदिन भगवान एवं दादा गुरुदेव की अंग संरचना भी आकर्षक रूप में की जाएगी मंदिर एवं दादाबाड़ी की आकर्षक विद्युत साज सज्जा भी की जा रही है समस्तकार्यक्रम के दौरान सधार्मिक वात्सल्य का आयोजन भी किया गया है।



# भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में रखा गया मौन


राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 02 मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, अपर कलेक्टर मीना मसराम संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने अमर शहीदों की स्मृति में मौन धारण किया।

# नज़ीराबाद शासकीय हाई स्कूल के कम्प्यूटर ऑपरेटर का काला कारनामा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान।
प्रेम सिंह कुशवाहा

नज़ीराबाद संकुल अंतर्गत सिंधोड़ा प्राइमरी स्कूल में कर दी 1 जनवरी को अतिथि की फ़र्ज़ी नियुक्ति नज़ीराबाद शासकीय हाई स्कूल कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा प्रभारी की आईडी से फ़र्ज़ी नियुक्ति कर सिंधोड़ा प्राइमरी स्कूल का बनाया अतिथि शिक्षक योग्यताओं को किया



ऑपरेटर ने दरकिनार शासकीय स्कूल के कम्प्यूटर ऑपरेटर का सामने आया फ़र्ज़ीबाड़ा



# शासकीय महाविद्यालय में ब्लेजर वितरण कार्यक्रम आयोजित

आज दिनांक 30 जनवरी 2025 को अल्ट्राटेक मैहर सीमेंट वर्क्स द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत बडेरा गांव के शासकीय महाविद्यालय में ब्लेजर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यशस्वी विधायक श्रीमान श्रीकांत चतुर्वेदी जी के मार्गदर्शन में कुल 255 ब्लेजर वितरित किए गए।

विधायक महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्लेजर न केवल ठंड से बचाएगा, बल्कि विद्यार्थियों को स्मार्ट दिखने में भी मदद करेगा। उन्होंने मैहर सीमेंट प्रमुख श्री बिजनेश्वर मोहंती जी एवं समस्त संयंत्र प्रबंधन को इस कार्य के लिए हृदय से धन्यवाद दिया और उनके इस प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम में अल्ट्राटेक मैहर सीमेंट वर्क्स के मानव संसाधन प्रमुख श्री अजय वीर सिंह माहला, भाजपा मंडल अध्यक्ष बडेरा सचिन मिश्रा, श्रीनिवास चतुर्वेदी, संतोष पाण्डेय राजा जी, डॉ रविशंकर द्विवेदी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री नीरज मिश्रा सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# मनावर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन

मनावर नगर में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। आज गुरुवार को सिंघाना मार्ग स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा व निष्ठा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश सोंलकी ने कहा कि %बापू% की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।सोंलकी ने कहा स्वाधीनता आंदोलन के महानायक, %राष्ट्रपिता% महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन करते है। कहा सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी %नए भारत-विकसित भारत% के निर्माण हेतु संकल्पित होना चाहिए।कहा की भाजपा पार्टी




संविधान को खत्म करना चाहती है।लेकिन हम सभी एकजुट होकर लड़ाई लडेगे।

नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष पार्षद लक्ष्मी जाट ने गांधी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी अतीत ही नहीं अपितु भविष्य भी हैं। गांधीजी सत्य, अहिंसा और मानवता के पुजारी थे और सभी धर्मों को समान दृष्टि से आदर करते थे, इसीलिए उनके स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने बापू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया नगर कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश सोंलकी ने बताया कि कार्यक्रम में उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने का सभी कांग्रेस जनों ने वचन दिया इस अवसर पर प्रयागराज में भिड़ में कुचल जाने की दुर्घटना में मृत्यु होने वाले सभी भाई बहनों को कांग्रेस जनों द्वारा दो मिनिट का मोन रख कर श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष लोकेश पाटीदार, नगर अध्यक्ष ओम सोलंकी, अशोक काकरेचा, करण सिंह दादा, सूरज जाट, हरीश खंडेलवाल, रविंद्र पाटीदार, जिमी सवनेर, लक्ष्मी जाट, सुनील एसके, अनिल मकवाना, आयाज अगवान, आरिफ मंसूरी, रितेश सेन, केदार पाटीदार, महेंद्र बरफा, जितेंद्र मुकाती, वीरेंद्र भिड़े, आशीष पाटीदार ,राहुल वर्मा, ऋषभ कीमती, सिराज मंसूरी , सुकदेव नर्गेश, निधि जाट, नाथू पंवार, राजेश भाई, विधायक मीडिया प्रभारी राजू देवड़ा, महेश सूर्यवंशी , तनिष्क शर्मा आदि अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे

# म.प्र. राज्य बाल संरक्षण आयोग राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्रीमती निनामा ने किया जिले का दौरा

दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

**खरगोन।** म.प्र. राज्य बाल संरक्षण आयोग राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्रीमती सोनम निनामा द्वारा खरगोन जिले का दो दिवसीय भ्रमण किया गया है। 30 जनवरी को प्रात: समय शहरी परियोजना अन्तआर्गत संचालित सेक्टर क्रमांक 2 आगनवाडी केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों से कविता/कहानी सुनी गई। इसके पश्चात जिला पंचायत सभाग्रह खरगोन में विभिन्न विभागों आदिम जाति कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला शिक्षा विभाग, जिला खाद्य विभाग, कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण, महिला एवं बाल विकास, अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड,




विशेष किशोर पुलिस इकाई खरगोन, भीकनगॉव तथा सेगांव परियोजना अधिकारियों के साथ समन्वकय बैठक का आयोजन किया गया है।

बैठक में शासन की विभागीय योजनाऐं यथा स्पॉन्सेरशिप, पीएम केयर, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना सेलाभांवित हितग्राहियों की शिक्षा स्वास्थ्य एवं प्रदाय आर्थिक सहायता का फॉलोअप करने, बालकों के अधिकारों का प्रचार-प्रसार तथा बालकों के विरूद्ध होने वाली हिंसा को कम करने के लिए जिम्मेदार विभागों को निर्देश दिये गये है।

विभागवार समीक्षा की जाकर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये कि जिले में संचालित निजी स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाये। कार्यरत स्टाफ का पुलिस सत्यापन, स्कूलों, छात्रवासों में साफ-सफाई एवं बालक बालिकाओं के लिये पृथक-पृथक शौचालय निर्माण करने, प्रत्येक छात्रवास में शिकायत पेटी लगाई जावे तथा उनकी सुरक्षा की दृष्टि से गोपनियता बनाये रखना तथा स्कूलों में संचालित मीड डे-मील मिनू अनुसार भोजन प्रदाय किया जावे।

श्रम अधिकारी को निर्देश दिये गये कि बालश्रम ,भिक्षावृत्ति करने वाले बालकों का रेस्क्यू अभियान चलाकर समाज की मुख्य धारा से जोडा जावे। मुख्य चिकित्सो एवं स्वास्थ्य अधिकारी को को निर्देश दिये गये कि जिले में संचालित छात्रावासों एवं स्कूलों में बच्चों में पाई जाने वाली विभिन्न बीमारियों के परीक्षण के लिए केम्प का आयोजन किया जावे।

# महिला सशक्तिकरण एवं ग्राम पंचायत विकास: महाराष्ट्र यात्रा का प्रेरणादायक अनुभव

## गोटेगांव खेड़ा सरपंच प्रियंका राहुल खेमरिया ने जताया आभार

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार
संवाददाता भानु प्रताप राय



मध्य प्रदेश के ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने महाराष्ट्र में यशवंतराव चव्हाण अकैडमी एवं यशोदा प्रशिक्षण संस्थान में चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस यात्रा में प्रतिनिधियों को पंचायती राज व्यवस्था, महिला नेतृत्व और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझने का अवसर मिला। गोटेगांव खेड़ा की सरपंच प्रियंका राहुल खेमरिया ने इस प्रेरणादायक प्रशिक्षण के लिए सभी प्रशिक्षकों और मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ꖴडॉ. मल्लिनाथ शेट्टी जी को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहूंगी, जिन्होंने मुझे मध्य प्रदेश से ब्रांड एंबेसडर कहकर संबोधित किया। यह मेरे लिए सम्मान की बात है और इससे मुझे अपने क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली। साथ ही, अनमोल वाल्मीकि सर का भी आभार व्यक्त करना चाहूंगी, जिनके मार्गदर्शन से यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**महाराष्ट्र की ग्राम पंचायतों की कार्यशैली को समझने का अवसर :** योगेश कांबले सर ने एक कोच की तरह अनुशासन बनाए रखा और पूरे ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कराकर हमें महाराष्ट्र की ग्राम पंचायतों की कार्यशैली को समझने का अवसर दिया। उनकी इस मेहनत और समर्पण के लिए हम सभी उनके आभारी हैं।

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जी :** इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण और अध्ययन यात्रा को सफल बनाने में मध्य प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मंत्री, श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी की विशेष भूमिका रही। उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पंचायतों के विकास के लिए इस तरह की पहल को बल मिला है। सभी प्रतिनिधियों ने उनके प्रति आभार प्रकट किया और आशा जताई कि भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा।

**महिला नेतृत्व और ग्राम पंचायत विकास पर जोर :** इस यात्रा में प्रतिनिधियों को महाराष्ट्र के कानेवाड़ी, हवेली बाजार, ठेके कारवाड़ी एवं डोंगे ग्राम पंचायतों का दौरा कराया गया, जहां उन्होंने पंचायतों की संरचना, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के विभिन्न नवाचारों को करीब से देखा। श्रीमती माधुरी सावंत भोसले, जो स्वयं एक महिला सरपंच हैं, ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पंचायत में महिलाओं की भागीदारी कितनी महत्वपूर्ण होती है और वे किस तरह से अपने गांव के विकास में योगदान दे सकती हैं।

# सोनकच्छ सात युवकों ने घर में घुसकर पति-पत्नी और बेटे के साथ की मारपीट



सोनकच्छ सात युवकों ने घर में घुसकर पति-पत्नी और बेटे के साथ डंडे बेट स्टैम्प से मारपीट की मां बेटे घायल सोनकच्छ फरियादी हेमलता पति रितेश पांडोले ने अपने रितेश एवं पुत्र दिव्यांश पांडोले निवासी महावीर मार्ग सोनकच्छ के साथ सोनकच्छ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की में उक्त पते पर रहती हूं एवं आंगनवाड़ी में सहायिका का काम करती हूं मंगलवार को हमारे घर के सामने मुस्लिम परिवार में सगाई का कार्यक्रम था कार्यक्रम समाप्त के बाद शाम करीब 6ः00 बजे लड़की का भाई अल्फेजवडालरजुनुव मेरा लड़का दिव्यांश वगैरा मेरे घर में पास में बैठकर आपस में मजाक कर रहे थे फिर यह लोग उठकर चले गए थे करीबन रात्रि 9ः00 बजे की बात है अल्फेज ने उसके घर पर जाकर बोल दिया कि दिव्यांश मजाक में कुछ गलत कमेंट कर रहा था तो लड़की की मां रुकसाना मेरे घर पर आकर बोली की दिव्यांश को समझा लेना कोई गलत बात नहीं बोले और चली गई तो मैं अपने घर में अपने लड़के दिव्यांश को समझा थी की तभी डालर स्टैंप नदीम पिता बेट जुन्नु पिता पाइप जमीसत पिता काणु राजू पिता कन्नू एवं नई म पिता जमील डंडे लिए व उनको एक अन्य साथी आयें सभी निवासी महावीर मार्ग सोनकच्छ के एकमात होकर हाथों में डंडा बेड स्टैंप लेकर मां बहन की नंगी नंगी गलियां देते हुए मेरे घर के अंदर आए तो मैं बोला कि घर में क्यों आए हो तो यहां लोग सभी हमें मां बहन की नंगी नंगी गालियां देकर मुझे गंदा शब्द बोलने लगे तो मेरे पति ने बोला कि गाली गलौज क्यों कर रहे हो सभी लोग बोले की अभी तुम्हें बताते हैं

## संक्षिप्त समाचार

### पटाड़िया धाकड़ गांव मे इफको द्वारा निः शुल्क कम्बल वितरण




बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

**राजगढ।** समीपस्थ राजगढ़ जिले के पटाड़िया धाकड़ गांव मे इफको द्वारा दिनांक 30/01/2025 को निः शुल्क कम्बल वितरण का कार्य किया गया जिसमे गाँव के निर्धन महिला एवं पुरुषो को कम्बल वितरित किये गए 7 कार्यक्रम मे ग्राम के सरपंच सुगन बाई जगदीशसिंह राजपूत उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का संचालन प्रवीण बिर्ला, क्षेत्रीय अधिकारी इफको द्वारा दिया गया इस मौके पर सोसाइटी प्रबंध हिन्दू सिंह लोधी जगन्नाथ नागर सेल्समैन राधेश्याम कारपेंटर मनोज मालवीय रोजगार सहायक ग्राम सचिव उपासना शर्मा गजराज सिंह राजपूत कैलाश नागर पटेल प्रेम सिंह नागर मथुरा लाल नागर राजेश नागर आदि उपस्थित रहे।

### आखिर रात के अंधेरे में पार्किंग वसूली क्यों



भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मैहर देवी जी रोड़ में किसके आदेश से नगर पालिका के कर्मचारी मां शारदा देवी मंदिर आने वाले यात्रियों वाहनों से कर रहे वसूली। मौके में खड़े नगर पालिका के कर्मचारी नगर पालिका सीएमओ के आदेश से वाहनों से पैसे लेने का दे रहे हवाला। जिसके चलते धार्मिक संगठनों और दर्शनार्थियों की बीच देखा जा आक्रोश इसलिए ज़िला प्रशासन को तत्काल लेना चाहिए मामले को संज्ञान। सवाल उठता है की नगर पालिका जिम्मेवार और नगर पालिका कर्मचारी धार्मिक आस्था को क्यों पहुंचा ठेस। जहां पूरे देश और विदेश में प्रयागराज में महाकुंभ का पवित्र पर्व मनाया जा रहा है। यही नहीं केंद्र सरकार से लेके उत्तरप्रदेश सरकार अरबों रुपए खर्च करके महाकुंभ मेला पर्व को संपन्न कराने में जुटी है। लेकिन नगर पालिका हिन्दू धर्म के आस्था के साथ खिलवाड़ करने के लिए उतारू देखा जा रहा है।

### मद्य निषेध संकल्प दिवस पर दिलाई गई शपथ

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस दमोह में उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को मध्य निषेध संकल्प दिवस के अवसर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा अमर शहीदों के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्यापन कार्य करने वाले प्राध्यापक/ सह प्राध्यापक/ सहायक अध्यापक /अतिथि विद्वान, कर्मचारी एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए। प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि वे नशा मुक्त भारत अभियान को सशक्त और मजबूत बनाने हेतु सजग होकर इस बुराई को अपने जीवन में ना आने दे एवं अपने परिवार, आस -पड़ोस एवं नातेदारों को भी नशे की लत से दूर रहने के लिए सचेत और जागरूक करें, ताकि हमारा यह समाज नशा मुक्त हो सके और उन्नति करेद्य कार्यक्रम मे राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियरों को अपने मुख्य दायित्व की तरह नशा मुक्ति के दायित्व को पूरा करने के लिए जोर दिया गया।

# मेहरा समाज ने नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष का किया सम्मान

केसरिया हिंदुस्तान



**बैतूल।** मेहरा समाज समिति जिला अध्यक्ष व भाजपा अजा मोर्चा जिला महामंत्री संतु सूर्यवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मेहरा समाज के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पवार का जोशीला स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक लोकतान्त्रिक पार्टी है। यहां फैसले शीर्ष नेतृत्व द्वारा संवैधानिक रूप से लिए जाते है। यहां प्रत्येक कार्यकर्ता को उच्च पदों पर पहुंचने के लिए उनके संगठन के प्रति निष्ठा के अनुसार पद दिए जाते है। इस दौरान उन्होंने मेहरा समाज समिति के जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ताओं से मिले सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया तथा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की बात कही। इस अवसर पर मध्यप्रदेश मेहरा समाज समिति के प्रांतीय नोडल जीसी पूर्वे एवं मेहरा समाज समिति युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष चंद्रभान बडौदे, कोषाध्यक्ष गोपाल बिहारे, विनोद सिहारे, पंकज बरदे, कमलेश बडौदे सहित मेहरा समाज समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एक और लापरवाह शिक्षक निलंबित

रिपोर्ट मारुति लाल विश्वकर्मा




**छिन्दवाड़ा।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल द्वारा विकासखंड मोहखेड़ के शासकीय प्राथमिक शाला बाड़ीवाड़ा संकुल केन्द्र सांवरीबाजार के प्राथमिक शिक्षक श्री तुकाराम गौतम को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शाला में अन्य बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर शराब का सेवन करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहखेड़ के 28 जनवरी 2025 के माध्यम से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार विकासखंड मोहखेड़ के शासकीय प्राथमिक शाला बाड़ीवाड़ा संकुल केन्द्र सांवरीबाजार के प्राथमिक शिक्षक श्री तुकाराम गौतम के द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शाला में अन्य बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर शराब का सेवन किया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आचरण नियमों के तहत कोई भी शासकीय सेवक अपने कर्तव्यों का पालन करते समय कोई मादक पेय या औषधि नहीं पियेगा और न ही उसके प्रभाव में रहेगा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में प्राथमिक शिक्षक श्री गौतम के द्वारा अपने कर्तव्यस्थल पर मादक पेय पदार्थों का प्रयोग करना प्रदर्शित हो रहा है, जो अनुशासनहीनता एवं शासकीय सेवक के आचरण के विपरीत है। शासकीय प्राथमिक शाला बाड़ीवाड़ा के प्राथमिक शिक्षक श्री गौतम का यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 एवं नियम-23 के तहत शासकीय सेवक के लिए निर्धारित सन्निष्ठा तथा कर्तव्य परायणता के प्रतिकूल होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसीलिये विकासखंड मोहखेड़ के शासकीय प्राथमिक शाला बाड़ीवाड़ा संकुल केन्द्र सांवरीबाजार के प्राथमिक शिक्षक श्री गौतम को उनके इस कृत्य के लिये मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) में दिये गये प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में प्राथमिक शिक्षक श्री गौतम का मुख्यालय, कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी परासिया नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

# जिले में विगत 06 माह में लगभग 09 हजार पेंशनरों के नाम जोड़े, 4318 अपात्रों के नाम काटें गए



बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो राजगढ़

**राजगढ।** गुरुवार राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में विगत 06 माह में लगभग 09 हजार नवीन पेंशन हितग्राहियों के नाम जोड़े गए हैं। साथ ही 4318 अपात्र हितग्राहियों के पेंशन से नाम काटें गए हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व सीएमओ को निर्देशित किया गया कि सभी पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करें। जिन पंचायतों में ज्यादा संख्या में हितग्राही ई-केवायसी से बचे हैं वह विशेष फोकस करें। सीएमओ कुरावर वीसी में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत सारंगपुर में शेष रही 477 समग्र केवाईसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर की 477 ई-केवायसी होना शेष है। ई-केवायसी कार्य में गंभीरता नहीं दिखाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# पंजीयन होने के बाद भी मैरिज गार्डन पर लाखों का बकाया नोटिस देने के बाद होगी कार्रवाई शुरू - संजय शुक्ला

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**सीहोर।** शहर में अलग-अलग स्थानों पर बड़ी संख्या में मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं, शहर के अनेक गार्डन बिना पंजीयन के धड़ल्ले से चल रहे हैं। इससे नपा को जहां राजस्व की क्षति हो रही है, वहीं गार्डन संचालक बिना सुविधाओं के लोगों से मनमाने तरीके से पैसे वूसल रहे हैं। बिना अनुमति चल रहे मैरिज गार्डनों पर नगर पालिका अब सख्ती से कार्रवाई करेगी। अनेक मैरिज गार्डन ऐसे है जिनके पास पार्किंग का स्थान भी नहीं है। जिससे जाम की स्थिति भी निर्मित होती है। ऐसे मैरिज गार्डनों पर अब सख्ती की जाएगी। नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने नगर पालिका के अमले के राजस्व अधिकारी संजय शुक्ला को शीघ्र इन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसके लिए बकायदा राजस्व अधिकारी श्री शुक्ला ने अभियान शुरू किया है। कई ऐसे मैरिज गार्डन है जिनका पंजीयन तो है लेकिन लाखों के बकायादार है। अब ऐसे बकायादारों पर सख्ती से कार्रवाई होगी।

मैरिज गार्डन में मिलने वाली सुविधा नाम मात्र की रहती है, भुगतान पूरा करना पड़ता है। मैरिज गार्डन पर लगने वाला टैक्स लोगों से तो ले लेते हैं।, पर नगर पालिका परिषद में पंजीयन नहीं होने से व्यवसायिक कर नहीं जमा करते। यह स्थिति वर्षो से चल रही है। इसकी जानकारी नपा परिषद के जिम्मेदारों को होने के बाद भी अब तक पंजीयन नहीं कराया गया। इससे विवाह मुहूर्त के समय हर दिन की बुकिंग करने वाले गार्डन नपा को ठेंगा दिखा रहे हैं। इसके साथ ही नियमों को भी ताक पर रखते हैं, शहर में आधा दर्जन मैरिज गार्डन कई धर्मशालाएं हैं, लेकिन नगर पालिका कुछ मैरिज गार्डन पंजीयन नहीं, जिसका व्यवसायकि टैक्स जमा करते हैं। जबकि नियम अनुसार सभी मैरिज गार्डनों को व्यवसायकि टैक्स करने का नियम है, परन्तु हौसले बुलंद होने के चलते गार्डन संचालक बिना टैक्स जमा किए ही लगातार बुकिंग ले रहे हैं। शासन द्वारा तय नियमों के अनुसार मैरिज गार्डन के लिए पार्किंग एरिया आदि की व्यवस्था अनिवार्य है। सड़क से दूरी होना, अग्निशमन यंत्र अनिवार्य। बोर्ड पर गार्डन में नियमों की जानकारी लिखना अनिवार्य होता है। जबकि शहर में कई गार्डन इन नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। वहीं सीएमओं भूपेन्द्र दीक्षित का कहना है कि अगर मैरिज गार्डन बिना अनुमति के चल रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बैरसिया पत्रकार रत्नेश नामदेव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

**बैरसिया।** नगर के पत्रकार रत्नेश नामदेव का जन्मदिन स्थानीय रेस्ट हाउस में हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने एकत्र होकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं तथा उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**सम्मान और शुभकामनाओं का दौर :** समारोह में बैरसिया नगर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्री नामदेव को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित वक्ताओं ने उनकी निष्पक्ष, निर्भीक और समर्पित पत्रकारिता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सोशल मीडिया पर भी श्री नामदेव के प्रति अपार स्नेह देखने को मिला। अनेक गणमान्य नागरिकों, सहयोगी पत्रकारों और शुभचिंतकों ने बधाई संदेशों के माध्यम से अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएँ इस अवसर पर बैरसिया विधायक विष्णु खत्री, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता कुबेर सिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधियों ने दूरसंचार माध्यम से शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और उनकी निर्भीक पत्रकारिता की सराहना की गणमान्य पत्रकारों की उपस्थिति कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम शर्मा, इदरीश अहमद, बनालाल सिंह, आशीष शर्मा, सोमत कुशवाहा, जितेंद्र शर्मा, प्रेम सिंह दांगी, माधो सिंह दांगी, ऋषभ सेन

# नागेन्द्र सिंह करमऊ रामपुर बाघेलान तहसीलदार के खिलाफ करेंगे सात फरवरी को करेंगे आत्मदाह

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



नि प्र करमऊ अखिल भारतीय वनवासी विकास परिषद के जिलाहित रक्षक प्रमुख नागेंद्र सिंह करमऊ समस्याओं को लेकर रामपुर बघेलान में पदस्थ तहसीलदार के खिलाफ 7 फरवरी 2025 को सुबह 11ः00 बजे आत्मदाह करेंगे वहीं नागेंद्र सिंह करमऊ ने प्रेस मीडिया को बताया कि रामपुर बाघेलान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करमऊ में मध्य प्रदेश शासन किया आराजी नवंबर 880, 881, 882 ,883 ,जो मध्य प्रदेश शासन कि आराजी है इस आरजी में मध्य प्रदेश शासन की आराजी में आम रास्ता दर्ज है वहीं करमऊ के कुछ लोगों के द्वारा मध्य प्रदेश शासन की आराजी में कब्जा कर लिया गया है आम रास्ता बंद है जिससे 50 घर के लोग रास्ता के अभाव से भटक रहे हैं छोटे-छोटे बच्चे रास्ता के अभाव से शिक्षा से वंचित हो रहे हैं रामपुर बघेलान में पदस्थ तहसीलदार राज सिंह कुशराम के न्यायालय में मामला चल रहा है पटवारी के प्रतिवेदन के अनुसार मध्य प्रदेश शासन की आराजी का सत्यापन किया गया है की आम रास्ता जो मध्य प्रदेश शासन कि आराजी है पूर्णता बंद है उसे आराजी में गेहूं की खेती कर रहे हैं तहसीलदार ने भी एक ?1000रुपये का संबंधित के खिलाफ जुर्माना ठोका है लेकिन तहसीलदार ने उन लोगों से पैसा लेकर अभी तक बेदखली का आदेश नहीं किया है जिससे आम रास्ता पूर्णता बंद है वहीं रामपुर बघेलान के अनुविभागीय अधिकारी ने आदेश किया था कि आम रास्ता जो मध्य प्रदेश शासन कि आराजी रास्ता मे दर्ज है उस रास्ता को जो लोग अवैध कब्जा किए हैं उनसे छुड़वाया जाए लेकिन रामपुर के राजस्व अधिकारी राज सिंहकुशराम के द्वारा द्वारा आज आठ माह बीत गए लेकिन बेदखली का आदेश अभी तक नहीं किया गया है जबकि पूर्ण रूप से कई बार पटवारी ने मौका में जाकर मध्य प्रदेश शासन कि आराजी को प्रतिवेदन देकर तहसीलदार को अवगत कराया गया है लेकिन तहसीलदार अवैध कब्जाधारियों से पैसा लेकर अभी तक बेदखली का आदेश नहीं कर रहे हैं यहां तक की मध्य प्रदेश शासन कि आराजी का अबैध कब्ज़ा धारियों को पट्टा देने के फिराक में तहसीलदार काम कर रहा है इन सब मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय वनवासी विकास परिषद के जिला हित रक्षक प्रमुख नागेंद्र सिंह करमऊ 7 फरवरी 2025 को समय 11.00 बजे स्थान रामपुर बघेलान तहसील कार्यालय के सामने आत्मदाह करेंगे

# गांवों को जोडने़ वाली सड़के चोड़ी और गुणवत्तापूर्ण बनेंगी

## समृद्धी खुशियाली के लिए सड़कों का दुरूस्त होना जरूरी - विधायक राय

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** विधायक सुदेश राय ने गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र के चार गांवों में बुजुर्गो से पांच करोड़ रूपये से अधिक की लागत राशि से बनने वाली चार महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन संपन्न कराया। भूमिपूजन कार्यक्रमों में उपस्थित जनसमुह को विधायक सुदेश राय ने संबोधित किया उन्होने कहा की गांवों को जोडने़ वाली चारों सड़के चोड़ी और गुणवत्तापूर्ण बनेंगी,गांवों की समृद्धी खुशियाली के लिए सड़कों का दुरूस्त होना जरूरी है। जनपद सदस्यों सरपंचों पंचों क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्षों पदाधिकारियों ग्रामीणों के द्वारा गांवों में पहुंचने पर विधायक सुदेश राय का जोरदार ढोल ढमाकों के साथ पुष्प मालाऐं पहनाकर पगड़ी बांधकर अतिशबाजी चलाकर भव्य स्वागत किया गया।

**गांवों को जोडेंगी चारों डामर सड़क :** विधायक सुदेश राय ने स्वयं सड़कों का भूमि पूजन नहीं करते हुए विधिविधान से ग्राम कतपोन क्रेशर से हालियाभील तक एक करोड़ 11 लाख .94 हजार रूपयें से बनने वाली 1.40 किलो मीटर सड़क और मोतीपुरा से मगरदा तक एक करोड़ 21 लाख 44 हजार रूपये से बनने वाली 2 किलोमीटर की सड़क एवं सौंठी से सोंठीपुरा तक एक करोड़ 60 लाख 30 हजार रूपये से बनने वाली 1.50 किलोमीटर सड़क और घाटपलासी से सोंडा तक एक करोड़ 68 लाख 43 हजार रूपये की लागत से बनने वाली की 2.20 किलो मीटर डामर सड़क का भूमि पूजन गांव के ही बुजुर्गो से मंत्रोंउचार के मध्य सम्पन्न कराया और फूल मालाऐं पहनाकर बुजुर्गो का सम्मान भी किया।

# पुलिस अधीक्षक महोदय श्री वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर श्योपुर यातायात पुलिस का यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चैंकिग अभियान संचालित

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



माननीय उच्च न्यायालय म.प्र.एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने एवं जिलों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सख्ती से वाहन चैकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में श्री वीरेंद्र जैन पुलिस अधीक्षक महोदय जिला श्योपुर के निर्देशन तथा श्री सतेन्द्र सिंह तोमर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात टीम के साथ अभियान के अंतर्गत प्रथकङ्कप्रथक चिन्हित स्थानों पर वाहन चैकिंग के दौरान वाहन के शीशो पर काली फिल्म लगी होना, वाहन की नंबर प्लेट विधिवत ना होना ,बिना नंबर प्लेट,मोडिफाईड वाहन, पर्याप्त दस्तावेज न होने,बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट,ट्रिपल राइडिंग करने वाले वाहन चालकों की चेकिंग कर अनियमितता पाए जाने पर कुल 28 चालान बनाया जाकर 13200 रू का समन शुल्क जुर्माना जमा किया गया।

*शहर के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था बनाए जाने हेतु यातायात पुलिस द्वारा शिवपुरी रोड,पटेल चौक, जय स्तंभ, गांधी चौक, मैनमार्केट तहसील चौराहा, पुल दरवाजा बड़ौदा रोड के मध्य पैदल भ्रमण कर बेतरतीब खड़े ठेलो को हटाया गया तथा नो पार्किंग में मेन रोड पर खड़े कर यातायात बाधित करने वाले 13 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही लोगों को मैंन रोड पर वाहन खड़े कर यातायात बाधित न करने की समझाइश दी गई।

यातायात पुलिस की शहर के नागरिकों से अपील है कि आप यातायात के समस्त नियमो का पालन करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट आवश्यक रूप से धारण करें। ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट आदि जरूरी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ में रखें। निर्धारित गति सीमा से तेज गति से तथा खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं। वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बिठाये तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। नागरिकों से पुनः अपील है कि वह अपने वाहन गांधी चौक तथा मेन मार्केट में मुख्य सड़क पर पार्क कर यातायात अवरुद्ध ना करें। बाजार में खरीदारी हेतु आने वाले वाहन चालक अपने वाहन मेला ग्राउंड अथवा अन्य निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही खड़े करें। यातायात के समस्त नियम आपकी अपनी स्वयं की सुरक्षा के लिए हैं इनका पालन करें।स्वयं भी सुरक्षित रहें एवम् दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा अवसर दें।

# सेवादल कांग्रेस ने डैम के डूब क्षेत्र में आई किसानो की भूमि का मुआवजा राशि प्रदान करने ज्ञापन सोपा

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



सेवादल कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले ने साथियों सहित जिले के कलेक्टर वालागुरु के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत से भेंट कर ज्ञापन सोपा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सीताराम भारती द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया। इस अवसर पर खंगराले ने बताया कि जावर तहसील में सन 2021 से कन्या खेड़ी डैम का निर्माण किया जा रहा है डैम के डूब क्षेत्र में आई सिंचित भूमि के कृषिको को मुआवजा राशि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू अर्जन अधिकारी आष्टा द्वारा कई वास्तविक किसानों के नाम नहीं जोड़े गए हैं जिनकी खेती, कुआं, फलदार वृक्ष, एवं मकान आदि डूब क्षेत्र में आ गए है। तथा उन किसानों की निजी भूमि है। कई कृषकों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है किंतु वास्तविक पीडित हकदार किसान कार्यालय के आज भी चक्कर काट रहे हैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री डॉ. अनीसा खान, फूडरा के सरपंच शमशेर खान, इंजीनियर जितेद्र सिंह कल्याणपुरा केशवपुर के दलित किसान बाबूलाल मालवीय के साथ मुआवजा की मांग करने भारी संख्या में किसान कलेक्टर कार्यालय सीहोर ज्ञापन सोपने पहुंचे। डिप्टी कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत द्वारा आष्टा एसडीएम तथा कार्यपालन यंत्र जल संसाधन विभाग सीहोर को जांच कर वनचित किसानो को मुआवजा राशि शीघ्र प्रदान के निर्देश दिए गए इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंकज शर्मा दीपक सोनकर पन्नालाल खंगराले एडवोकेट श्रवण बस्तावर मोहित वर्मा पवन सिंह खाती गोपाल वर्मा रामनारायण वर्मा धनलाल वर्मा हेमंत वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अमित चौहान को मिला सर्वश्रेष्ठ कोचिंग अवॉर्ड, नगर परिषद द्वारा किए गए सम्मानित

शैलेन्द्र चौहान केसरिया हिन्दुस्तान



**बाड़ी।** प्रतिभा योग्यता और समर्पण के दम पर अपने संस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में शिखर की ऊंचाइयों पर पहुंचाने के जुनून और नगर में सर्वश्रेष्ठ कोचिंग सेंटर कुछ महीनो पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने की सोच के साथ नगर में कोचिंग सेंटर की इच्छा को लेकर सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने की ठान कर किए गए प्रयास आज शिखर को छू रहे हैं। डायरेक्टर अमित चौहान ने नगर में बेहतर भविष्य का सपना लेकर कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया कोचिंग सेंटर का नाम रखा एम. एंड अचीव कोचिंग इंस्टिट्यूट आज यह कोचिंग सेंटर नगर में अपनी बेहतर शिक्षा बेहतर प्लेटफार्म तैयार करने की शुरुआत और जुनून के परिणाम आज नगर के सामने है। गणतंत्र दिवस पर नगर परिषद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में अमित चौहान को सर्वश्रेष्ठ कोचिंग अवार्ड दिया गया है जो एक तरीके से बड़ा गौरव है चौहान को कोचिंग अवार्ड मिलने पर नगर के वरिष्ठ पत्रकार पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने सर्वश्रेष्ठ अवार्ड मिलने पर डायरेक्टर को बधाई एवं नगर परिषद बाड़ी का आभार माना है।

## श्योपुर जिले की विजयपुर विकासखंड के पीपल बावड़ी प्राथमिक विद्यालय का मामला

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**श्योपुर।** सरकार एक ओर प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था को प्रायवेट विद्यालयों की तर्ज पर दुरूस्त व समकक्ष बनाने में लगा हुआ है वहीं दूसरी शासकीय शिक्षक इसे साकार होने के रास्ते में रोढा बने हुए हैं कहीं विद्यालय में शिक्षक नहीं हैं तो कहीं शिक्षक आकर विद्यालय के समय पर गोल हो जाते हैं कुछ ऐसा ही मामला श्योपुर जिले के विजयपुर विकासखंड के पीपल बावड़ी गांव के प्राथमिक विद्यालय से सामने आया है। जहां पर गुरुवार के दिन जहां न तो कोई शासकीय अवकाश था और न ही ऐसा कोई आयोजन जिसमें विद्यालय बंद रखने के आदेश दिए गए हों। आदिवासी बाहुल्य ग्राम पीपल बावड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षकों की मनमानी चरम पर है।

# श्योपुर के हजारेश्वर विद्यालय में साइबर सुरक्षा के संबंध में छात्र छात्राओं को किया जागरूक

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001





श्योपुर स्थित हजारेश्वर विद्यालय में साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।महिला थाना प्रभारी यासमीन खान द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला थाना प्रभारी यासमीन खान ने छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व और इससे जुड़ी चुनौतियों पर जागरूक किया। कहा कि आधुनिक युग में साइबर सुरक्षा एक आवश्यक कौशल बन गया है। इसे अपनाने में सतर्कता बेहद जरूरी है। छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा के कई व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने सबसे पहले छात्र छात्राओं को यह समझाया कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से बचाव संदिग्ध लिंक पर क्लिक करना, अनजान लोगों से ऑनलाइन दोस्ती करना, अज्ञात कॉल्स का जवाब देना खतरनाक हो सकता है। कोई भी सरकारी संस्थान फोन पर ओटीपी नहीं मांगता है। उन्होंने छात्रों को सावधान किया कि अधिक पैसों के लालच में किसी भी लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें।साइबर सुरक्षा से संबंधित मामलों में सबसे पहला कदम इंटरनेट कनेक्शन को बंद करना है। महिलाओं को हर प्रकार की असुरक्षा और शोषण के खिलाफ खुलकर आवाज उठानी चाहिए। पॉक्सो एक्ट में कानून बच्चों और महिलाओं को शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है।इस दौरान महिला थाना स्टॉफ और स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा।

# मुख्यमंत्री ने सिस्मेक्स को एमपी में मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए आमंत्रित किया



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चार दिवसीय जापान यात्रा के दौरान कोबे शहर पहुंचे। यहां पर उन्होंने सिस्मेक्स कारपोरेशन सॉल्यूशन सेंटर का दौरा किया और मध्य प्रदेश के मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मध्य प्रदेश में निवेश लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चार दिवसीय जापान दौरे पर है। दौरे के तीसरे दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री ने जापान के कोबे शहर में सिस्मेक्स कॉरपोरेशन सॉल्यूशन सेंटर का दौरा किया और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मेडिकल टेक्नोलॉजी और जीवन विज्ञान क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं परचर्चा की। इस दौरान, उन्होंने सिस्मेक्स की अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस निर्माण तकनीक का अवलोकन किया और मध्यप्रदेश में इस क्षेत्र के विकास के लिए सिस्मेक्स को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने सिस्मेक्स अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में हेल्थकेयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में निवेश के लिए अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार इस क्षेत्र को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और सिस्मेक्स जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार उज्जैन में एक मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित कर रही है, जिसमें विश्वस्तरीय आधारभूत सुविधाएं और विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य पहले से ही फार्मास्युटिकल सेक्टर में मजबूत स्थिति में है और यहां 275 से अधिक फार्मा इकाइयां काम कर रही हैं, जो 160 से अधिक देशों को उत्पाद निर्यात करती हैं। मुख्यमंत्री ने सिस्मेक्स को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि उज्जैन में स्थापित होने वाले मेडिकल डिवाइस पार्क में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। जहां उन्नत चिकित्सा उपकरणों पर अनुसंधान किया जा सकता है और जापानी विशेषज्ञ भारतीय इंजीनियरों और तकनीशियनों को प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं।

सिस्मैक्स कॉर्पोरेशन, जापान के कोबे शहर में स्थित एक प्रमुख डायग्नोस्टिक कंपनी है, जो 1968 में स्थापित हुई थी। यह कंपनी हेमेटोलॉजी, यूरिनलिसिस और जीवन विज्ञान निदान के क्षेत्रों में अग्रणी है, जो उन्नत तकनीक के उपकरण के माध्यम से रोगों का सटीक पता लगाने और निगरानी करने में माहिर है। सिस्मैक्स व्यक्तिगत चिकित्सा और एआई-संचालित स्वास्थ्य समाधानों के क्षेत्र में सबसे आगे है। करीब 190 से अधिक देशों में इसकी उपस्थिति है, और इसके क्षेत्रीय मुख्यालय अमेरिका, यूरोप, और एशिया-प्रशांत में स्थित हैं, जो स्थानीय समर्थन प्रदान करते हैं। सिस्मैक्स स्थिरता और पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपने संचालन और उत्पाद विकास में प्रमुखता से शामिल करता है। चिकित्सा विज्ञान और स्वास्थ्य देखभाल नवाचार में इसके योगदान को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है, और यह कंपनी वैश्विक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा रही

सीएम ने कोबे शहर के इंडिया क्लब में उद्योगपतियों से मिलकर मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश, ग्लोबल इन्वेस्टमेंट का बेस्ट डेस्टिनेशन बन गया है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं और निवेशकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है।

# इंटरनेशनल असेंबली में ओरलैंडो जाएंगे सुशील और रूबी, इंदौर समृद्ध विरासत साझा करेंगे



**इंदौर।** पब्लिक इमेज चेयर घनश्याम सिंह ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2025-26 सुशील मल्होत्रा अपनी पत्नी रूबी मल्होत्रा, 31 जनवरी को अमेरिका के ओरलैंडो शहर में होने वाली रोटरी इंटरनेशनल ट्रेनिंग असेंबली में भाग लेने के लिए रवाना हो रहे हैं। यह असेंबली 9 फरवरी से 13 फरवरी 2025 के बीच ओरलैंडो में आयोजित होगी, जिसमें आगामी रोटरी इंटरनेशनल प्रेसिडेंट ब्राजील के रोटरिटन मारियो सीजर अपना विजन एवं कार्ययोजना साझा करेंगे। सुशील मल्होत्रा 1 जुलाई 2025 से पदभार ग्रहण करेंगे। इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीश मलिक द्वारा की गई और कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन कुलभूषण चोपड़ा ने किया एवं व्यवस्थापक मनोज चांडक रहे। इस कार्यक्रम के होस्ट 2026-27 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संस्कार कोठारी और उनकी पत्नी दीप्ति कोठारी थे, जिन्होंने सम्पूर्ण डिस्ट्रिक्ट को इन्वाइट किया। 150 से अधिक रोटेरियन इस गरिमामय कार्यक्रम के साक्षी बने। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीश मलिक ने इस अंतरराष्ट्रीय असेंबली के महत्व को सभी रोटेरियंस के समक्ष रखा और बताया कि यह आगामी नेतृत्व के लिए शिक्षा, रणनीति और नेटवर्किंग का एक महत्वपूर्ण मंच है। कार्यक्रम में फर्स्ट लेडी सिम्मी मलिक ने सुशील मल्होत्रा और रूबी मल्होत्रा का स्नेहपूर्वक स्वागत किया और उनके उज्जवल नेतृत्व की कामना की। इस अवसर पर अनेक पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सोनलाल पारिक, मनोहर देव, कीर्ति कांत सेठ, रमेश तिवारी, कमल भुराडिया, संजीव गुप्ता, लोकेन्द्र पापालाल, धीरेंद्र दत्ता, डॉ गजेन्द्र सिंह नारंग, डॉ रितु ग्रोवर सहित इंदौर, भोपाल, धार, सोनकच, मेघनगर से अनेक वरिष्ठ रोटेरियन उपस्थित रहे।

# 30जनवरी शहीद दिवस और अपने अवतरण दिवस पर राजेश प्रसाद गुप्ता ने किया अपना 51वी बार रक्तदान और 500 जरुरत मंद लोगो के बिच भोजन प्रसाद वितरण

## रियल हीरो वरीय समाज सेवी राजेश प्रसाद गुप्ता ब्लड मैन

सुपरमैन,स्पाइडर मैन,बैटमैन और न जाने कितने सुपर हीरो की कहानिया तो आपने बहुत देखी और पढ़ी होंगी, लेकिन वो काल्पनिक होती है लेकिन हम जिस हीरो की बात कर रहे है वो तो रियल लाइफ का सुपर हीरो है।एक ऐसा हीरो जो सिस्टम से लड़ता है ऐसा हीरो जो दूसरों की जिंदगी के लिए जद्दोजहद करता है ऐसा हीरो जो चौबीसों पहर दुसरो की मदद के लिए तैयार होता है।अगर इस मतलबी दुनिया मे जब लोग बिना किसी लाभ के किसी को एक ग्लास पानी तक नही देता हो उस जमाने मे कोई शख्स अगर मौत से जूझते मरीज के लिए अपना खून देता है तो वह मेरी नजर में उससे बड़ा रियल हीरो है दूसरा कोई नही।मैं बात कर रहा हूँ सिंगरौली के ढुढिचुआ परियोजना में रहनेवाले 35 वर्षीय युवा श्री राजेश प्रसाद गुप्ता जी ।

राजेश प्रसाद गुप्ता जी को आज मैं नाम दे रहा हु ब्लडमैन की।जी हां ब्लडमैन.. अगर किसी को खून की जरूरत हो चाहे वो दिन हो या रात चाहे सिंगरौली, सोनभद्र, पटना, रांची, दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, बंगलोर या कश्मीर से कन्याकुमारी तक अगर आप राजेश प्रसाद गुप्ता से संपर्क करते है तो यह शख्स फरिश्ता बनकर किसी न किसी रूप में वहाँ पहुंच पहुंच जाता है। यह सिलसिला पिछले 21वर्षो से चला आ रहा है। राजेश प्रसाद गुप्ता ने अपनी जिंदगी को परिश्रम की आग में ऐसा तपाया है कि आज वह खड़ा सोना बनकर निखर रहा है।कभी पॉकेट खर्च चलाने के लिए 200 रुपये की नौकरी करने वाले राजेश प्रसाद गुप्ता आज अपनी मेहनत के बल पर सेकड़ो परिवारों के लिए मसीहा से कम नही क्योंकि उनके घरों के चूल्हे



राजेश के कारण जलते है।राजेश प्रसाद गुप्ता आज कोल् इंडिया एन सी एल के ढुढिचुआ परियोजना में जूनियर इंजीनियर के पद पर काम करते है और उसी कोयले की खान का असली हिरा है वो लेकिन इतना होने के बाद वो सिस्टम से लड़ते है हमेशा सच का साथ देते है! कई बार हताश होते है ,निराश होते है लेकिन हिम्मत नही हारते है।

फिर नयी सुरुवात करते है! वैसे तो राजेश इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और संत जॉन एम्बुलेंस असोसिअशन नामक संस्था से जुड़े है और प्राथमिक उपचार और होम नर्सिग की लेक्चरल की डिग्री ली और भोज यूनिवर्सिटी से मास्टर इन सोशल वर्क की पढाई भी की है ! यह संस्था का मुख्य काम मानव सेवा है और हर साल कई सामाजिक विषयों को लेकर यह आयोजन करती है कई लोगो को सम्मानित करती है।सब कुछ इतना आत्मीय और निस्वार्थ भाव से होता है कि आज तक इस आयोजन पर किसी की अंगुली नही उठी है। लेकिन इससे इतर राजेश प्रसाद गुप्ता की सबसे बड़ी पहचान है ब्लडमैन वाली।राजेश खुद अब तक 51 बार ब्लड डोनेट कर चुके है और 350 से जद्दा बार सम्मानित भी हो चुके है और बातो बात में बताया की कोरोना काल में लोग घर में छुपे बैठे थे तो राजेश गुप्ता और उनकी टीम हॉस्पिटल से शमसान तक बिना अपनी जान की परवाह किये लोगो की निस्वार्थ भाव से मदद की और वो सारा श्रेय उनके साथ उनकी एक आवाज पर रक्दान करने वालो बड़े और छोटे भाई -बहन को को देते है की जो है जिससे आज उनकी इतनी बड़ी पहचान है । उन्होंने सोशल साइट पर हजारो लोगो का एक ग्रुप बना रखा है जो जरूरतमंदों को ब्लड देते है।

# पूर्व भाजापा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान का जन्मदिन शुभचिंतक ने धूमधाम से मनाया

शैलेन्द्र चौहान केसरिया हिन्दुस्तान



**बाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान का 30 जनवरी को जन्मदिन है शुभचिंतक उन्हे पप्पू भैया के नाम पुकाराते है सहज। सरल व्यवहार होने के करण सम्पूर्ण रायसेन जिले में लोकप्रिय है राजनीति में हमेशा किंगमेकर की भूमिका निभाने वाले धर्मेन्द्र सिंह चौहान भोजपुर विधानसभा एवं उदयपुरा में जनप्रिय नेता के साथ-साथ सरपंच जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य संघ अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष बाड़ी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष रायसेन के पूर्व यशस्वी जिला अध्यक्ष का दायित्व के समय जिले की चारों विधानसभा में भाजपा ने अपना परचम लहराया था जो आप के नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है पार्टी के अनेक पदों पर सुशोभित होकर भाजपा के कर्मठ सिपाही धर्मेन्द्र चौहान जी की धर्म पत्नी श्रीमती ममता धर्मेन्द्र चौहान वर्तमान में नगर परिषद बाड़ी की अध्यक्ष पद पर रहते हुए नगर में विकास की गाथा लिख रही हैं।प्रियजन जन्मदिन पर शुभकामनाएं बधाई संदेश प्रेषित कर मंगलमय जीवन की कामना की है

# अमरकंटक में 3, 4 एवं 5 फरवरी को आयोजित होगा भव्य नर्मदा महोत्सव

## नर्मदा महोत्सव के मौके पर धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन, सांस्कृतिक और एडवेंचर खेलों का होगा समागम

शहडोल/अनूपपुर। अंतरराष्ट्रीय पहचान स्थापित करने वाली मां नर्मदा की उद्गम स्थली अनूपपुर जिले की धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक में तीन, चार एवं पांच फरवरी को तीन दिवसीय धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन और एडवेंचर खेलों का समागम अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 में देखने को मिलेगा इस महोत्सव को और अधिक रोमांचक बनाने हेतु पहली बार रोमांचक गतिविधि के साथ ही टेंट सिटी, और लेजर लाइट शो आयोजन को भव्यता प्रदान करेगा।



**3 फरवरी से प्रारंभ होगा तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम** : नर्मदा जयंती 4 फरवरी के 1 दिन पूर्व से आरंभ होने वाले इस भव्य एवं दिव्य आयोजन में धर्म, संस्कृति, आस्था और पारंपरिक कला, भक्ति, धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ भव्यता एवं विविधता प्रदान करने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित होगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा महोत्सव-2025 की जानकारी देते हुए बताया है कि नर्मदा जयंती के एक दिन पूर्व यानी 3 फरवरी 2025 से आरंभ होने वाले तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा महोत्सव-2025 के पहले दिन 3 फरवरी को प्रात: 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास अमरकंटक स्थित मैकल पार्क पर आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 10 से दोपहर 1:00 बजे तक मां नर्मदा शोभा यात्रा मां नर्मदा मंदिर प्रांगण से दीनदयाल चौक तक आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात अखंड कीर्तन मां नर्मदा मंदिर परिसर में अपरान्ह 1 बजे से प्रारंभ होगा। अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 का उद्घाटन कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से रामघाट अमरकंटक में आयोजित होगा। शांय 6:30 से रामघाट में महा आरती एवं लेजर लाइट शो आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 8:00 बजे से रामघाट परिसर में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया है कि 4 फरवरी 2025 मंगलवार को प्रात: 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास मैकल पार्क में, पूजन एवं हवन प्रात: 10:00 बजे से मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में कन्या भोज एवं महाप्रसाद दोपहर 12:00 से मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में महाआरती एवं लेजर लाइट शो शाम 6:30 बजे से रामघाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रामघाट परिसर में तथा विशेष प्रस्तुति के रूप में भक्ति गीतों के प्रख्यात गायक बाबा हंसराज रघुवंशी द्वारा शाम 8:00 से सर्किट हाउस अमरकंटक के पीछे स्थित मेला ग्राउंड में दी जाएगी।

**सम्मान समारोह के साथ होगा समापन** : अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 के तहत तीन दिवसीय आयोजन का समापन 5 फरवरी बुधवार को आयोजित होगा। इस संबंध में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया है कि महोत्सव के तीसरे दिवस प्रात: 7:00 बजे से 8:00 तक योगाभ्यास कार्यक्रम मैकल पार्क में दोपहर 2 से शाम 6:00 बजे तक रामघाट में सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6:30 से महाआरती एंव लेजर लाइट शो रामघाट परिसर में तथा स्थानीय लोक कला मंच सांस्कृतिक संध्या एवं सम्मान समारोह शांय 8:00 बजे से रामघाट में आयोजित होगा इसके साथ ही कार्यक्रम का समापन होगा।

# पूजा कुशवाहा का सपना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से होगा पूरा




**शहडोल/अनूपपुर।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पथ विक्रेताओं के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के अंतर्गत लोग अपना खुद का व्यवसाय करने का सपना पूरा कर रहे है। इसी कड़ी में अनूपपुर नगर की वार्ड नंबर-13 अनूपपुर बस्ती की निवासी श्रीमती पूजा कुशवाहा पति राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा जिन्हें पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसे पाकर वह अत्यंत प्रसन्न है। हितग्राही श्रीमती पूजा कुशवाहा का कहना है कि वह अपना स्वयं का किराने का व्यवसाय करना चाहती थी, परंतु आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह स्वयं का व्यवसाय शुरू नहीं कर पा रही थी। उन्होंने बताया कि पीएम स्व-निधि योजना उनके जीवन में खुशियों की चाबी बनकर आई है उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से 10 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है, उसे वह अपना किराने का व्यवसाय शुरू करेंगी। इस हेतु उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# चोरी के 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल।** फरियादी संतोष सिंह पिता स्व. तिलकराज सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम विरौड़ी थाना जैतपुर की रिपोर्ट पर थाना जैतपुर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना मंगलवार को चोरी में शामिल आरोपी क्रमश: करण सिंह चंदेल पिता रामेश्वर सिंह चंदेल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम विरौड़ी, ईश्वरप्रसाद गुप्ता पिता छग्गेलाल गुप्ता, ओमप्रकाश सोनी उर्फ लाला पिता बलवंत सोनी, रामकुशल गुप्ता पिता सुन्नीलाल गुप्ता एवं रामकुमार गुप्ता पिता लाल्लाराम गुप्ता सभी निवासी ग्राम बिरौड़ी को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से चोरी गया मशरुका कीमती लगभग 10,000/- रुपये जप्त किया गया। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।




# कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 76 गणतंत्र दिवस समारोह



राधेश्याम गुप्ता ब्यूरो चीफ

कमासिन मुख्यालय में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक ने अपने सहायक अध्यापक दिनेश तिवारी और अनुदेशकों के सहयोग पर 76 गणतंत्र दिवस कार्यक्रम किया यही नहीं छात्राओं छात्र कांपी पेंशन जैसे महत्वपूर्ण सामग्री साथ मिष्ठान वितरण किया इस कार्यक्रम के दौरान राजेश कुमार खंड शिक्षा अधिकारी बच्चीलाल यादव ए आर पी सभी शिक्षिकायें स्टाप मौजूद रहे, जब से खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्य करना प्रारंभ किया क्षेत्र विद्यालयों का भ्रमण करते रहते हैं

## विनोवा इंटर कालेज प्राइमरी पाठशाला प्राचीन में मनाया 76 गणतंत्र दिवस

राधेश्याम गुप्ता ब्यूरो चीफ

विकास खंड कमासिन मुख्यालय पर विनोवा इंटर कालेज नंबर वन शिक्षा व क्षात्र क्षात्राओ संख्या चल रही है, प्रधानाचार्य चंद्रपाल सिंह ने जब कार्यभार संभाला तब कालेज संख्या शिक्षा बढ़ गई एक समय यह कालेज टूटने कगार पर चल रहा था प्रधानाचार्य का कहना विद्यालय एक मंदिर होता शिक्षक कार्य अच्छी शिक्षा देना और छात्र छात्राओं को ग्रहण करना जिससे अपने माता पिता विद्यालय नाम रोशन होता। इस विद्यालय ज्ञानवर्धक कार्यकम होते रहते इसी तरह प्राइमरी पाठशाला प्राचीन में तीरथ प्रसाद गुप्त प्रधानाध्यापक ने यही हाल लोग सरकारी विद्यालय में प्रवेश करने को डरते रहे। सभी शिक्षक शिक्षिकायें स्टाप मौजूद रहे

# पुलिस ने 07 साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**शहडोल।** जेएमएफसी जैतपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 220/17 धारा 341,294,323,506,34 भादवि मे जारी स्थाई वारंट के पालन में वारंटी राजा पांडो पिता गोल्ला पांडो उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम चकौड़िया थाना जैतपुर जिला शहडोल जो 07 वर्षो से फरार चल रहा था। जैतपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को आरोपी राजा पांडो को गिरफ्तार कर न्यायालय जैतपुर पेश किया गया। जिसे न्यायालय द्वारा उप जेल बुढार भेजा गया।

# समग्र पोर्टल सर्वर माइग्रेशन की प्रक्रिया हेतु 4 से 10 फरवरी तक रहेगा बंद

**शहडोल/अनूपपुर।** अपर कलेक्टर दिलीप पांडेय ने बताया कि सर्वर माइग्रेशन की प्रक्रिया हेतु 4 से 10 फरवरी 2025 की रात्रि तक किया जाना है, इस दौरान लगभग 6 दिन तक समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को पूर्णत: बंद रहेगा। उल्लेखनीय है कि एमपीएससी डीसी द्वारा संचालित समग्र एप्लीकेशन पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को नए सर्वर इंफ्रा में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की जानी है। जिससे कि समग्र एप्लीकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होकर समग्र एप्लीकेशन से बेहतर सेवाएं प्राप्त हो सकेगी।



# आनंद उत्सव के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम

शहडोल। आनंद उत्सव के तहत जिले के सोहागपुर अंतर्गत गोला फेक, कुर्सी दौड़, रेत पर दौड़, रस्सा खींच, जल दौड़, मटकी फोड व अन्य खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व अन्य लोग उपस्थित थें।

# जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 8 फरवरी को

शहडोल। प्राचार्य पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय ब्यौहारी ने जानकारी दी है कि जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ, ब्यौहारी जिला शहडोल की कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 8 फरवरी 2025 को प्रात: 11:30 बजे से 1:30 तक शहडोल जिले के पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ, ब्यौहारी शहडोल में आयोजित की जाएगी।

# नशा मुक्त बनाने निकाली गई रैली, लोगों ने लिया संकल्प

**शहडोल।** जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने जानकारी दी है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर नशा मुक्त समाज बनाने एवं नशा से होने वाले दुष्यपरिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। उन्होंने बताया कि जिले के ग्राम पंचायत बरकोड़ा, पैलवाह, करकी में जागरूकता रैली निकाली गई तथा नशा मुक्त समाज बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया।



# शहीदों की स्मृति में किया गया मौन धारण

शहडोल। शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय एवं सीएमएचओ कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते, भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिया एक्का, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

## कुष्ठ निवारण दिवस पर सीएमओ कार्यालय से जन जागरूकता रैली हुई रवाना, 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान : सीएमओ

### जागरूकता ही बीमारी से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है : डॉ. अजय कुमार वर्मा

### आइए मिलकर जागरूकता फैलाए, भ्रातियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। जागरूकता अभियान के तहत बृहस्पतिवार को सीएमओ कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा, डीसीपीएम डॉ. पारुल शर्मा और अर्बन कोऑर्डिनेटर फौजिया खानम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कुष्ठ निवारण दिवस पर शुरू हुए अभियान में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने कुष्ठ उन्मूलन के लिए शपथ ग्रहण की। इसके बाद जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया साथ ही जिलाधिकारी का संदेश पढ़ा गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा । इस वर्ष के लिये निर्धारित थीम 卐आइए मिलकर जागरूकता फैलाऐं, भ्रातियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये卐 है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता और ज्ञान का अभाव कलंक, भेदभाव की ओर ले जाता है जिसके कारण कुष्ठ के संचरण और उपचार से संबंधित गलत धारणाएं समाज में फैलती हैं। इस वर्ष भी कुष्ठ निवारण दिवस पर 14 दिवसीय कुष्ठ पखवाड़े का आयोजन स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप में किया जाएगा। जागरूकता ही बीमारी से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है। सीएमओ ने बताया कि अभियान के तहत जनपद की सभी ग्राम सभाओं में बैठक का आयोजन करते हुए पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, महिला और बाल विकास, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, समुदाय आधारित संगठन, गैर सरकारी संस्थान, स्वयं सहायता समूह के सहयोग व समन्वय से कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिए समाज में जागरूकता लाई जाएगी। नगर क्षेत्र में विद्यालयों, नगर निगम, आदि में जिलाधिकारी का संदेश पढ़ा जाएगा। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. वी.डी गौतम ने बताया कि माइकोबैक्टेरियम लेप्री नामक जीवाणु से कुष्ठ रोग होता है। इस रोग में मरीज के हाथों पैरों की परिधीय तंत्रिका, त्वचा, नाक की श्लेष्मा और ऊपरी श्वसन तंत्र प्रभावित होता है। डॉ. वी.डी गौतम ने बताया कि ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ मुक्त भारत का सपना साकार करने के लिए कुष्ठ रोगियों के परिवार के स्वस्थ व्यक्तियों व उसके आस-पास के 10 घरों के स्वास्थ व्यक्तियों के (कॉन्टेक्टस) को कुष्ठ रोग से सुरक्षित रखने के लिए रिफामपसिन दवा की सिगल सुपरवाइज्ड डोज दिया जाना प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर ,एसीएमओ डॉ. संजीव यादव, डॉ. आलोक कुमार, डॉ अनुज चौधरी, डॉ. पियूष सोनी, डॉ भूदेव सिंह, डॉ अनुज यादव, डॉ चित्रेश कुमार, डीपीएम संजय सिहोरिया, डीएचईआईओ जितेन्द्र सिंह, आर.के सिंह , आर.डी यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, नेहा चौबे, रागिनी तथा एनएमटीसी की छात्राएं और आशाएं उपस्थित रहे।




# बिना अनुमति बज रहा था डीजे पुलिस ने किया जप्त

देवी सिंह राजपूत



सोनकच्छ बिना अनुमति बज रहा था डीजे पुलिस ने किया जप्त बुधवार को पुलिस विभाग द्वारा नियम विरुद्ध बज रहे एक डीजे वहां जप्त कर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने जानकारी देते बताया कि विवाह समारोह में नियम विरुद्ध डीजे बजाया जा रहा था सूचना पर पुलिस जवानों को मौके पर भेजा जिन्होंने श्री पीपीलेश्वर महादेव मंदिर मार्ग पर आईसर एच आर 55जे2957 जिस पर डीजे साउंड सिस्टम कसा होकर बजाय जा रहा था जांच की ओर पाया कि डीजे बिना अनुमति के बजे जा रहा था तब डीजे संचालक के विरुद्ध जिला कलेक्टर के आदेश की अवलेहना करने तथा डीएनए से की धारा 223 व मध्य प्रदेश कोलाहल अधिनियम की धारा 7/15 का प्रकरण दर्ज कर डीजे को जप्त किया गया

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# साइबर जागरुकता के संबंध में कार्यशाला आयोजित

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा साइबर क्राइम के प्रति आमजनमानस को जागरुक करने एवम् साइबर जागरुकता अभियान में आमजनमानस की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय/कॉलेजों आदि में जनपदीय पुलिस को साइबर कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में जनपद के थाना मछरहेटा टीम द्वारा जी0एन0डी0 इंटर कालेज ग्राम तथा बंशीधर युव वन इण्टर कॉलेज कस्बा मछरेहटा में, थाना नैमिषारण्य टीम द्वारा आचार्य स्वामी अचित्यानन्द विद्यालय में, थाना लहरपुर टीम द्वारा बिसवां गेट पर, थाना सकरन टीम द्वारा सूर्य प्रताप इण्टर कॉलेज सुखदेव नगर गडोसा में, थाना तालगांव टीम द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परसेण्डी में, थाना हरगांव टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कस्बा हरगांव तथा ओ.एन.जी.सी कम्युनिटी स्कूल पैंतला हरगांव में, थाना खैराबाद टीम द्वारा स्टडी प्वाइंट स्कूल कस्बा खैराबाद में, थाना इमलिया सुल्तानपुर द्वारा सेवा सदन इण्टर कॉलेज काजीकमालपुर में तथा थाना अटरिया टीम द्वारा पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज जजौर तथा स्वरचना स्कूल कन्टाइन अम्बरपुर में साइबर कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें साइबर जागरुकता अभियान चलाकर आमजनमानस/विद्यार्थियों को साइबरस्पेस में छिपे खतरों और जिम्मेदारी से कार्य/प्रयोग करने के तरीके के बारे में जागरुक करने का प्रयास करते हुए बताया गया कि साइबर अपराध के मामलों में एक साइबर अपराधी किसी उपकरण



का उपयोग उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत/गोपनीय जानकारी या किसी डिवाइस को अक्षम करने के लिये कर सकता है। सूचनाओं को ऑनलाइन बेचना या खरीदना भी एक साइबर अपराध है। विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर लोग अपनी व्यक्तिगत जानकारियाँ साझा करते हैं, जिससे हैकर्स इन सोशल नेटवर्किंग एकाउंट्स को आसानी से हैक कर लेते हैं और फिर प्राप्त सूचना का दुरुपयोग करते हैं। साइबर अपराधियों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले कुछ सामान्य तरीके साइबर बुलिंग, पहचान चुराना, द्वेषपूर्ण फाइल एप्लीकेशन, नौकरी से संबंधित जालसाजी, बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में चर्चा करते हुए बच्चो को साइबर बुलिंग से बचने के तरीको जैसे-अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, निजी सूचना साझा न करने, प्राइवेसी सेटिंग बनाये रखने आदि के संबंध में बताया गया। साथ ही सोशल मीडिया फेसबुक/एक्स/इंस्टाग्राम आदि पर किसी भी वायरल खबर की सत्यता परखे बिना उसे प्रसारित करने में सहयोग न करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर अपराध के अन्य विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को फेक न्यूज और साइबर अपराध के विरुद्ध उत्तर प्रदेश पुलिस के अभियान में डिजिटल वॉरियर के रूप में युवाओं को सक्रिय रूप से भागीदारी करने हेतु प्रेरित किया गया एवं कार्यशाला मे डिजिटल वॉरियर के विषय में बताया गया कि यूपी पुलिस की इस नई पहल का उद्देश्य-स्कूल/कॉलेज/यूनिवर्सिटी के छात्रों एवम् सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स के सहयोग से फर्जी खबरो पर अंकुश लगाना और साइबर खतरों की पहचान करने और उनका प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिये डिजिटल वॉरियर के माध्यम से आमजनमानस को प्रशिक्षित/जागरुक करना है। प्रशिक्षित डिजिटल वॉरियर्स आलोचनात्मक सोच को विकसित कर किसी भी जानकारी का विश्लेषण और सत्यापन करके साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज़ को रिपोर्ट करने, साथ ही सामाजिक दायरे में फेक न्यूज़ एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवारिजनों एवं मित्रों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान फेक न्यूज़ की पहचान और उसके प्रसार को रोकने के तरीकों पर चर्चा की गई। साथ ही पुलिस ने यह भी बताया कि साइबर अपराध करने या उसका प्रयास करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चो कोओरल केयर द्वारा दंत सुरक्षा की जानकारी दी गई



**खैराबाद सीतापुर ।** आर.जे.जे.एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे ओरल केयर की एक टीम द्वारा छात्र छात्राओ को दांतो की सुरक्षा करने , उचित ढंग से ब्रश करने के तरीके की जानकारी दी गई। टीम मेम्बर ने बच्चो को दिन मे दो बार ब्रश करने के लिये प्रेरित किया साथ ही उन्होने बच्चो को ब्रश कैसे करना है इसकी जानकारी दी। साथ ही बच्चो को एक दंतमंजन,ब्रश व एक ब्रशिंग कैलेण्डर दिया गया। टीम मेम्बर के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिये एक प्रशस्ति पत्र विद्यालय प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल, प्रबंधक कुलदीप जयसवाल, उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस व अन्य शिक्षक शिक्षिकाऐ व बच्चे उपस्थित थे।

# कार सवार दो लोगों को मौके पर दर्दनाक मौत

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत गुरुवार को बीती रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में जहां हाइवे पर कुंम्भ से वापस आ रही कार ट्रक में टकराई सिधौली मिश्रिख मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मारी दोनों घटनाओं में कुल मिला कर कार सवार दो लोगों को मौके पर दर्दनाक मौत हुई और आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हुए घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है।राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती देर रात थाना कमलापुर क्षेत्र गांव बरईजलालपुर के निकट गुरू नानक ढाबे के पास लखनऊ से सीतापुर की तरफ जा रही बरूना कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई जिसमें दो



लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे लोगों को बड़ी मुश्किल से निकाला और तुरंत घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां चारों का इलाज चल रहा है दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि रात डेढ़ बजे के करीब सड़क हादसा हुआ हादसे में पंकज मिश्रा निवासी मनकापुर थाना महोली श्याम बिहारी पुत्र भोलानाथ निवासी नियाजपुर चौकी बड़ागांव थाना महोली की मौके पर मौत हो गई ।और लाल बिहारी वर्मा पुत्र राकेश वर्मा निवासी मुण्डाहुसा चौकी बड़ागांव हरिओम पुत्र भोलानाथ, आयूष पुत्र महेन्द्र वर्मा निवासी उपरोक्त तथा अमित पुत्र बहादुर लाल निवासी मुगला खेड़ा जनपद खीरी गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया जिनका इलाज जिला अस्पताल सीतापुर में चल रहा है । दोनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं दूसरी घटना सिधौली मिश्रिख मार्ग पर कोनीघाट पुल के निकट थाना संदना क्षेत्र में बीती देर रात अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में ठोकर मारी बाइक सवार ग्राम पालीहर निवासी मिथलेश (21) पुत्र श्रीराम थाना खैराबाद के ग्राम बरूहा रामशाला निवासी जीतू (30 )वर्ष पुत्र माया राम बाइक को टक्कर मार दी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिधौली पहुंचाया गया जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देख चिकित्सक ने दोनो घायलों को उपचार हेतु लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। कुल मिलाकर दोनों मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हुई है और आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हुए हैं और दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# आर. आर.आर.सेंटर का उद्घाटन तहसीलदार नितिन ने फीता काटकर किया




**सिधौली -सीतापुर।** तहसील मुख्यालय पर नगर के मोहल्ला बहादुरपुर में आर. आर.आर.सेंटर का उद्घाटन तहसीलदार नितिन सिंह आई.ए.एस. द्वारा फीता काटकर किया और देख कर कार्यों की सराहना की। नगर पंचायत, सिधौली द्वारा इस बार मोहल्ला बहादुरपुर में आर.आर.आर.सेंटर को बेहद आकर्षक बनाया गया है। जैसे ही आप आर आर आर सेंटर प्रवेश करेंगे आपको क्यारियों मे औषधीय पेड़ मिलेंगे इसके अलावा सेल्फी पॉइंट का भी निर्माण किया गया है। इस के अतरिक्त वर्टीकल गार्डन को भी तैयार किया गया है। आगे कमरे मे जहाँ पुराने कपड़ो को रखने के लिए रैक बनाई गयी हैं तो वही दीवालों पर पुराने कप्स और प्लेट्स से आकर्षक फ्रेम्स तैयार किये गए है। सबसे आकर्षक है लाइब्रेरी का निर्माण। लाइब्रेरी मे पढ़ने के लिए एक बरामदा व एक रूम है।आज उद्घाटन में तहसीलदार सिधौली ने आर आर आर सेंटर का उद्घाटन कियाऔर इस दौरान वहां पर किये गए कार्यों को देखा और उसकी सराहना की। इसके बाद उन्होंने कम्पोस्ट पिट और एमआरएफ सेंटर के कार्यों के बारे मे जाना। इस दौरान अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, रेणुका यादव अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत , दिग्विजय शुक्ला मुन्नन गीता भार्गव, हरिनाम, रंजीत यादव, राजेंद्र गुरु, प्रशांत भार्गव सभासद व सभासद प्रतिनिधियों के साथ लिपिक बीनू भास्कर, कार्यालय सहायक प्रशांत कुमार, वीरेंद्र कुमार, शैलेश पटेल, मुकेश कुमार, दीपक, अमन मनीष आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन




**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार को स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड कलेक्शन एवं ट्रांपोर्टेशन वैन में लोगो द्वारा रक्तदान किया अस्पताल के कर्मचारियों में महिला कर्मी भी शामिल रही सभी ने ब्लेड डोनेट किया। ब्लेड कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन वैन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कर्मचारियों और महिला कर्मियों ने ब्लेड डोनेट किया इनके अतिरिक्त अन्य कई लोगो ने भी रक्तदान किया केन्द्र अधीक्षक डॉ0आनंद सिंह ने बताया कि रक्तदान प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए आपका दिया हुआ रक्त किसी दूसरे व्यक्ति की जान बचा सकता है श्री सिंह बताया कि कई जागरूक लोगो ने भी ब्लड डोनेट किया है।

# बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्रॉली का लगता है सड़क पर जमावड़ा

## गुड बेल मालिक कमाल के सड़क पर अवैध तरीके से गन्ना खरीद के कारण लगातार हो रहे हादसे

**झरेखापुर सीतापुर।** जनपद के थाना हरगांव क्षेत्र की झरेखापुर चौराहे पर सुबह 5:00 से घने कोहरे के बीच में अवैध तरीके से गन्ने के दलालों के द्वारा सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली से यातायात मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जाता है और गन्ना बेल वालों से मिली भगत से क्रय विक्रय किया जाता है जिससे आए दिन हादसे होते हैं परंतु इन गन्ना दलालों और गुड बेल मालिकों के ऊपर इस चीज का कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उन्हें सिर्फ और सिर्फ अपने व्यापार से मतलब है किसी की जान की कीमत उनके लिए कुछ भी नहीं। झरेखापुर चौराहे पर ही कमाल नामक एक गुड बेल का व्यापारी है जिसने अपने लाइसेंस के विपरीत अधिक मात्रा में गन्ने का स्टॉक कर रखा है और सुबह 5.00 बजे से गन्ने की खरीदारी करने लगता है जिसके द्वारा ट्रालियां रोड से लेकर गुड़ बेल तक लाइन से




खड़ी करवा देता है इस समय कोहरे के बीच लगातार एक्सीडेंट हो रहे हैं और वही जानकारी तो इस कदर है की गुड बेल व्यापारी कमाल द्वारा एक्सीडेंट होने के बाद अपने ट्रैक्टर ट्राली को बचाने के लिए चोटिल को ही डराया धमकाया जाता है । दिनाक 30 जनवरी को सतेंद्र सिंह निवासी लखीमपुर अपने परिवार के साथ सुबह 6:00 बजे के करीब लखनऊ के लिए निकलते हैं और उनकी गाड़ी इन्हीं कमाल की गुड बेल के सामने रोड पर खड़ी विपरीत दिशा में ट्रैक्टर ट्राली से घने कोहरे के कारण लड़ जाती है चोटिल अपनी गाड़ी से किसी प्रकार से निकलता है और अपने परिवार को निकालता है तब तक गुडवैल मालिक कमाल और कुछ अन्य लोग इकट्ठा हो जाते हैं और ट्रैक्टर ट्राली को भगा देते हैं वही पीड़ित के द्वारा एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया जाता है जिसको छुड़ाने के लिए गुडबेल मालिक कमॉल के द्वारा चोटिल हुए सत्येंद्र सिंह व उनके परिवार के साथ मारपीट व गाली गलौज की जाती है वही तब तक पुलिस के आ जाने पर उस ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा चौकी पर ले जाया जाता है जहा पर पीड़ित द्वारा प्रार्थना पत्र भी दिया जाता है।

# समय पूर्ण होने से पहले जन्में बच्चों की देखभाल एवं उपचार बेहतर मुहैरया हो सके-डीएम



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज जिला महिला चिकित्सालय में नवनिर्मित 20 एस0एन0सी0यू0 वार्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने नवजात शिशुओं को उपलब्ध कराये जा रहे चिकित्सा सुविधाओं, भर्ती नवजात शिशुओं एवं उपलब्ध मशीनों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि शिशुओं की सभी जाचों हेतु पैथालोजी का निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों से कहा कि हम लोगों का लक्ष्य बेहतर होना चाहिये ताकि समय पूर्ण होने से पहले जन्में बच्चों की देखभाल एवं उपचार बेहतर मुहैय्या हो सके तथा शिशुओं के परिजन को जानकारी दें कि जो भी सुविधा यहां मुहैय्या करायी जा रही है, वह अन्य जनपदों में मुहैय्या करायी जायेंगी। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि तीमारदारों के ठहरने हेतु उचित व्यवस्था की जाये ताकि उनको किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुनीता कश्यप, एस0एन0सी0यू0 वार्ड के नोडल अधिकारी डा0 प्रदीप कुमार मिश्रा, डा0 आर0के0 शुक्ला सहित संबंधित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## 39वां श्री चण्डी महायज्ञ एवं संत सम्मेलन कार्यक्रम की शुभारंभ

**सिधौली-सीतापुर।** तहसील अंतर्गत गांव जगदीशपुर मजरा न्योराजपुर स्थित माता पचकारिया धाम में गुरुवार को 39वां श्री चण्डी महायज्ञ एवं संत सम्मेलन कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया जिसका समापन विशाल भण्डारे के साथ सात फरवरी 025को किया जाएगा। श्री चण्डी महायज्ञ एवं संत सम्मेलन कार्यक्रम में गुरुवार को पुरोहितों द्वारा यज्ञ मंडप में अरणी मंथन कर आग प्रज्वलित की गई। तत्पश्चात हवन पूजन व मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ की विधिवत धूम धाम से शुरुवात की गई। आयोजक यज्ञध्यक्ष हिमांशू मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम 30 जनवरी 25 से प्रारंभ होकर सात फरवरी 25 तक चलेगा। कार्यक्रम में सुबोध मिश्रा, अभिशेष मिश्रा, राजन महराज, आशीष बाजपेई, प्रवीण मिश्रा तथा हरिप्रिय शुक्ला द्वारा दोपहर व शाम को प्रवचन के माध्यम से लोगों को रसपान कराएंगे। उन्होंने ये भी बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन श्रीमद भागवत कथा तथा राम झांकी सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे साथ ही सात फरवरी 25 को यज्ञ समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# रामनगरी में चार श्रद्धालुओं की मौत, 12 अस्पताल में भर्ती

**अयोध्या।** रामनगरी में चार श्रद्धालुओं की तबियत विभिन्न कारणों से खराब हो गई है। उन्हें इलाज के मेडिकल कॉलेज और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा 12 अन्य श्रद्धालु घायल होकर अस्पताल में भर्ती हुए हैं।

बुधवार की दोपहर तक 14 श्रद्धालु मेडिकल कॉलेज पहुंचे हैं। इनमें श्रावस्ती के कैलाशपुर निवासी संगम (80) व बस्ती के बांसा निवासी आलोक को पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया गया। मृतक संगम



के परिजनों ने बताया कि वह दर्शन करने जा रहे थे, इस बीच अचानक रक्तचाप बढ़ने से उनकी हालत खराब हो गई। वहीं, मृतक आलोक कुमार किसी दुर्घटना में घायल होकर पहुंचे थे। उन्हें ने मृत घोषित कर दिया गया। खजुरहट प्रतिनिधि के अनुसार हैदरगंज थाना क्षेत्र के रमवाकला निवासी सोना देवी (50) मंगलवार की शाम को प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए परिजनों और गांव के कुछ लोगों के साथ खजुरहट रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं। ट्रेन आने के दौरान भीड़ होने से ट्रेन पर नहीं बैठ पाई। इस बीच अचानक चक्कर आने से उनकी हालत खराब हो गई और वह बेहोश हो गई। साथ में मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया। जांच-पड़ताल के बाद डॉ. धर्मेंद्र रंजन ने मृत घोषित कर दिया। बीकापुर प्रतिनिधि के अनुसार अयोध्या दर्शन करने आ रहीं भोपाल निवासी रुक्मणी (45) की बुधवार सुबह चौरे बाजार के पास अचानक तबियत खराब हो गई।

# आरोपी सांसद राकेश राठौर को पुलिस ने उनके आवास से किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना कोतवाली नगर पर राकेश राठौर, सांसद लोकसभा (सीतापुर) के विरुद्ध अभियोग संख्या- 16/2025 धारा 64 बी0एन0एस0(आई0पी0सी0 धारा 376), 351(3) बी0एन0एस0, 127(2) बी0एन0एस0, दिनांक 17.01.2025 को पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग में पुलिस द्वारा विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए आरोपी राकेश राठौर, सांसद लोकसभा (सीतापुर) को उनके



आवास से पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हें चिकित्सीय परीक्षण एव अन्य नियमानुसार विधिक कार्यवाही के उपरांत मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# सूर्य सप्तमी पर स्कूलों में सूर्य नमस्कार को लेकर विवाद, मुस्लिम संगठनों ने कहा- धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन

**जयपुर।** राजस्थान के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी एक आदेश ने धार्मिक विवाद को जन्म दे दिया है। निदेशालय ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को 3 फरवरी को सूर्य सप्तमी के अवसर पर 20 मिनट का अनिवार्य सूर्य नमस्कार कराने का निर्देश दिया है।

शिक्षा विभाग का कहना है कि इस अभ्यास से विद्यार्थियों की एकाग्रता और बौद्धिक विकास में मदद मिलेगी। हालांकि, मुस्लिम संगठन जमाअते इस्लामी हिन्द, राजस्थान, जमीअत उलमा-ए-हिन्द, ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल, राजस्थान, वहदते इस्लामी हिन्द, जमीअत अहले हदीस, जयपुर शिया कम्युनिटी, एस. डी. पी. आई, वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया, ए. पी. सी. आर, राजस्थान, जमीअतुल कुरेश, राजस्थान, मुस्लिम तैली महापंचायत, राजस्थान, शैख जमीअतुल अब्बास, कायमखानी समाज, समाज सेवा दल ने इस आदेश का कड़ा विरोध किया है। मुहम्मद निजामुद्दीन का कहना है कि इस्लाम में एकेश्वरवाद में विश्वास किया जाता है और सूर्य की पूजा उनके धार्मिक सिद्धांतों के विरुद्ध है।

विरोध करने वाले संगठनों ने संविधान की धारा 25, 26 और 28 का हवाला देते हुए कहा कि सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में किसी विशेष धर्म से जुड़े निर्देश नहीं दिए जा सकते। साथ ही, किसी भी विद्यार्थी को धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। संगठनों का तर्क है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां हर नागरिक को अपनी पसंद का धर्म चुनने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है। उनका आरोप है कि सरकारी तंत्र द्वारा अभ्यास के नाम पर हिंदू धार्मिक मान्यताओं को अन्य धर्म के लोगों पर थोपा जा रहा है, जो धार्मिक स्वतंत्रता का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा- केरल में बिजोय इमानुअल व अन्य ङ्क/स केरल राज्य और अन्य (‹ङ्कक्र 1987 स्ष्ट 748 [3]) में 11 अगस्त 1986 को एक महत्वपूर्ण फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी को भी राष्ट्रगान या कोई भी गीत गाने के लिये बाध्य नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश, बिहार और गोवा की सरकारों ने सूर्य नमस्कार और सरस्वती वंदना आदि को स्कूलों में अनिवार्य करने का प्रयास किया था जिस पर उन राज्यों के उच्च न्यायालयों ने रोक लगा दी थी। उन्होंने बताया- राजस्थान सरकार का यह कदम भी इसी प्रकार का प्रयास है। हमारा मानना है कि राज्य सरकार के शिक्षा निदेशालय का यह आदेश पूर्ण रूप से संविधान विरोधी और राज्य के आपसी प्रेम एवं भाईचारे के वातावरण को नुकसान पहुंचाने वाला है। हमारा यह भी मानना है कि इस आदेश को लागू किया गया तो बच्चों के कोमल मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और उनमें धार्मिक आधार पर विभाजन की भावना पनपेगी।

# बाल सम्प्रेक्षण गृह, अयोध्या में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

## शेल्टर होम्स, अयोध्या का निरीक्षण

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ एक्शन 2024-25 के अनुपालन में राम सुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के निर्देशानुसार आज दिनांक 30.01.2025 को बाल सम्प्रेक्षण गृह, अयोध्या में उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना विषय पर भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं शेल्टर होम्स निरीक्षण समिति द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह एवं नारी शरणालय अयोध्या का निरीक्षण किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर, ज्योत्सना मणि यदुवंशी, अपर सिविल जज सी0डि0/ए0सी0 जे0एम, प्रदीप कुमार, लिपिक, जि0वि0से0 प्रा0 तथा बाल सम्प्रेक्षण गृह, अयोध्या से केयर टेकर एवं बाल अपचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

अपर जिला जज/सचिव द्वारा उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विषय में बताया के कोविड-19 में जो बच्चे अपने माता-पिता को खो चुके हैं उनके जीवन को संवारने हेतु उ0प्र0 सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का शुभारम्भ किया गया है। योजना में 0 से 18 वर्ष ऐसे बच्चे शामिल किये जायेंगे जिनके जिनके माता-पिता दानों की मृत्यु कोविड-19 से हो गयी है या माता-पिता में से एक की मृत्यु मार्च 2020 से पहले हो गयी थी और दूसरे की मृत्यु कोविड काल में हो गयी अथवा दोनों की मृत्यु 01 मार्च 2020 से पहले हो गयी थी और वैध संरक्षक की मृत्यु कोविड काल में हो गयी इसके अलावा से 18 वर्ष के ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविद्ध काल में हो और वह परिवार का मुख्य कर्ता-धर्ता हो और वर्तमान में जीवित में माता-पिता सहित परिवार की आय 2,00,000/- रू9 से अधिक न हो। ऐसे लोगों को योजना में शामिल किया जायेगा। योजना के अन्तर्गत 0 से 10 वर्ष के बच्चों के



वैध संरक्षक के बैंक खाते में 4,000/- रू0 माह दिये जायेंगे। यदि बच्चे के संरक्षक इन विद्यालयों में प्रवेश दिलाना चाहते हैं तो बच्चों की देख-रेख और पढ़ाई के लिये उनको 18 वर्ष का होने तक कक्षा 12 की शिक्षा पूरी होने तक 4,000/- रू0 की धनराशि दी जायेगी बशर्ते बच्चे का किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया हो। कक्षा 09 या इससे ऊपर की कक्षा में अधिवा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को टेबलेट, लैपटॉप की सुविधा दी जायेगी। ऐसे बच्चों की चल-अचल सम्पत्तियों की सुरक्षा के प्रबन्ध होंगे। उन्होंने बताया कि जिला बाल सरंक्षण इकाई व बाल कल्याण समिति द्वारा चिन्हांकन के 15 दिन के अन्दर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करायी जायेगा। निर्धारित प्रारूप पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाइन तरीके से ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम विकास पंचायत अधिकारी, विकासखण्ड या जिला प्रोबेशन अधिकारी कायालय पर जमा करना होगा शहरी क्षेत्र में लेखपाल तहसील या जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में जाम किये जा सकते हैं। माता-पिता की मृत्यु से 02 वर्ष के अन्दर आवेदन तथा अनुमोदन की तिथि से लाभ अनुमन्य होगा।

इसके अतिरिक्त अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर द्वारा बताया गया कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता या जानकारी चाहिए तो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्रि हेल्पलाईन नम्बर-15100 पर कॉल कर तत्काल विधिक सहायता व जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित एल0एस0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से भी आप अपनी समस्याओं का निदान प्राप्त कर सकते है एवं सचिव महोदय द्वारा दिनांक 08.03.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत सके विषय में भी जानकारी प्रदान की गई। शेल्टर होम्स निरीक्षण समिति द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह, अयोध्या की स्वच्छता, किशोर अपचारियों के खाने पीने एवं उनके स्वास्थय के सम्बन्ध में शिक्षा तथा मनोरंजन के साधनों पर जानकारी ली गई एवं हैं। बदलते मौसम के अनुरूप सेहत का ध्यान रखने हेतु एवं उनकी अस्वस्थता पर अविलम्ब चिकित्सा सुविधा दिलवाये जाने हेतु निर्देशित करते हुये आवश्यक निर्देश दिये गये एवं अपर जिला जज / सचिव द्वारा किशोर अपचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी गई एवं पूछा गया कि क्या सभी अपचारियों के पास अधिवक्ता है अथवा नहीं एवं यदि किसी अपचारी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र देकर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर अपनी पैरवी करवा सकते।

# नेहरू युवा केन्द्र अम्बेडकर नगर द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक के लिए आवेदन आमंत्रण

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयए युवा कार्यक्रम विभाग के द्वारा राष्ट्रीय युवा कोर योजना के अन्तर्गत युवाओ को भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन को क्रियान्वित करने तथा स्वयंसेवक समूहों में संगठित करके राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुदृढ़ करने में सहयोग करने हेतु युवाओं की सहभागिता करना चाहती है। जिसके लिए जनपद के युवाओ का राष्ट्रीय स्वयंसेवक के रुप में चयन हेतु नेहरू युवा केन्द्र, अम्बेडकर नगर द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। चयनित राष्ट्रीय स्वयंसेवक को स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, लिंग भेद, अन्य सामाजिक विषयों पर आधारित अभियानों/जागरुकता कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए और विविध कार्यक्रमों के कार्यान्वयन अथवा आपातकाल में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन में सहयोग करने के लिए कहा जा सकता है। जिसके लिए अधिकतम तीन माह तथा न्यूनतम 15 दिन के लिए कुल मिलाकर रु. 5000/- प्रतिमाह की दर से मानदेय दिया जाएगा। यह न तो कोई वेतनभोगी रोजगार है और न ही इससे स्वयंसेवक विधिक रुप से सरकार से किसी प्रकार के रोजगार का दावा करने का अधिकारी नहीं होगा। नेहरू युवा केन्द्र अम्बेडकर नगर की जिला युवा अधिकारी श्रीमती मीनू बोहरा द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक के लिए चयन हेतु युवा न्यूनतम शिक्षा कम से कम स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हों या स्नातक या स्नातकोत्तर हो तथा आयु - दिनांक 01 जनवरी 2025 को 18 से 29 वर्ष के बीच होने चाहिए। विभाग की वेबसाइट www.nyks.nic.in पर योजना का विवरण, आवेदन प्रपत्र दिया गया है तथा इच्छुक युवा नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय में 08 फरवरी, 2025 तिथि तक आवेदन कर सकते है।

# डिंपल यादव ने किया रोड शो मिल्कीपुर में भारी अंतर से चुनाव जीतने का किया दावा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अयोध्या।** अयोध्या की मैनपुरी सीट से लोकसभा सांसद और सपा नेता डिंपल यादव आज मिल्कीपुर उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंची हैं. इस दौरान उनका अयोध्या हवाई अड्डे पर सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। डिंपल यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए मिल्कीपुर में भारी अंतर से चुनाव जीतने का दावा किया और कहा कि मिल्कीपुर से पूरे प्रदेश और देश को संदेश जाएगा। डिंपल यादव जब अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंची तो फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद समेत कई सपा कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए पहुंचे थे।डिंपल यादव ने एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए मीडिया से बात की।उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल हैं और यहां सपा की ही जीत होगी। मैनपुरी सांसद ने कहा, चुनाव अच्छा चल रहे हैं, और समाजवादी पार्टी भारी मतों के अंतर से मिल्कीपुर उपचुनाव जीतने जा रही है। मैं इस बारे में नहीं बता सकती हूं कि कितना वोट मिलेगा लेकिन बहुत अच्छी जीत होगी.और मिल्कीपुर से पूरे प्रदेश और देश को मैसेज देने का काम किया जाएगा. डिंपल यादव ने इस दौरान महाकुंभ की घटना पर दुख जताया और सरकार से मुआवजा बढ़ाने की मांग की।डिंपल यादव ने महाकुंभ में भगदड़ की घटना पर कहा कि ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटना है. हमारी संवेदना पीड़ित परिवारवालों के साथ है, जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है. और जो लोग अस्तपाल में भर्ती है हम ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि वो जल्दी स्वस्थ हों. हम सरकार से मुआवजे की रकम बढ़ाने की माँग करते हैं और जितने भी शव है उन्हें परिजनों को सौंपा जाए। डिंपल यादव आज सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में मिल्कीपुर में रोड शो करेंगी. सपा ने उनके रोड शो के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी 3 फरवरी को मिल्कीपुर पहुंचेगे और सपा प्रत्याशी से समर्थन में चुनाव प्रचार कर माहौल को सपा के समर्थन में करने की कोशिश करेंगे।

## रोशनगढ़ में गड्ढे खोदकर बहा रहे गंदा पानी, जिम्मेदारों ने ओढ़ी लापरवाही की चादर

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** अकबरपुर विकासखंड के ग्राम सभा रोशनगढ़ में सामुदायिक शौचालय का हालत बद से बदतर है। गंदगी एवं शौचालय के अंदर का हालत देखकर खुद शर्म न आए। महिला केयर टेकर को न सफाई किट मिली नहीं बाल्टी मग वाइपर इत्यादि उपलब्ध नहीं था। जब महिला केयर टेकर से शौचालय के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो वह अपने आप को बचाती दिखी ना ही किसी प्रश्न का जवाब दिया सामुदायिक शौचालय के गड्ढे से गंदा पानी मैदान में बहने लगता है जिससे शौचालय के अगल-बगल रहने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ता है, सामुदायिक शौचालय का फर्श टूटा फूटा तथा गंदगी के वजह से वहां उपयोग करने वाले लोगों को डेंगू मलेरिया आने जैसी होने वाली खतरनाक बीमारी हो सकती है।

# ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह खुद उतरे सड़क पर चौराहों की स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं से बातचीत की

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में अमृत स्नान के लिए बुधवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ व आस्था के सैलाब से जिले के सभी हाईवे चोक हो गए। वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई और लोग दिनभर जाम से जूझते रहे। प्रयागराज की ट्रेनें दोपहर तक कैंसिल होने से यात्री परेशान हुए।प्रयागराज में महाकुंभ मेले में मंगलवार रात हुए हादसे के बाद प्रशासन ने जिले की सीमाओं पर वाहनों को रोक दिया। प्रयागराज से श्रद्धालुओं को निकालने के



बंदोबस्त से दोपहर बाद जब हालात कुछ काबू हुए तो रुक-रुककर निजी वाहनों को प्रयागराज की ओर छोड़ा गया। इधर, सीमाओं को सील करने से प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग हलियापुर हाइवे जाम की जानकारी लगते ही जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह व उनके पति ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह खुद सड़क पर उतर गये। श्रद्धालुओं के बीच पहुँचे और चौराहों की स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं से बातचीत की व उनके भोजन पानी का प्रबन्ध कराते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि जल्द ही उन्हें महाकुंभ व अयोध्या के लिए रवाना किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी परेशान न हो प्रशासन के निर्देशों का करें अनुपालन, व्यवस्था बनाने में करें सहयोग। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। हम आपको सुरक्षित आपके गंतव्य स्थान तक पहुंचने में पूरी मदद कराएंगे।



# भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक दल बन चुकी है : त्रयंबक तिवारी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा प्रदेश मंत्री बसन्त त्यागी की उपस्थिति और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। संगठनात्मक बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री बसन्त त्यागी ने कहा कि भाजपा में सभी प्रकार के निर्णय आम सहमति के आधार पर लिए जाते हैं। अन्य दलों में राजशाही की तरह से पार्टी का मुखिया ही निर्णय करता है।आम सहमति के आधार पर सभी प्रकार की निर्णय लेने वाली भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक दल बन चुकी है। भाजपा में लोक तंत्र है और अन्य दलों में राजतंत्र हाबी है। भाजपा प्रदेश मंत्री बसन्त त्यागी के जिले की संगठनात्मक बैठक में पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने बुके और निवर्तमान जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने पट्टिका भेंट कर स्वागत किया। जिला संगठनात्मक बैठक में विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी, अकबरपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा सहित जिला पदाधिकारी शामिल रहे।

# पत्रकार को अपशब्द बोलना पड़ा भारी पंछी क्रूरता समेत कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकरनगर।** तहसील टांण्डा थाना बसखारी क्षेत्र में 29/01/2025 को बिना शासन के परिमिशन के किछौछा खादिम टोला में खेल बुलबुल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था बेजुबान पक्षियो बुलबुल पर सट्टा लगाकर आयोजक मो0 रईस पुत्र मो0 अनीस निवासी किछौछा थाना बसखारी व मो0 आजम पुत्र जैनुद्दीन निवासी किछौछा थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा बुल बुल पक्षियो को आपस



में लड़ाया जा रहा था जिससे बेजुबान पक्षियो को असनीय पीडा हो रही थी। जिस प्रकरण को पत्रकार सैयद शाहनवाज अशरफ ने शोसल मीडिया पर इस खबर को चलाया था जिससे झल्लाए उक्त दो विपक्षीगण एवं 6 अज्ञात व्यक्तियो द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दे रहे थे और शोसल मीडिया पर आपत्ति जनक शब्द का प्रयोग करके विडियो वायरल किया फिलहाल सोशल मीडिया पर खबर प्रकाशित होने के बाद बसखारी पुलिस तत्काल संज्ञान में लेकर प्रतियोगिता को कराया था निरस्त

**पत्रकार के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करने के बाद पत्रकार ने दिया थाने पर दी तहरीर :-**

पत्रकार छवि को धूमिल किया गया और पत्रकार के मान सम्मान को ठेस पहुंचाया गया इसको लेकर पत्रकार ने बसखारी थाने पर दिया था तहरीर बसखारी थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने तहरीर को संज्ञान में लेते हुए तत्काल दो नाम जड़ से अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। विपक्षियो द्वारा 1. मो0 आजम पुत्र जैनुद्दीन के ऊपर बसखारी थाने पर हत्या समेत गौकसी के दर्जनों मुकदमे भी दर्ज है । दो नाम जद 6 अज्ञात के खिलाफ पंछी क्रुरता समेत कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया मुकदमा पंजीकृत करके जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया।

### विज्ञापन का रुपया मांगना पत्रकार को पड़ा महंगा......

# ग्राम प्रधान की तहरीर पर थाना अध्यक्ष ने पत्रकार के ऊपर एनसीआर किया दर्ज

## पत्रकारों में आक्रोश पत्रकार के विज्ञापन के रुपए को दिलाए प्रशासन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के थाना इब्राहिमपुर का गजब का कारनामा सामने प्रकाश में आया है पत्रकार राहुल पांडे ने ग्राम प्रधान से विज्ञापन का रुपया मांगना पड़ा महगां ग्राम प्रधान शिवपूजन विश्वकर्मा काजीपुर ने पत्रकार राहुल पाण्डेय पुत्र सचिदानन्द पाण्डेय के ऊपर लगाया फर्जी आरोप कल दिनांक 27-01-2025 को रात करीब 8.30 बजे मेरे घर पर आया और मेरे घर में घूस गया तथा मुझसे पत्रकार होने का धौस जमाते हुए नये वर्ष और 26 जनवरी के विज्ञापन का पैसा मांगने लगा मैने बताया कि अभी मेरे पास पैसा नहीं है अभी मैं नही दे पाउंगा इस पर गुस्सा कर मुझे गाली गलौज देते हुए हाथापाई करने लगा मेरी पत्नी कृपावती बीच बचाव करने लगी मेरी पत्नी को बुरी नियत से हाथ पकडते हुए धक्का दे दिया पत्नी बगल में गिर गयी तथा अपने पत्रकार होने का धौंस जमाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया ।

**यह बात किसी से नहीं छुपा है कि ग्राम प्रधान सरकार के धन पर आइसो आराम कर रहा है विकास के नाम पर सिर्फ कागज दौड़ता है :-**

गांव की जनता में चर्चा होती है ग्राम प्रधान विकास के नाम पर सरकारी धन को बंदर बात भी करते हैं सरकार के धान की बंदर बांट करके आइसो आराम की जिंदगी करते हैं विकास को दूर रहता है वही ग्राम प्रधान बताता है कि मैं सम्मानित व्यक्ति हूं अगर पांच वर्षों की जांच हो जाए सही से तेरे फंसते नजर आएंगे। अगर इन्होंने कभी पत्रकार से विज्ञापन छपवा लिया तो कई कई महीने तक इनका विज्ञापन देने के लिए रुपए नहीं रहते अगर ग्राम प्रधान की सही से जांच हो जाए तो आए दिन ग्राम पंचायत में बवाल करते रहते हैं और थाने में बैठकर दलाली भी करते हैं। ऐसे चलते हैं ग्राम पंचायत का राज राजाओं में कनवा राजा ग्राम प्रधानों को ऐसा लगता है मुझे बड़ा राजा कौन है जबकि जनता जब चाहे तब उसे कुर्सी से हटा सकती है। जबकि अगर देखा जाए तो शाम को ग्राम प्रधान दारू के नशे में ही मिलेंगे। यह मैं नहीं कह रहा जो पत्रकार विज्ञापन मांगने गया था वह बता रहा था कि वह दारू पीकर नशे में लेटा था क्या ग्राम प्रधान के पास दारु पीने के लिए पैसा था विज्ञापन देने के लिए कई कई महीने चलाया रहा था यह ऐसे बहुत से सवाल बना हुआ आखिर ऐसे प्रधानों की जांच ढंग से होनी चाहिए अगर शाम को यह सब दारू पी के मिले तीन लोगों के सलाखों के पीछे कर देना चाहिए।।

**थाने के दलाल ग्राम प्रधान ने थानों की कमाई बढ़ा देते की क्योंकि आए दिन या ग्राम पंचायत से मामले देते रहते हैं :-**

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी का सख्त आदेश निर्देश भी है की पत्रकार और पत्रकार के परिवार के मामले में पूरी तरह से छानबीन कर ही कोई कार्रवाई का निर्णय लिया जाए। लेकिन थाना अध्यक्ष को ग्राम प्रधान फायदा पहुंचाते हैं तो ग्राम प्रधान का ही सुनवाई होती है पत्रकार के क्यों सुनेंगे पत्रकार तो सच्चाई ही लिखता है थाना अध्यक्ष भी प्रधान के अकूत कमाई ऊपर ऐश करता जिसका भंडाफोड़ मीडिया ही करती है।

**अब पत्रकार भी देंगा तहरीर विज्ञापन का पैसा दिलाए प्रशासन :-**

जो ग्राम प्रधान सचिव 6 महीने तक विज्ञापन का रुपया नहीं दिए हैं पत्रकार भी मन बना लिए की सभी थाने तहरीर देंगे विज्ञापन का रुपया दिलाए प्रशासन पत्रकार को क्या जरूरत है धमकी देने की अब यह काम प्रशासन ही करें तो बड़ा बेहतर होगा जिस तरीके प्रशासन पत्रकारों के ऊपर मुकदमे पंजीकृत कर रहा है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन को ऐसे मामले को गंभीरता से लेना चाहिए इसमें सच्चाई क्या है विज्ञापन छपा तो रुपया प्रधान ने क्यों नहीं दिया ।ग्राम प्रधान के द्वारा ऐसी तस्वीरों पर ऐसे प्रधानों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि ग्राम प्रधान सरकार के रुपए का भी दोहन करता है। आखिर 6 महीना तक विज्ञापन का रुपया देने के लिए पत्रकार को क्यों लटकाते है फिलहाल अब देखना यह होगा क्या पत्रकारों के तहरीर पर विज्ञापन का पैसा दिलाने का काम करेगी पुलिस प्रशासन यह देखने वाली बात होगी। मामले में इब्राहिमपुर थाना अध्यक्ष से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

## जिला अस्पताल में नदारद हैं कई ग्रुप के खून, बढ़ी मुश्किल

दैंनिक केसरियां हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में कई ग्रुप का खून न होने से जरूरतमंद मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ब्लड बैंक में ए पॉजटिव, बी नेगेटिव, ओ निगेटिव व एबी निगेटिव ग्रुप का खून नहीं है। ऐसे में संबंधित ग्रुप के जरूरतमंदों को खून के लिए रिश्तेदारों या परिचितों का सहारा लेना पड़ रहा या फिर निजी फर्मों से रक्त की उपलब्धता करानी पड़ रही है। वहीं ए निगेटिव व ओ पॉजिटव ग्रुप के खून अत्यंत कम मात्रा में है। जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक अक्सर खून की अनुपलब्धता से जूझता रहता है। इसके चलते जरूरतमंदों को अक्सर इसके लिए परेशान होना पड़ता है।

# खंड विकास अधिकारी ने प्रेरणा पोर्टल पर पांच विद्यालयों का किया निरीक्षण




केसरिया हिन्दुस्तान
मोहित यादव लव

अलीगंज खंड विकास अधिकारी ने अलीगंज क्षेत्र के पांच विद्यालयों का प्रेरणा पोर्टल पर निरिक्षण किया निरीक्षण के दौरान कुछ खामिया पायी गयी वही उच्च प्राथमिक विद्यालय मितौलिया पर पहुँचे तो विद्यालय के बच्चों ने शौचालय की शिकायत की वास्तविक शौचालय खराब पाए गए. शौचालय ठीक कराये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिये गए.गुरुवार को खंड विकास अधिकारी गोपाल गोयल ने अलीगंज क्षेत्र के पांच विद्यालयों का प्रेरणा पोर्टल पर निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय सारोतिया पर दो शिक्षामित्र अनुपस्थित पाए गए प्राथमिक विद्यालय नथुआपुर पर शिक्षामित्र अनुपस्थित थी निरीक्षण के दौरान आ गई थी वीडियो द्वारा कार्यवाही करते हुए प्रेरणा पोर्टल पर शिक्षामित्र की अनुपस्थिति दर्ज कराई गई।वहीं नथुआपुर प्राथमिक विद्यालय पर शिक्षामित्र अनुपस्थित पाई गई।जब उनको जानकारी हुई तो महिला शिक्षा मित्र गीता विद्यालय पहुंची गयी वही गोपाल गोयल ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय किशनपुर पर पहुँचे वहाँ पर विद्यालय में प्रधानाध्यापक हस्ताक्षर कर चले गए जब पता किया तो बताया कि बी.आर. सी. अलीगंज पर गए है मेने कहा कि फोन से मेरी बी. आर. सी पर बात कराओ तो वे बात नहीं करा सके.

# अपनों की आस में खुले आसमान के नीचे ठिठुर रहे लोगों पर सपा नेता ने ओढ़ाई कंबल

## जात पात से ऊपर उठकर सपा नेता ने पेश किया मानवता की मिसाल शोसल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही लोगों ने खूब सराहा

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ
कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान



**कौशांबी।** महाकुंभ में मचे भगदड़ की खबर बहुत ही दुखद है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन बुधवार को महाकुंभ मेला में भगदड़ मच गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए।भगदड़ की घटना उस समय हुई जब श्रद्धालु और संत पवित्र स्नान के लिए संगम की ओर बढ़ रहे थे। टेंट सिटी में श्रद्धालुओं की अचानक उमड़ी भीड़ के कारण अफरा-तफरी मच गई। कथित तौर पर उनमें से कुछ ने %संगम% तक पहुंचने के लिए बैरिकेड्स तोड़ दिए, जिससे वहां भगदड़ मच गई।लोग अपनो की तालाश में जगह जगह भटक रहे हैं।उनकी खोजबीन में रात दिन एक किए हुए हैं।पूरे प्रयागराज की गालियां भरी पड़ी है।श्रद्धालु जहां जगह पा रहे हैं वहीं पर बिस्तर लगाकर सो जा रहे हैं। खुले आसमान के नीचे श्रद्धालु ठिठुर रहे थे। इसकी जानकारी जैसे ही समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव (लोहिया वाहिनी ) हाजी आवेश हसन को हुई तो उनसे रहा नही गया।जात पात से ऊपर उठकर उन्होंने मानवता को श्रेष्ठता देते हुए सैकड़ो कंबल खरीदे और अपने बेटे के साथ निकल पड़े। रात के 12 बजे वो घंटाघर गए और खुले आसमान के नीचे ठिठुर रहे सैकड़ो श्रद्धालुओं के ऊपर कम्बल डालना शुरू कर दिए।

**कुछ श्रद्धालुओं की नींद खुली तो वह आश्चर्य चकित हो गए।और कहे की - भगवान आपको खुश रखे।**

सपा नेता हाजी आवेश हसन ने भगदड़ में खत्म हुए सभी मृतकों के प्रति दु:ख प्रकट किए और उनके पक्ष में ईश्वर से प्रार्थना किए।उन्होंने बताया की मानव सेवा जात देखकर नहीं किया जाता। मानवता वास्तव में इंसानियत, दया, परोपकार और भलामानस का गुण है, जो हमें इंसान बनाते हैं।मानवता के मूल तत्वों में ईमानदारी, कर्त्तव्य परायणता, प्रेम, दया, त्याग, करुणा, शुद्धता, अहिंसा, सत्य और नैतिकता जैसे भाव शामिल हैं। ये गुण हमें एक अच्छा इंसान बनने में मदद करते हैं और हमें दूसरों के प्रति प्यार और करुणा रखने की प्रेरणा देते हैं। सपा नेता हाजी आवेश मूलत: करारी कस्बे के हजरतगंज के रहने वाले हैं।उन्होंने इलाहबाद यूनिवर्सिटी से छात्र नेता से अपनी राजनीति शुरू किए हैं। 22 सालो से वह समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं।

**पूर्व मुख्यमंत्री के आदेशों का किया गया पालन - हाजी आवेश :** गौरतलब है की दो दिन पूर्व महाकुंभ में ऊपर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव स्नान ,दर्शन हेतु आए थे। स्नान के बाद वह अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं से भेंट किए।उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं से साफ तौर पर अपील किया की सभी कार्यकर्ता महाकुंभ में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सेवा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़े।सपा नेता हाजी आवेश हसन ने बताया की श्रद्धालुओं की सेवा करने के लिए उन्हे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से प्रेरणा मिली है।उन्ही के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं की सेवा किया जा रहा है।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फीता काट कर किया शुभारम्भ

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**औरैया।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेन्द्र कुमार सिंह ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान ( 30 जनवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक) का फीता काट कर शुभारम्भ किया तथा कुष्ठ रोगियों के साथ समाज मे भेदभाव समाप्त करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि जनपद में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान दिनांक 30 जनवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक चलाया जायेगा तथा गॉव-गॉव में आशाओं, एवं ग्राम प्रधान आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा । इस अवसर पर कार्यालय में उपस्थित कुष्ठ रोगियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी औरैया डा0 सुरेन्द्र कुमार सिंह, डा0 शिशिरपुरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी औरैया, डा0 अजय कुमार मिश्रा, जिला कुष्ठ अधिकारी औरैया, डा0 अशोक कुमार, उप जिला कुष्ठ अधिकारी औरैया एवं डा0 मनोज कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा कुष्ठ रोगियों को कम्बल, एम0सी0आर0 चप्पल आदि का वितरण किया गया । उक्त कार्यक्रम में डा0 विशाल अग्निहोत्री, जिला कुष्ठ परामर्शदाता, अनूप गुप्ता, फिजियोथेरेपिस्ट, प्रमोद कुमार, एन0एम0एस0 संदीप कुमार आदि स्टाफ उपस्थित रहें।

# क्रूज और मोटर वोट संचालन का मथुरा में बढ़ा विरोध-आक्रोश

## विश्राम घाट पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता और निषाद समाज नेता ने नाविकों संग की बैठक, 31 जनवरी से नाव बंद हड़ताल शुरू

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/
नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** वृंदावन में क्रूज और मोटर बोट संचालन के विरोध में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है, मथुरा के विश्राम घाट के सामने यमुना घाट पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और निषाद समाज के नेता कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व में समर्थन सभा का आयोजन यमुना तट पर सैकड़ो की संख्या में निषाद मल्लाह समाज के लोगों ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार नाव के माध्यम से अपनी आजीविका चलाने वाले नाविक समाज के लोगों का रोजगार छीन रही है, हमने अनेकों बार शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्या से अवगत कराया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, यदि तत्काल प्रभाव से क्रूज और मोटर बोट बंद नहीं हुई तो किसी भी दिन हमारा धैर्य आक्रोश में बदल सकता है, जिसके लिए प्रशासन हमें मजबूर कर रहा है।

श्री निषाद ने सभी नाविकों को सरकारी मनमानी के विरोध में नाविकों से हड़ताल करने का आह्वाहन किया। बलवीर निषाद ने कहा कि हम शांति पूर्वक अपना आंदोलन चला रहे हैं लेकिन फिर भी हमारे ऊपर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं हमारी रोजी रोटी पर संकट है हम अपनी जान दे देंगे लेकिन अपना हक किसी और को नहीं देंगे। रवि निषाद ने सभी नाविकों से नाव बंद हड़ताल करने का प्रस्ताव रखा जिसे सभी नाविकों ने एक स्वर में हाथ उठाकर समर्थन दिया और दिनांक 31 जनवरी से नाव बंद हड़ताल की घोषणा की। सभा के बाद देवेन्द्र निषाद ने समर्थन देने के लिए सभी नाविकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

समर्थन सभा में देवेंद्र निषाद, मक्खन निषाद, लेखू निषाद, लखन निषाद, रामनिवास निषाद, पप्पू निषाद, जयंती निषाद विष्णु निषाद, सोनू निषाद, ओमी निषाद, मनमोहन निषाद, अजय निषाद, विष्णु निषाद, दीपू निषाद, कल्लू निषाद, मूलन निषाद, आकाश निषाद, फतेह निषाद, चंद्र मोहन निषाद, लांचो निषाद, मोहन सिंह निषाद, पिंटू निषाद, जयदेव निषाद, राजेंद्र निषाद, दिलीप निषाद, बबलू निषाद, रॉकी निषाद, श्रीनाथ निषाद, बंटी निषाद, मनोज निषाद, होरीलाल निषाद, गगन निषाद, राजा निषाद सहित सैकड़ों लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# रुपया छीन कर भाग रहे शातिर चोर को लोगों ने खदेड़ कर पकड़ा



## जमकर धुनाई करने के बाद किया पुलिस के हवाले

राधेश्याम गुप्ता व्यूरो चीफ
अंशु कुमार

**मधेपुरा** मामला मधेपुरा जिला के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के दुर्गा स्थान से दक्षिण रेलवे दल के समीप का है जहां रजनी मलिक निवासी राजकुमार यादव की पत्नी गुड़िया कुमारी मुरलीगंज है बाजार स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया से 11000 रुपया की निकासी कर अपने संबंधी पप्पू कुमार के साथ अपने घर के लिए जाने को निकली इसी क्रम में अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो सातिर चोरों ने मुरलीगंज रेलवे ढाला के समीप गुड़िया कुमारी के हाथ से रुपए का थैला छीनकर भागने लगा इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चोरों का पीछा किया और गोल बाजार में एक चोर को खदेड़ कर पकड़ लिया जबकि दूसरा कर भागने में कामयाब रहा, पकड़े गए चोर की लोगों ने जमकर धुनाई कर दी। पकड़ाए चोर ने अपना नाम स्वर्गीय ऋषि कुमार के पुत्र पिशु कुमार बतलाया, घटनास्थल से फरार अपने दूसरे साथी का नाम रौतारा वार्ड नंबर एक निवासी राजा कुमार बताया और घर कटिहार जिला के रौतारा दुर्गा मंदिर के समीप बताया। प्रशासन के आने तक चोर को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर रक्खा, बाद में प्रशासन चोर को अपने साथ ले गए।

# महात्मा गांधी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को दी एक नई दिशा : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

## उपायुक्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान



नूंह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में वीरवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गांधी की विचारधारा और उनके संघषों को याद करते हुए उनकी प्रेरणा से मार्गदर्शन प्राप्त करने का संकल्प लिया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी और उनका योगदान आज भी हर भारतीय के दिल में अमिट है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीदों को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। राष्ट्र की सेवा में दिए गए बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता का भी संकल्प लिया।

# तेलंगाना जन चैतन्य नाई ब्राह्मण सेवा संगम के तेलंगाना प्रदेश महासचिव पद पर श्री अशोक कुमार सेन की नियुक्ति किया गया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा



(**झुंझुनूं**) यह जिम्मेदारी उन्हें तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविन्द बरूंश आनंद कुमार द्वारा सौंपी अशोक सेन मूल रूप से राजस्थान के झुन्झुनू पचेरी कला के निवासी हैं। वर्तमान में वे हैदराबाद शहर में भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं और राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संघ के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष का पदभार भी संभाल रहे हैं। अशोक सेन ने अपनी निष्ठा और समर्पण से समाज सेवा को नई दिशा देने की इच्छा जताई है। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम जोड़ने और समाज को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने की शपथ ली है।

# गणतंत्रता दिवस समारोह में श्रीज्ञानेन्द्रा स्कूल के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन
ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा



## हमारा उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई बोझ ना लगें- बलिन्द्र नैन

नरवाना।उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस पूरी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । स्थानीय नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप अग्निहोत्री ने ध्वजारोहण किया और भव्य परेड का निरीक्षण किया। समारोह में एसडीएम दलजीत सिंह एवं डीएसपी अमित भाटिया विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में सब डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट श्री संदीप जाखड़ व ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री अश्वनी गुप्ता की गरिमामई उपस्थिति रही। समारोह में मंडल के विश्वविद्यालय, आईटीआई व बहुत से स्कूलों ने हिस्सा लिया। जिसमें श्री ज्ञानेंद्रा पब्लिक स्कूल कालवन के विद्यार्थियों ने अपनी परेड से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया व चौथे स्थान पर रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य स्वीटी भाटिया ने विद्यार्थियों को बधाई दी व सभी विद्यार्थियों का होंसला बढ़ाया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ खेलों, कला व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी आगे रहते हैं। विद्यालय के एमडी बलिन्द्र नैन ने कहा कि हमारे विद्यालय का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखार कर उन्हें मंच प्रदान करना है। एमडी ने बताया कि विद्यालय में मनोरंजन व सहासिक गतिविधियां होती रहती है ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई बोझ न लगे। उनका व उनके पूरे स्टाफ का उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देना व उनका सर्वागिण विकास करना है।

# मानसिक तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है सूर्य नमस्कार : डॉ. यशबीर गहलावत

नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

**नूंह** आयुष विभाग नूंह तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा.यशबीर गहलावत के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिला नूंह में यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जयंती से स्वामी महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती तक 12 जनवरी से 12 फरवरी तक सूर्य नमस्कार अभियान-2025 चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले भर के सभी शिक्षण संस्थानों, व्यायाशालाओं, औषधालयों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सूर्य-नमस्कार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा.यशबीर गहलावत ने बताया कि गांव-2 में सूर्य-नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित करके सूर्य-नमस्कार को जिले के प्रत्येक गांव व प्रत्येक व्यक्ति तक पहुचाया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर आयुष विभाग में कार्यरत योग सहायक व योग प्रशिक्षक गांव-2 जाकर सूर्य-नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार के दौरान उदर के अंगों की स्ट्रेचिंग होती है जिससे पाचन तंत्र सुधरता है, जिन लोगों को कब्ज, अपच या पेट में जलन की शिकायत होती है। सूर्य नमस्कार मानसिक तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। इसे करने से मस्तिष्क शांत होता है और मेंटल फोकस बढ़ता है। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है। इससे शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जो मानसिक और शारीरिक दोनों रूपों में सशक्त बनाता है।

# कलेक्टर दीपक सोनी और अधिकारी कर्मचारियों ने शहीदों की स्मृति में दी श्रद्धांजलि

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरी हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों क़ी आहुति देने वाले शहीदों क़ी समृति में 30 जनवरी क़ो सुबह 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में दो मिनट क़ा मौन धारण कर अधिकारी कर्मचारियों नें श्रद्धांजलि दी। कलेक्टर दीपक सोनी सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी क़ी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इसके साथ ही जिले के अन्य सभी कार्यालययों में भी मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोनी ने नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति संकल्प हेतु उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों क़ो शपथ दिलाई। हस्ताक्षर अभियान अंतर्गत अधिकारी कर्मचारियों नें हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे डिप्टी कलेक्टर रंजना आहुजा सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विदेशियों ने की महाकुंभ की व्यवस्था में जुटे सभी कर्मचारियों की तारीफ, बताया अनुशासित और दक्ष

## यूएसए, रूस और सेंट्रल एशिया से बड़ी संख्या में विदेशी तीर्थयात्रियों ने महाकुम्भ में लगाई है पुण्य की डुबकी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**प्रयागराज शनि कुमार यादव**

**महाकुम्भनगर, ।** प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 आस्था, भक्ति और संस्कृति का अद्वितीय संगम बन चुका है। इस भव्य आयोजन में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ रहा है। हर किसी के मन में आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। सभी संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना कर रहे हैं। इस दौरान विदेशी तीर्थयात्री भी महाकुम्भ की अद्भुत व्यवस्था से अभिभूत नजर आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा किए गए बेहतरीन प्रबंधों की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की है।

**अमेरिका से आए श्रद्धालु ने बताया अविश्वसनीय :** महाकुम्भ में शिरकत करने पहुंचे विदेशी श्रद्धालु भी यहां की व्यवस्था से काफी प्रभावित हैं। अमेरिका के हवाई से आए एक श्रद्धालु ने कहा कि यह कल्पना से परे है कि इतने अधिक लोग एक साथ एकत्रित होकर आस्था के इस महासंगम में शामिल हुए हैं। इतनी विशाल संख्या में लोगों और यहां के बुनियादी ढांचे को देखते हुए, यह अविश्वसनीय है कि सरकार इसे इतनी कुशलता से संचालित कर पा रही है। हर कोई एक-दूसरे की सहायता करता दिख रहा है।

**यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव :** फ्लोरिडा, अमेरिका से आई मारिया ने कहा



कि वह 12 साल पहले भी कुंभ मेले में आई थीं और इस अनुभव ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि वे इसे फिर से देखने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव है। मैं पिछले 26 वर्षों से हर साल भारत आती हूं और यहां की संस्कृति से प्रेम करती हूं। पुलिस प्रशासन ने जिस तरह भीड़ को संभाल रखा है, वह प्रशंसनीय है।

**यहां का माहौल बहुत ही सुरक्षित और पवित्र :** रूस के मॉस्को से आई जूलिया ने कहा कि हम पहली बार महाकुम्भ में आए हैं और यहां की व्यवस्था से बहुत प्रभावित हैं। यहां का माहौल बहुत ही सुरक्षित और पवित्र है। इतने विशाल आयोजन को जिस प्रकार प्रशासन ने व्यवस्थित किया है, वह अविश्वसनीय है।

**महादेव की कृपा से यहां पहुंच पाई :** अल्माटी, कजाकिस्तान से आई अलेना ने कहा कि यह मेरा सपना था कि मैं कुंभ मेले में आऊं। मैं महादेव की कृपा से यहां पहुंच पाई और इस अनुभव को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। वहीं पंजाब के पठानकोट से आई अंजू ने कहा कि प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों को हर संभव सहायता दी जा रही है। हमें अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

बता दें कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस विराट आयोजन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। महाकुम्भ के दौरान लाखों-करोड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन संगम तट पर स्नान करने के लिए उमड़ रहे हैं, लेकिन इतनी बड़ी भीड़ को संभालने में प्रशासन ने जिस दक्षता और अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। सरकार ने महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का भी भरपूर उपयोग किया है। भीड़ प्रबंधन के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है, जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। सरकार द्वारा की गई इन व्यवस्थाओं का ही परिणाम है कि न केवल भारतीय श्रद्धालु बल्कि विदेशी पर्यटक भी इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने और अनुभव करने के लिए बड़ी संख्या में उमड़ रहे हैं।

# महात्मा गांधी को महान योगदान, सत्य और अहिंसा के प्रति समर्पण पर सदैव याद किया जायेगाः डीएम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**फैसल कुरैशी**



**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में गुरुवार 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सीपी सिंह सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने 02 मिनट का मौन धारण किया। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की शिक्षाएं आज भी दुनिया भर में न्याय और शांति के आंदोलनों को प्रेरित करती हैं। महात्मा गांधी को उनके महान योगदान, सत्य और अहिंसा के प्रति समर्पण पर सदैव याद किया जायेगा । महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सत्य व अहिंसा के प्रति बापू के विचार ना केवल भारत का बल्कि पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करते हैं। 30 जनवरी का दिन प्रत्येक भारतवासी के लिए काले अध्याय से कम नहीं है। यही वह दिन है साबरमती के संत ने हे राम कहकर इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इस दिन उनके आदर्शों व विचारों को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने चाहिए।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व योगानंद पांडेय अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार वरिष्ठ कोषाधिकारी मुन्ना लाल शुक्ला डिप्टी कलेक्टर अजीत कुमार जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आज निकलेगी श्री परिवार की भव्य कलश यात्रा

## प्रेस वार्ता कर दी गई कार्यक्रम की जानकारी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**मुरादाबाद-** श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट द्वारा दिनांक 31 जनवरी से 4 फ़रवरी तक आयोजित होने वाली कथा एव महायज्ञ हेतु प्रेस वार्ता हुई जिसमे संस्था के महामंत्री राजीव अग्रवाल मल्लू ने बताया की कल प्रातः 10 बजे विशाल कलश यात्रा एवरग्रीन कंपाउंड से चल कर शहनाई मंडप शनि मंदिर होते हुए एवरग्रीन कंपाउंड आयेगी। नित्य प्रातः कालीन सत्र में महायज्ञ एव सांय कालीन कथा में वृंदावन से पधारी बाल व्यास देवी देविका दीक्षित करेंगी। इस दौरान प्रेस वार्ता में वरिष्ठ निर्यातक एवं समाजसेवी पुनीत बंसल ने बताया कि 4 फरवरी को एक विशेष आयोजन किया जा रहा है जिसमें एक महायज्ञ हिंदू राष्ट्र के नाम का होगा। महानगर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शहर के लोग इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर भाग ले जिससे कि हिंदू राष्ट्र की मांग तेज हो सके। इस अवसर पर बताया गया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान पुनीत बंसल एवं श्वेता बंसल संयुक्त रूप से रहेंगे। इस अवसर पर पुनीत बंसल,सुधीर श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास्तव, दिनेश अग्रवाल, अवनीश सक्सेना, दिनेश अग्रवाल, तनु सम्राट, विकास ममगई रहे ।

# उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने थाना गोविंद नगर का किया वार्षिक निरीक्षण

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**फैसल कुरैशी**



मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गोविन्दनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया जिसमें थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेखों के रख-रखाव, महिला हेल्पडेस्क, मालखाना, हवालात, मैस, बैरक, विवेचना कक्ष तथा आवास आदि का निरीक्षण किया गया व आम जनता की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कार्यालय पर स्थित आगुन्तक कक्ष का निरीक्षण कर प्रतिदिन आने वाली शिकायतों एवं निस्तारण के स्थिति की जानकारी ली। उसके बाद उन्होंने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, आईजीआरएस कार्यालय, जन शिकायत प्रकोष्ठ, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, रिकॉर्ड रुम, पत्रावली शाखा, डीसीआरबी शाखा, विशेष जांच अभिसूचना इकाई कार्यालय आदि शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाखाओं में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों से वार्ता कर उनके कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान शाखाओं के अभिलेखों के रख-रखाव को चेक किया गया तथा साफ-सफाई रखने तथा थाने पर आने वाले फरियादियों को तुरंत सहायता मिले इसको लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

# थाना ककरवई के अंतर्गत ग्राम डुमरई में सुने मकान में लाखों की चोरी



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी**

मामला झांसी जिले के ककरबई थाना अंतर्गत ग्राम डुमरई का है जहां कुंभ स्नान प्रयागराज गए दंपति के घर लाखों की चोरी हो गई। पीड़ित हरनारायन सिंह उर्फ सोनू पुत्र रघुवीर सिंह ने बताया कि वह 28 तारीख को मौनी अमावस्या पर परिवार सहित कुंभ गए थे जब वह 30 तारीख को सुबह 4ः00 बजे घर वापस आया तो घर के अंदर के कमरे के ताले टूटे हुए थे ।जब उसने अंदर जाकर देखा तो दोनों बक्से खुले पड़े थे और कमरे का सामान अस्त व्यस्त पढ़ा हुआ था। वहीं पीड़ित ने बताया कि चोरों द्वारा घर मैं घुसकर हार,अंगूठी, झुमकी, चूड़ी,पैंडिल, नथ सहित सोने व चांदी के लाखों रुपये आभूषण एवं 25000 नगद रुपए एवं एक मोबाइल चोरी कर ले गए। पीड़ित व्यक्ति द्वारा चोरी की सूचना ककरवई पुलिस एवं डायल 112 को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश में जुड़ गई है। वहीं पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर चोरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर चोरी हुआ माल वापस दिलाने की मांग की।

# शहीद दिवस पर 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को किया नमन

**केसरिया हिन्दुस्तान**
**मोहित यादव लव**




**अलीगंज।** कोतवाली अलीगंज परिसर में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्राधिकारी अलीगंज और कोतवाली प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी साथ ही पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया।गुरुवार को कोतवाली अलीगंज परिसर में क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर और थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर की अध्यक्षता में शहीद दिवस पर शहीदों को याद किया गया और 2 मिनट का मौन धारण किया साथ ही शहीदों के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर ने पुलिस कर्मियों को संबोधित कर कहा कि देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को मेरा शत-शत नमन है। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गांधी जी के इस बलिदान की याद में और उन्हें सम्मान देने के लिए प्रत्येक साल 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी शहीदों को भी याद किया जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी पुलिसकर्मियों ने शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर, थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर, एसआई हिरदेश दुबे और एसआई अवधेश दुबे सहित,एस आई अरविंद कुमार,एस आई राजीव पवार के अलावा समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# भूमाफियाओं के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई : पवन चतुर्वेदी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**फैसल कुरैशी**



भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने अपने एक बयान में कहा मथुरा महानगर के अंतर्गत आने वाले मसानी लिंक रोड से लेकर गोकुल रेस्टोरेंट मार्ग तक आजमपुर सराय ग्राम पंचायत थी जो वर्तमान में मथुरा वृंदावन नगर निगम में आती है यहां पर मथुरा वृंदावन नगर निगम की गोचर व बंजर भूमि थी जिस पर भू माफिया ने कब्जे कर रखे हैं अधिकांश गोचर व बंजर भूमि को भूमाफियाओं ने घेर रखा है जिसमें एक प्रतिष्ठित स्कूल भी है

बंजर भूमि गोचर भूमि को भू माफियाओं से मुक्त करने की मांग लिए मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय में तीन बार ज्ञापन दिए गए थे लेकिन 4 महीने में कुछ भी नहीं हुआ नगर निगम के किसी भी अधिकारी ने जांच भी नहीं की जब की 80 परसेंट बंजर व गोचर भूमि भू माफियाओं के कब्जे में है लेकिन जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है मथुरा महानगर में भू माफिया निरंतर सरकारी जमीनों को कब्जा रहे हैं मथुरा महानगर के मसानी लिंक रोड स्थित गोचर व बंजर भूमि की निष्पक्ष जांच करा कर दोषी भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए मथुरा जनपद में नहर रजवाहा माइनरों पर जो अवैध कब्जे हैं उनकी भी निष्पक्ष जांच की जाए जो भू माफिया सरकारी संपत्तियों पर कब्जे कर रहे हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए दिनांक 4 फरवरी 2025 को भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन कर भू माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगे

# ट्रैक्टर ट्रॉली ने मारी स्कूटी सवार छात्रा को टक्कर. एक छात्रा की मौके पर मौत एक घायल

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मुरादाबाद में गुरुवार सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार छात्रा की मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर सवार उसकी बहन गंभीर रूप से घायल है। हादसे के भीड़ ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को सीज किया है। हादसा मुरादाबाद-आगरा स्टेट हाईवे पर बिलारी में सतारन मोड़ के पास हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने सतारन मोड़ पर स्कूटी से आई दो छात्राओं को कुचल दिया। इनमें से एक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि दूसरी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि स्कूटी पर अनामिका और उसकी बहन काजल सवार थे। दोनों सगी बहनें हैं। हादसे के समय दोनों स्कूटी से ।।स्‍ बाल विद्या मंदिर स्कूल जा रही थीं। दोनों छात्राएं बिलारी के गांव सतारन की रहने वाली थीं। हादसे में छोटी बहन अनामिका की मौत हो गई। जबकि उसकी बड़ी बहन काजल अस्पताल में भर्ती है।

# मिशन समाधान के तहत जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने विवादों का कराया निस्तारण

**विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**औरैया ।** जिलाधिकारी डॉ0 इंद्रमणि त्रिपाठी ने मिशन समाधान के तहत सरकारी भूमि, चकरोड तथा नाली/कूल, तालाब , आवासीय पट्टों सहित अन्य सरकारी भूमि पर किसी के द्वारा किए गए अवैध कब्जा एवं आपसी विवादों को निस्तारित कराने के लिए तहसीलवार गठित राजस्व व पुलिस की टीमों द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाहियों के तहत तहसील अजीतमल के ग्राम अनुरुद्धनगर में पहुंचकर आवादी की भूमि को दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का निस्तारण कराया एवं ग्राम रामनगर में 35 वर्ष पुराने चकमार्ग के विवाद के निस्तारण हेतु नपती कराकर कब्जा मुक्त कराने के साथ ही चकमार्ग को मनरेगा से बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि कब्जा मुक्ति व आपसी मामलों के निस्तारण को नियमानुसार एवं निष्पक्षता के साथ करते हुए स्थाई समाधान सुनिश्चित करें, जिससे



पुनः अवैध कब्जा/ विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही की फोटो/ वीडियोग्राफी भी कराये और यदि निस्तारण के उपरांत किसी के द्वारा कोई विवाद पैदा किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व लेखपाल को निर्देशित किया कि मिशन समाधान के अंतर्गत सतत प्रक्रिया संचालित रखते हुए सरकारी भूमि, चकरोड, नाली/कूल, कृषि भूमि एवं ग्राम पंचायत की भूमि आदि के अवैध कब्जों के साथ-साथ आम जन के आपसी भूमि विवादों को भी नियमानुसार कार्यवाही करते हुए स्थाई समाधान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अजीतमल गरिमा सोनाकिया, तहसीलदार अजीतमल जितेश वर्मा, थानाध्यक्ष, लेखपाल, राजस्व व पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।